CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 30° C
न्यूनतम : 21° C

नई दिल्ली, मंगलवार 12 मई 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 24 अंक 34 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2083 24 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मंत्रिमंडल विस्तार का सकारात्मक असर आमजन के जीवन पर पड़े, तो बेहतर: माया पेज 2




अश्लील भाषा के इस्तेमाल पर आरसीबी के कोच एंडी फ्लावर पर लगा जुर्माना खेल टाइम्स



दयालुता मानवता का सबसे बड़ा सौंदर्य, इसे बनाए रखें सम्पादकीय



ईरान ने अमेरिकी योजना को किया खारिज पेज 12

# टीएमसी 31 सीटों के नतीजों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि बंगाल में सीटों पर जीत का अंतर एसआईआर में कटे वोटों से कम मामले में ममता बनर्जी और अन्य लोग नई याचिकाएं दाखिल कर सकते हैं।'

टीएमसी ने दावा किया है कि हालिया विधानसभा चुनाव में 31 सीटों पर जीत का अंतर, स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दौरान हटाए गए वोटों की संख्या से कम था। दरअसल, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच बंगाल में एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। इसी दौरान टीएमसी सांसद और वकील कल्याण बनर्जी ने बागची की उस टिप्पणी का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि अगर जीत का अंतर हटाए गए वोटों से कम है, तो अदालत शिकायतों पर विचार कर सकती है। चुनाव आयोग अधिवक्ता डीएस नायडू ने कहा कि इसका उपाय चुनाव याचिका है। एसआईआर से जुड़े मुद्दों और मतदाता सूची संशोधन के दौरान वोट जोड़ने या हटाने के खिलाफ अपीलों के लिए ही चुनाव आयोग को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। टीएमसी के वकील कल्याण बनर्जी ने कहा कि मेरे एक उम्मीदवार 862 वोटों से हारे, जबकि दिलचस्प बात यह है कि उस निर्वाचन क्षेत्र में एसआईआर के दौरान 5,550 वोट हटा दिए गए थे। ऐसी 31 सीटें हैं, जहां जीत का अंतर हटाए गए वोटों से कम था। हालांकि लिस्ट नहीं दी। टीएमसी और भाजपा के बीच कुल वोटों का अंतर करीब 32 लाख था और वोट डिलीशन के खिलाफ 35 अपीलें अभी भी पेंडिंग हैं। न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि परिणामों, वोट हटाने आदि के बारे में जो भी कहना है, उसके लिए अलग अंतरिम आवेदन दाखिल करना होगा। चुनाव आयोग जो यह कह रहा है कि चुनाव याचिका ही उपाय है, वह अपनी जवाबी हलफनामे में यह बात रख सकता है।

**दीदी की दलील**

- यहां जीत का अंतर एसआईआर में कटे वोटों से कम
- सुप्रीम कोर्ट ने कहा नई याचिकाएं लगाएं



### हाईकोर्ट में पेंडिंग जमानत अर्जियों पर शीर्ष कोर्ट चिंतित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को देश के अलग-अलग हाईकोर्ट में जमानत याचिकाओं की बढ़ती संख्या पर चिंता जताई। कोर्ट ने कहा कि जमानत मामलों की जल्दी सुनवाई और फैसला करने के लिए मजबूत व्यवस्था बनानी जरूरी है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि इसके लिए पेंडिंग बेल याचिकाओं की ऑटोमैटिक लिस्टिंग का सिस्टम तैयार किया जाए और मामलों के निपटारे की तय समय सीमा भी होनी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट, राज्य सरकारें और जांच एजेंसियां मिलकर ऐसा सिस्टम तैयार करें, जिससे जमानत मामलों का समय पर फैसला हो सके।

**जल्द सुनवाई के लिए आटोमैटिक लिस्टिंग सिस्टम बने, तय समय में हो फैसला**



# देश पर आर्थिक बोझ कम करने के लिए है पीएम की अपील

## देश में सभी तरह के ईंधन व ऊर्जा का पर्याप्त भंडार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर लोगों से ईंधन बचाने, सोना न खरीदने और विदेश यात्रा न करने की अपील के बीच सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह अपील देश पर आर्थिक बोझ कम करने के लिए की गई है और देश में कच्चा तेल, रसोई गैस या अन्य किसी भी तरह के ईंधन की कमी नहीं हैं।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने विभिन्न मंत्रालयों के अधिकारियों के साथ सोमवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में पश्चिम एशिया संकट के कारण उत्पन्न स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सुश्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने लोगों से आग्रह किया है कि इस कठिन समय में वे ऊर्जा संरक्षण के सभी कदम उठाएं और इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग बढ़ाएं जिससे कि देश पर निरंतर बढ़ रहे आर्थिक बोझ को कम किया जा सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश में कच्चे तेल सहित सभी तरह के ईंधन का पर्याप्त स्टॉक है और किसी भी पेट्रोल पंप या गैस वितरण कंपनी से किसी भी तरह की कमी की जानकारी नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट का बंद होना दुनिया का सबसे बड़ा व्यवधान है। इस रास्ते से दुनिया की 20 प्रतिशत ऊर्जा आपूर्ति की जाती है, जिससे भारत भी प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार ने स्थिति से निपटने के लिए अनेक प्रभावशाली कदम उठाए हैं और घरेलू उपभोक्ता को गैस आपूर्ति सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि भारत में 40 प्रतिशत कच्चा तेल और 90 प्रतिशत एलपीजी आयात की जाती है। सरकार ने सभी रिफाइनरी को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का निर्देश दिया हुआ है।



- पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने दी सफाई

### प्रधानमंत्री मोदी की अपील पर भड़के राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने पीएम मोदी के हालिया संबोधन पर हमला बोलते हुए कहा कि जनता को त्याग और बचत की सलाह देना सरकार की विफलता को दर्शाता है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर बयान जारी कर कहा कि मोदी जी ने रविवार को जनता से त्याग मांगे, सोना मत खरीदो, विदेश मत जाओ, पेट्रोल कम जलाओ, खाद और खाने का तेल कम करो, मेट्रो में चलो और घर से काम करो। ये उपदेश नहीं, बल्कि सरकार की नाकामी के सबूत हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 12 वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था और आम लोगों की स्थिति ऐसी हो गई है कि अब सरकार जनता को यह बताने लगी है कि क्या खरीदना है और क्या नहीं। राहुल गांधी ने कहा कि हर बार जिम्मेदारी जनता पर डाल दी जाती है ताकि सरकार खुद जवाबदेही से बच सके।

# बीएसएफ को बांग्लादेश बॉर्डर फेंसिंग के लिए जमीन मिलेगी

कोलकाता, वार्ता

**पश्चिम बंगाल** के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने भारत- बांग्लादेश बॉर्डर पर फेंसिंग के लिए बीएसएफ को जमीन देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध घुसपैठ से निपटने के लिए 45 दिन के भीतर यह जमीन गृह मंत्रालय को सौंप दी जाएगी।

हावड़ा के नाबन्ना में नवनिर्वाचित भाजपा सरकार की पहली कैबिनेट बैठक हुई। सीएम अधिकारी ने कहा कि यह फैसला बैठक में लिए गए मुख्य प्रस्तावों में से एक था। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि टीएमसी सरकार ने राज्य में पुराने आईपीसी और सीआरपीसी की जगह नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) को लागू नहीं किया था। राज्य में अब बीएनएस लागू करने की आधिकारिक मंजूरी दे दी गई है। केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत और जन आरोग्य योजना भी पश्चिम बंगाल में भी लागू की जाएंगी। पहली कैबिनेट बैठक में मंत्री दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, निषिथ प्रमाणिक, क्षुदीराम और अशोक कीर्तनिया मौजूद थे। चुनावी हिंसा में मारे गए 321 भाजपा कार्यकर्ताओं के परिवारों की जिम्मेदारी राज्य सरकार उठाएगी। भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के लिए बीएसएफ को जमीन ट्रांसफर करने की प्रक्रिया शुरू की है। इसे 45 दिनों के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। आयुष्मान भारत योजना समेत केंद्र की सभी योजनाएं जल्द ही लागू होंगी। उज्ज्वला योजना से जुड़ी सभी लंबित याचिकाएं केंद्र के पास भेजी गई हैं।



- सुवेंदु सरकार का फैसला, नए आपराधिक कानून लागू होंगे, आयुष्मान पर भी काम शुरू

### सुवेंदु कैबिनेट के विभागों का बंटवारा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में नई सरकार के गठन के बाद मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने अपने मंत्रिमंडल के विभागों का बंटवारा कर दिया है। सोमवार को हुई इस अहम घोषणा में भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं को बड़ी जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इस बंटवारे में दिलीप घोष और अग्निमित्रा पॉल जैसे बड़े चेहरों को महत्वपूर्ण विभाग दिए गए हैं, जिससे राज्य के विकास की रूपरेखा तय होगी।

**दिलीप घोष बने पंचायत मंत्री, अग्निमित्रा को भी अहम मंत्रालय**

## वैज्ञानिक देश के गौरव व स्वाभिमान के सच्चे शिल्पी: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैज्ञानिकों को देश के गौरव और स्वाभिमान के सच्चे शिल्पी बताते हुए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस की शुभकामनाएं दी हैं।

प्रधानमंत्री ने 18 वर्ष पहले किए गए परमाणु परीक्षणों को भारत के सामर्थ्य का प्रतीक बताया है। श्री मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि वर्ष 1998 में आज के दिन पोखरण में हुए परमाणु परीक्षण ने दुनिया को भारत के अद्भुत सामर्थ्य से परिचित कराया। हमारे वैज्ञानिक देश के गौरव और स्वाभिमान के सच्चे शिल्पी हैं।

- पीएम ने 18 वर्ष पहले किए गए परमाणु परीक्षणों को भारत के सामर्थ्य का प्रतीक बताया

### प्रियंका ने नीट यूजी परीक्षा में कथित गड़बड़ी पर सरकार को घेरा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव एवं सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने एक बार फिर नीट यूजी 2026 परीक्षा में कथित गड़बड़ी और पेपर लीक की आशंकाओं को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। प्रियंका गांधी ने कहा कि भाजपा शासन में पिछले कई वर्षों से प्रतियोगी परीक्षाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार देश के युवाओं से उनका भविष्य छीन रहा है।

## आजम खां को शत्रु संपत्ति मामले में राहत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां को शत्रु संपत्ति मामले में अदालत से बड़ी कानूनी राहत मिली है। एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट ने मुकदमे में बाद में जोड़ी गई धाराओं में उनकी जमानत अर्जी मंजूर कर ली है।

हालांकि, इसके बावजूद आजम खां फिलहाल जेल से रिहा नहीं हो सकेंगे, क्योंकि वह अन्य मामले में सजा काट रहे हैं। जानकारी के अनुसार यह मामला जौहर यूनिवर्सिटी के आसपास स्थित शत्रु संपत्ति से जुड़ा हुआ है। वर्ष 2020 में कलक्ट्रेट रिकॉर्ड रूम में तैनात सहायक अभिलेखपाल मोहम्मद फरीद की ओर से सिविल लाइंस थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था। जांच में आरोप लगाया गया कि विभाजन के दौरान पाकिस्तान चले गए इमामुद्दीन कुरैशी की संपत्ति को राजस्व अभिलेखों में शत्रु संपत्ति घोषित किया गया था, लेकिन बाद में कथित रूप से रिकॉर्ड में फर्जीवाड़ा कर अन्य नाम दर्ज कर दिए गए। मामले की जांच के दौरान रिकॉर्ड रूम के दस्तावेजों में छेड़छाड़ और कई पन्ने फटे मिलने की बात भी सामने आई।



- अदालत से बढ़ी हुई धाराओं में मिली जमानत

## एक जुलाई से मनरेगा का स्थान लेगा जी राम जी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सरकार ने विकसित भारत- गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम को सोमवार को अधिसूचित कर दिया है और इसे एक जुलाई से देशभर के ग्रामीण क्षेत्रों में लागू किया जाएगा।

ग्रामीण विकास मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि ग्रामीण विकास और रोजगार को नई दिशा देते हुए सरकार ने सोमवार को विकसित भारत - गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) 2025 को अधिसूचित कर दिया है। यह अधिनियम 1 जुलाई से देशभर के ग्रामीण क्षेत्रों में लागू होगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम लागू होने के साथ ही महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (महात्मा गांधी मनरेगा), 2005 उसी तिथि से निरस्त माना जाएगा। यह भारत के ग्रामीण विकास ढांचे में एक ऐतिहासिक परिवर्तन है, जो विकसित भारत-2047 के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप एक समेकित (इंटीग्रेटेड), भविष्य उन्मुख एवं उत्पादकता (प्रोडक्टिविटी) आधारित ग्रामीण परिवर्तन के नए युग की शुरुआत करेगा। उन्होंने कहा कि नई व्यवस्था के अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण परिवार, जिसके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक श्रम करने के लिए स्वेच्छा से आगे आते हैं, उन्हें प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 125 दिनों के मजदूरी आधारित रोजगार की वैधानिक गारंटी प्राप्त होगी। यह बढ़ी हुई गारंटी आजीविका सुरक्षा को मजबूत करने, ग्रामीण आय में वृद्धि करने तथा ग्राम स्तर पर सतत विकास को समर्थन देने के उद्देश्य से लाई गई है। अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार श्रमिकों को उनकी रोजगार मांग के अनुसार निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य उपलब्ध कराया जाएगा। ऐसा न होने की स्थिति में श्रमिक बेरोजगारी भत्ता पाने के हकदार होंगे। यह अधिनियम समयबद्ध और पारदर्शी मजदूरी भुगतान पर विशेष बल देता है। मजदूरी का भुगतान प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से सीधे श्रमिकों के बैंक अथवा डाकघर खातों में किया जाता रहेगा। मजदूरी का भुगतान साप्ताहिक आधार पर अथवा मस्टर रोल बंद होने के पंद्रह दिनों के भीतर किया जाएगा। यदि ऐसा नहीं होता है, तो श्रमिक विलंब क्षतिपूर्ति (मुआवजा) पाने के पात्र होंगे। सरकार ने विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम, 2025 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु व्यापक वित्तीय प्रावधान सुनिश्चित किए हैं। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए सरकार ने 95,692.31 करोड़ का बजटीय आवंटन किया है, जो ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम के लिए बजट अनुमान चरण में अब तक का सर्वाधिक आवंटन है। राज्यों के संभावित राज्यांश सहित इस कार्यक्रम का कुल परिव्यय 1.51 लाख करोड़ से अधिक होने का अनुमान है। यह आवंटन ग्रामीण अवसंरचना विकास, बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन तथा ग्रामीण आय में वृद्धि को नई गति प्रदान करेगा।

**भारत -जी राम जी अधिनियम की अधिसूचना जारी**

## बंगाल सीएम सुवेंदु के पीए हत्याकांड में तीन गिरफ्तार-

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के पर्सनल असिस्टेंट (पीए) चंद्रनाथ रथ की हत्या के मामले में बिहार और यूपी से 3 संदिग्ध गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस ने सोमवार को तीनों को नॉर्थ 24 परगना के बारासात कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें 13 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया। इनमें दो युवक- मयंक राज मिश्रा और विक्की मौर्य को बिहार के बक्सर, जबकि राज सिंह को उत्तर प्रदेश के अयोध्या से गिरफ्तार किया गया। पुलिस को शक है कि राज एक शार्प शूटर है। जांच में सामने आया कि आरोपियों तक पहुंचने में टोल प्लाजा पर किया गया एक यूपीआई पेमेंट और सीसीटीवी फुटेज सबसे बड़ा सुराग बना। ऑनलाइन ट्रांजैक्शन से जुड़े मोबाइल नंबर के जरिए पुलिस आरोपियों तक पहुंची। बंगाल चुनाव नतीजों के दो दिन बाद, 6 मई को नॉर्थ 24 परगना के मध्यमग्राम में 42 साल के चंद्रनाथ की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हमलावर ने उनकी कार रोककर कई राउंड फायरिंग की, जिसमें उन्हें सीने और पेट में तीन गोलियां लगीं।

## संक्षिप्त समाचार

### बाड़मेर देश में सबसे गर्म, पारा 46.8 डिग्री

**नई दिल्ली।** राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में हीटवेव जारी है। रविवार को चारों राज्यों के 9 शहरों में पारा 44 डिग्री सेल्सियस के पार रहा। राजस्थान का बाड़मेर 46.8 डिग्री सेल्सियस के साथ देश में सबसे गर्म शहर रहा। जैसलमेर में तापमान 46.3डिग्री सेल्सियस और फलोदी में 46 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। मध्य प्रदेश के रतलाम में 45.5 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। भोपाल में 40.4 डिग्री सेल्सियस में 42 डिग्री सेल्सियस जैसी झुलसाने वाली गर्मी महसूस हुई। मौसम विभाग के अनुसार 11 और 12 मई को तापमान 2 से 3 डिग्री तक और बढ़ेगा। भोपाल में पारा 42 से 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के आसार हैं। इधर, गुजरात के राजकोट में 44.3 डिग्री सेल्सियस और अमरेली में 44.1 डिग्री सेल्सियस तापमान के कारण हीटवेव चली।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' की याद में 88 घंटे दौड़े सैनिक

**नई दिल्ली।** 'ऑपरेशन सिंदूर' की पहली वर्षगांठ के अवसर पर वायु सेना ने यहां 88 घंटे की ऑपरेशन सिंदूर यादगार दौड़ का आयोजन किया। इस दौड़ के माध्यम से भारतीय वायु सेना के 88 घंटों के सफल हवाई अभियानों की पहली वर्षगांठ मनाई गई, जिसने निर्णायक और सटीक हमले की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। भारतीय वायु सेना और भारतीय सेना की सभी कमानों से कुल 600 धावकों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौड़ को ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने के समय 6 मई को देर रात एक बजकर पांच मिनट पर इंडिया गेट से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया और इसका समापन ऑपरेशन सिंदूर रोके जाने के समय 10 मई शाम पांच बजे एयर फोर्स स्टेशन, नई दिल्ली में हुआ।

### यूएई से भारतीयों की वापसी पर बात नहीं की : विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने मीडिया में आई इन खबरों का खंडन किया है जिनमें संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से लाखों भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए एक समझौते पर विचार विमर्श का दावा किया गया है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में अपने फैक्ट चैक हैंडल पर कहा है कि इस तरह की रिपोर्ट निराधार है और अभी भारतीय नागरिकों को यूएई से निकालने की कोई योजना नहीं है। उल्लेखनीय है कि कुछ मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि भारत और यूएई फुजैरा के रास्ते लाखों भारतीय नागरिकों को निकालने के समझौते पर बातचीत कर रहे हैं।

### भारत-श्रीलंका के संबंध सदियों पुराने : ओम बिरला

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को कहा कि भारत और श्रीलंका के बीच सदियों पुराने सभ्यतागत, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंध हैं, जो आज भी दोनों देशों की मित्रता की मजबूत नींव बने हुए हैं। बिरला ने संसद भवन में सोमवार को श्रीलंका के 'महिला सांसद कॉकस' के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रेन में यात्री की गोली मारकर हत्या

**वाराणसी।** कोलकाता से जम्मू जा रही गाड़ी संख्या 13151 कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस ट्रेन के बोगी नंबर एस-2 में एक यात्री की गोली मारकर हत्या कर दी गई। रविवार और सोमवार की रात करीब दो बजे जब ट्रेन वाराणसी जंक्शन पहुंची, तब शव को नीचे उतारकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी। बिहार के गया जिले के निवासी दिनेश शाह अपनी बहन और अन्य रिश्तेदारों के साथ सीतापुर जा रहे थे। वे गाड़ी संख्या 13151 कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस के एस-2 बोगी में यात्रा कर रहे थे, जबकि उनकी बहन और रिश्तेदार जनरल कंपार्टमेंट में सवार थे। रविवार रात करीब 1:30 बजे ट्रेन पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन से रवाना हुई थी। तभी बाथरूम के पास किसी अज्ञात व्यक्ति ने दिनेश शाह को गोली मार दी।

### दो दिन बाद तल्ख होंगे मौसम के तेवर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अगले तीन दिनों के दौरान मौसम में बदलाव के आसार हैं। मौसम विभाग ने पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में गरज-चमक, वज्रपात तथा तेज झोंकेदार हवाओं के साथ बारिश की संभावना जताई है। कुछ क्षेत्रों में हवा की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा तथा झोंकों के साथ 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ द्वारा सोमवार को जारी प्रभाव आधारित पूर्वानुमान एवं चेतावनी के अनुसार 11 मई को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई स्थानों पर बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं, पूर्वी यूपी में मौसम मुख्यत: शुष्क रहने की संभावना है। 12 मई को पश्चिमी और पूर्वी दोनों हिस्सों में कहीं-कहीं बारिश देखने को मिल सकती है।

# चुनाव खत्म होते ही याद आया 'संकट'

## बीजेपी पर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने बोला तीखा हमला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए सोमवार को कहा कि चुनाव खत्म होते ही सरकार को 'संकट' याद आ गया।

उन्होंने कहा कि देश के लिए सबसे बड़ा संकट भाजपा ही है और केंद्र सरकार की हालिया अपीलें उसकी आर्थिक व नीतिगत विफलताओं को उजागर करती हैं। सपा प्रमुख ने कहा कि यदि इतनी पाबंदियां लगानी पड़ रही हैं, तो पांच ट्रिलियन डॉलर की जुमलाई अर्थव्यवस्था कैसे बनेगी। आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के हाथ से आर्थिक व्यवस्था की लगाम छूट चुकी है। डॉलर लगातार मजबूत हो रहा है



■ भाजपाई अपनी कमाई के स्वर्णीकरण में लगे

और रुपया कमजोर होता जा रहा है। यादव ने सोने की खरीद को लेकर सरकार की अपील पर भी कटाक्ष किया। जनता तो वैसे भी डेढ़ लाख तोले का सोना खरीदने की स्थिति में नहीं है, बल्कि भाजपा के लोग ही अपनी काली कमाई का स्वर्णीकरण करने में लगे हैं। इसकी जानकारी लखनऊ से लेकर गोरखपुर और अहमदाबाद से लेकर गुवाहाटी तक ली जा सकती है।

### सपा विस चुनाव को लेकर बदलेगी अपनी रणनीति

**लखनऊ।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजों और चुनावी प्रक्रिया के विश्लेषण के बाद समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में अगले साल प्रस्तावित विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक रणनीति में बड़ा बदलाव का फैसला किया है। सूत्रों के अनुसार सपा अब राजनीतिक सलाहकार कंपनियों की बजाय अपने पारंपरिक संगठन तथा जमीनी कार्यकर्ताओं पर ज्यादा भरोसा करेगी। अब फोकस मतदाता सूची की निगरानी और बूथ स्तर की तैयारी पर रहेगा। चुनाव जीतने में केवल जनसभाएं और आंदोलन ही पर्याप्त नहीं हैं।

# सहारनपुर विवाद पर मायावती चिंतित, निष्पक्ष कार्रवाई हो

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने सहारनपुर जिले के लालवाला गांव में हुई हिंसा पर चिंता जताते हुए निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है।

सुश्री मायावती ने सोमवार को एक्स पर लिखा, सहारनपुर के एक गांव में एक भूमि पर मूर्ति रखने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हुआ, जो बाद में संघर्ष में बदल गया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस घटना में दलित समाज के कई लोग घायल हुए हैं। बसपा अध्यक्ष ने पुलिस और प्रशासन से मामले में तत्काल तथा निष्पक्ष कार्रवाई करने की मांग करते हुए कहा कप्ल प्रशासन को हालात पर पूरी तरह नियंत्रण रखते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए। बसपा सुप्रीमो ने दोनों पक्षों से भी संयम बरतने और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि मामले को ताकत के बजाय कानूनी तरीके से सुलझाया जाना चाहिए, ताकि क्षेत्र में तनाव न बढ़े और शांति कायम रह सके। गौरतलब है कि



■ मामला ताकत की बजाय कानूनी तरीके से सुलझाएं

सहारनपुर के देवबंद क्षेत्र के लालवाला गांव में 9-10 मई को लगभग दो बीघा जमीन पर कब्जे और कथित तौर पर महाराणा प्रताप की मूर्ति लगाने को लेकर दो समुदायों के बीच हिसक झड़प हुई।

पत्थरबाजी और लाठीचार्ज में तीन महिलाओं समेत आठ लोग घायल हो गए। पुलिस ने घटना के बाद गांव में सुरक्षा बलों को तैनात कर निगरानी बढ़ा दी है। प्रशासनिक अधिकारी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

### मंत्रिमंडल विस्तार का असर आमजन पर पड़े

**लखनऊ।** बसपा अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश में रविवार को हुए मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मंत्रिमंडल का घटाना-बढ़ाना और विस्तार सत्तारूढ़ दल का आंतरिक राजनीतिक विषय होता है, इसलिए इस पर ज्यादा टिप्पणी करना उचित नहीं है, लेकिन इसका असर आमजन, खासकर गरीबों, मजदूरों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के जीवन पर सकारात्मक रूप से दिखना चाहिए। यदि ऐसा नहीं हुआ तो लोग इसे केवल राजनीतिक जुगाड़ और सरकारी संसाधनों पर बढ़ा बोझ मानेंगे। मंत्रियों की पहली जिम्मेदारी कानून-व्यवस्था बनाए रखना और सभी वर्गों को न्याय व सुरक्षा का एहसास कराना है। बसपा सुप्रीमो ने हाल ही में ब्राह्मण समाज से जुड़े भाजपा के नेता पर हमले का भी जिक्र करते हुए कहा कि इस घटना के बाद प्रदेश में ब्राह्मण समाज की सुरक्षा को लेकर फिर चर्चा शुरू हो गई है।

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व राष्ट्रीय गौरव के पुनर्जागरण का शंखनाद: योगी

# सनातन को मिटाने वाले मिट्टी में मिल गए

**वाराणसी, वार्ता**

सीएम योगी ने कहा कि द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक सोमनाथ महादेव के स्वाभिमान पर्व के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना को साकार होते देख रहा है।

उन्होंने कहा कि इसका साकार रूप भगवान सोमनाथ महादेव के भव्य मंदिर की पुनर्प्रतिष्ठा, सुंदरीकरण और वहां आयोजित कार्यक्रमों के साथ ही काशी में श्री काशी विश्वनाथ धाम, महाकाल में महालोक की स्थापना, श्री अयोध्या धाम में श्री राम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर के निर्माण समेत अनेक सनातन परंपरा से जुड़े पवित्र तीर्थ स्थलों को अपने वैभव के साथ विकास



■ भारत की चेतना में बसता है सनातन और चेतना अजर-अमर है सोमनाथ देश की जड़ों को जोड़ने का प्रयास

की नई यात्रा पर आगे बढ़ते देख रहे हैं। योगी ने कहा कि इन सभी की प्रेरक शक्ति भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी हैं। उत्तर प्रदेशवासियों की ओर से उनका आभार व्यक्त करते हुए अभिनंदन करता हूं। आज का यह कार्यक्रम भारत की सांस्कृतिक चेतना, आध्यात्मिक परंपरा और राष्ट्रीय गौरव के पुनर्जागरण का एक शंखनाद है। उन्होंने कहा कि सनातन तो भारत की चेतना में बसता है और भारत की यह चेतना अजर-अमर है। इसी का शाश्वत शंखनाद हम सभी के सामने निरंतर गूंजता है। जिन्होंने सनातन को मिटाने का प्रयास किया, आज वे स्वयं मिट्टी में मिल चुके हैं। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन हमें भारत की जड़ों से जोड़ने का एक अभिनव प्रयास है। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर के त्र्यंबकेश्वर बहुउद्देशीय हॉल में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और अन्य मंत्रियों ने हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मिट्टी में मिल चुके आक्रांताओं का नाम भी कोई लेने वाला नहीं है। लेकिन आज भी ऐसी शक्तियां हैं, जो भारत के इस आत्मगौरव के प्रतीक, स्वाभिमान के प्रतीक इन आध्यात्मिक व सांस्कृतिक स्थलों को स्वाभिमान के साथ आगे बढ़ते नहीं देखना चाहतीं।

### बीजेपी के जिलाध्यक्षों की बैठक आज

**लखनऊ।** यूपी में रविवार को योगी आदित्यनाथ सरकार की कैबिनेट विस्तार के बाद भारतीय जनता पार्टी ने 2027 का चुनावी बिगुल फूंक दिया है, जिसके बाद अब पार्टी आगे की तैयारी में जुट गई हैं। बीजेपी 12 मई को यूपी बीजेपी जिलाध्यक्षों की बैठक बुलाई हैं। इस बैठक में प्रदेशभर के सभी 98 जिलाध्यक्षों को शामिल होने के निर्देश दिए गए है। इस बैठक का एजेंडा क्या होगा, इसे लेकर आज क्षेत्रीय अध्यक्ष बैठक करेंगे और आगे रणनीति तय करेंगे। उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी ने कहा कि सभी को इस बैठक में रहना आवश्यक होगा। खबरों के मुताबिक इस बैठक में आगामी चुनाव को देखते हुए भविष्य की योजनाओं और अभियानों पर मंथन होगा और रणनीति तैयारी होगी। इसके अलावा पार्टी द्वारा चलाए जा रहे अभियानों की समीक्षा भी की जा सकती है। यूपी जिला अध्यक्षों की बैठक का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी करेंगे। इस बैठक में संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह मौजूद रहेंगे। बंगाल के बाद अब भारतीय जनता पार्टी का पूरा फोकस उत्तर प्रदेश पर है।

# मोदी सरकार ने श्रमिकों के अधिकारों पर किया हमला

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सरकार पर पांच राज्यों के विस चुनाव खत्म होने के तुरंत बाद चार श्रम संहिताओं (लेबर कोड) को लागू करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार ने कायरतापूर्ण तरीके से 8 और 9 मई 2026 को गजट अधिसूचनाओं के जरिए इन श्रमिक विरोधी कानूनों को लागू किया।

खड़गे ने सोमवार को बयान जारी कर कहा कि ये कानून करोड़ों मजदूरों के लिए हायर एंड फायर, रोजगार और यूनियन अधिकारों में कटौती का रास्ता खोलते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने बिना किसी व्यापक चर्चा और श्रमिक संगठनों से सलाह-मशविरा किए इन कानूनों को लागू किया। उन्होंने



अब मनमाने तरीके से तय होगी मजदूरी

कहा कि 2015 के बाद से भारतीय श्रम सम्मेलन तक नहीं बुलाया गया और ये श्रम संहिताएं केवल प्रधानमंत्री के उद्योगपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए बनाई गई हैं। वेतन संहिता, 2019 के तहत न्यूनतम मजदूरी तय करने के पुराने मानकों को खत्म कर दिया गया है, जिससे मजदूरी मनमाने तरीके से तय हो सकेगी।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स


| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 76015.28 | |
| निफ्टी | 23815.85 | |
| सोना | 150277 | प्रति 10 ग्राम |
| चांदी | 255300 | प्रति किलो |

# शेयर बाजारों में गिरावट, सूचकांक एक महीने के निचले स्तर पर

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को बड़ी गिरावट रही और प्रमुख सूचकांक एक महीने से अधिक के निचले स्तर पर बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स 1,312.91 अंक लुढ़ककर 76,015.28 अंक पर आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की निफ्टी-50 सूचकांक भी 23,815.85 अंक पर रहा।

यह दोनों सूचकांकों का एक महीने से अधिक का निचला स्तर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आयातित वस्तुओं का खरीद करने और विदेशी मुद्रा बचाने की अपील के बाद बाजार में विदेशी मुद्रा भुगतान संबंधी चिंता स्पष्ट दिखी। सोना कम खरीदने की उनकी अपील से ज्वेलर्स कंपनियों के शेयरों में बड़ी गिरावट देखी गई। अनावश्यक विदेश यात्रा न करने की सलाह से विमान सेवा कंपनियों के शेयर भी साढ़े चार प्रतिशत टूट गए। कल्याण ज्वेलर्स का शेयर बीएसई में सबसे अधिक नौ



प्रतिशत लुढ़क गया। मझौली कंपनियों का निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.83 प्रतिशत और छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.13 प्रतिशत गिर गया। एफएमसीजी फार्मा और स्वास्थ्य को छोड़कर अन्य सूचकांकों में गिरावट रही। सेंसेक्स की कंपनियों में तनिष्का ब्रांड का स्वामित्व रखने वाली कंपनी टाइटन का शेयर सात प्रतिशत के करीब टूट गया। इंडिगो और भारतीय स्टेट बैंक में साढ़े चार प्रतिशत की गिरावट रही।

### सोना गिरकर 1.50 लाख पर, चांदी भी फिसली

**नई दिल्ली।** सोना-चांदी के दाम में सोमवार को गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 801 रुपए गिरकर 1,50,277 पर आ गया है। वहीं 1 किलो चांदी की कीमत 300 रुपए कम होकर 2,55,300 रुपए पर आ गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि सालभर तक घर में कोई भी कार्यक्रम हो, हम सोने के गहने नहीं खरीदेंगे। क्योंकि ऐसा करने से विदेशी मुद्रा बचेगी। दरअसल हमें सोना डॉलर में दूसरे देशों से मंगवाना पड़ता है, डॉलर महंगा होने से इस पर खर्च बढ़ जाता है। हमेशा ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है।

# विदेशी मुद्रा बचाएं, हम पश्चिम एशिया संकट के बीच जीतेंगे: वैष्णव

**नई दिल्ली, वार्ता**

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोगों से विदेशी मुद्रा बचाने की प्रधानमंत्री की अपील पर अमल का अनुरोध करते हुए सोमवार को कहा कि भारत पश्चिम एशिया संकट के बीच विजेता बनकर उभरेगा।

श्री वैष्णव ने यहां भारतीय उद्योग परिसंघ के वार्षिक व्यापार सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में कहा कि आज दो देशों के बीच युद्ध का असर पूरी दुनिया और भारत झेल रहा ह, जिसमें हमारी कोई गलती नहीं है। इसका कारण यह है कि हम ऊर्जा के अपने बड़े हिस्से के लिए आयात पर निर्भर हैं। उन्होंने लोगों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील पर अमल का अनुरोध करते हुए कहा कि पश्चिम एशिया में गत 28 फरवरी से जारी संकट के कारण कई देशों में ईंधनों की कीमत काफी बढ़ गई है लेकिन भारत ने उसे अबतक नियंत्रित रखा है। उल्लेखनीय है कि श्री मोदी ने रविवार को लोगों से अनावश्यक विदेश यात्रा से बचने, सोने की गैर-जरूरी खरीद न करने और ईंधन

■ भारतीय उद्योग परिसंघ के व्यापार सम्मेलन में बोले रेल मंत्री

■ दो देशों के युद्ध का असर पूरी दुनिया पर है, भारत का इसमें दोष नहीं

की बचत करने की अपील की थी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक नागरिक के तौर पर हम हर उस खपत में कटौती कर सकते हैं जिसके लिए देश की विदेशी मुद्रा खर्च करनी होती है। साथ ही हम विदेश मुद्रा की कमाई बढ़ाने पर फोकस कर सकते हैं। श्री वैष्णव ने कहा कि चुनौती कितनी भी बड़ी हो भारतीय अर्थव्यवस्था छह-आठ प्रतिशत की दर से बढ़ती रहेगी, मुद्रास्फीति नियंत्रण में रहेगी क्योंकि हमारा विकास लंबे समय तक कायम रहने वाला विकास है, हम इस संकट के बीच विजेता बनकर उभरेंगे। उन्होंने उद्योग जगत से आशंकाओं को परे रखकर निवेश करने और भारत की विकास गाथा का हिस्सा बनने की अपील की।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

### आईआईटी शोधकर्ताओं ने बूंदों को नियंत्रित करने की तकनीक खोजी

**कानपुर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर (आईआईटी) के शोधकर्ताओं ने भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) बेंगलुरु तथा जर्मनी के यूनिवर्सिटी ऑफ ल्यूबेक के वैज्ञानिकों के साथ मिलकर लेजर पल्स की सहायता से तरल बूंदों की दिशा, गति और विखंडन को सटीक रूप से नियंत्रित करने की नई तकनीक विकसित की है।

यह शोध प्रतिष्ठित वैज्ञानिक जर्नल प्रोसीडिग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज (पीएनएएस) में प्रकाशित हुआ है। आईआईटी की ओर से जारी बयान में बताया गया कि यह अध्ययन लेजर और पदार्थ के बीच होने वाली जटिल अंत: क्रियाओं को समझने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। शोध के परिणाम लक्षित दवा वितरण, इंकजेट प्रिंटिंग, लेजर

■ गोमती यूपी के संस्कृति व आस्था की प्रतीक

आधारित निर्माण तकनीक तथा बायोमेडिकल अनुप्रयोगों जैसे क्षेत्रों में नई संभावनाएं खोल सकते हैं। शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन में प्रदर्शित किया कि सूक्ष्म तरल बूंदों को लेजर की सहायता से आगे, पीछे अथवा विभिन्न दिशाओं में नियंत्रित रूप से संचालित किया जा सकता है। इसके लिए बूंद की स्थिति को लेजर फोकस के अनुरूप समायोजित किया गया तथा लेजर पल्स की ऊर्जा को नियंत्रित किया गया। शोध टीम ने हाई-स्पीड इमेजिंग, ऑप्टिकल मॉडलिंग और मल्टीफेज न्यूमेरिकल सिमुलेशन का उपयोग करते हुए ष्प्लेसमेंट-एनर्जी मैप्सष विकसित किए हैं। ये मैप्स विभिन्न लेजर परिस्थितियों में बूंदों के व्यवहार का पूर्वानुमान लगाने में सक्षम हैं।


# चुनाव खत्म, ज्ञान देने लगे पीएम मोदी

## पेट्रोल-डीजल का कम करने के लिए आप ने बोला हमला

**नई दिल्ली, वार्ता**

आम आदमी पार्टी ने देशभक्ति के नाम पर लोगों को पेट्रोल, डीजल, खाने का तेल, गैस काम इस्तेमाल कम करने की सलाह देने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना करते हुए कहा कि चुनाव खत्म होते ही वह लोगों को पेट्रोल, डीजल, गैस, तेल का इस्तेमाल कम करने और सोना नहीं खरीदने का ज्ञान देने लगे हैं।

आप के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह ने आज कहा कि रविवार को प्रधानमंत्री ने कहा कि दो महीने से सरकार जनता का बोझ उठा रही थी लेकिन अब चुनाव खत्म हो गया है तो अब वे बोझ नहीं उठाएंगे। पांच राज्यों का चुनाव जब तक हो रहा था, तब तक उन्होंने जनता का बोझ उठा लिया। अब वह कह रहे हैं कि पेट्रोल, डीजल और गैस का



इस्तेमाल कम कीजिए। एक साल तक कोई भी शादी या समारोह हो तो सोना न खरीदिए और खाने के तेल का भी इस्तेमाल कम कीजिए। यह सारा ज्ञान चुनाव भर प्रधानमंत्री को याद नहीं आया। तब वह कह रहे थे कि कोई कमी नहीं है, पूरा भंडार भरा हुआ है और कोई समस्या नहीं है। लेकिन जैसे ही पांच राज्यों के चुनाव खत्म हुए, नरेन्द्र मोदी के कंधे झुक गए। श्री सिंह ने कहा कि चुनाव खत्म होने के बाद श्री मोदी ने व्यवसायिक सिलेंडर का दाम 993 रुपये बघ दिया, जिसे रेहघी वाले, चाय वाले और छोटी-छोटी दुकान वाले इस्तेमाल करते हैं। इसके अलावा 5 किलो वाले छोटे सिलेंडर का दाम भी 261 रुपये बघ दिया गया, जिसे छात्र, मजदूर और झुग्गियों में रहने वाले गरीब लोग इस्तेमाल करते हैं। प्रधानमंत्री लगातार जनता पर इस तरह से महंगाई का बोझ डालते जा रहे हैं। देश को सोचना होगा कि उसे कब होश आएगा और वह कब इन सवालों पर सरकार से जवाब मांगेगा? आप नेता ने कहा कि चुनाव भर जनता का इस्तेमाल किया जाता है। कभी उनके खाते में 10 हजार रुपये डाल दिए जाते हैं और उसके बाद पटना की सघ्कों पर नौजवानों को डंडों से पीटा जाता है। चुनावों में जनता से कहा जाता है कि न तेल की कमी है और न गैस की, लेकिन चुनाव खत्म होते ही गैस के दाम बघ दिए जाते हैं। जनता को सलाह दी जा रही है कि तेल का इस्तेमाल कम करें।

### शाह के साथ बैठक में राज्य के दर्जे का मुद्दा उठाएंगे : उमर

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि वह नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ अपनी बैठक में राज्य का दर्जा बहाल करने, कामकाज के नियमों, आरक्षण से जुड़े मामलों और अन्य प्रशासनिक मुद्दे उठाएंगे। श्री अब्दुल्ला ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में एक ओर जहां राज्य का दर्जा बहाल करने का मुद्दा एक बार फिर उठाने की बात कही, वहीं दूसरी ओर उनके एजेंडे में शासन से जुड़े कई अन्य मामले भी शामिल हैं। अगर हमें किसी एक बैठक से ही राज्य का दर्जा मिल जाता, तो हमें यह बहुत पहले ही मिल गया होता। यह प्रक्रिया अभी चल रही है। वह गृह मंत्री से प्रशासन के कामकाज के नियमों, महाधिवक्ता के पद से जुड़े मुद्दों और आरक्षण के मामले पर भी चर्चा करेंगे।

# फर्जी पुलिस अफसरों के गिरोह का भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस ने फर्जी पुलिस अधिकारियों के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जिन्होंने कथित तौर पर यहां के पुलिसकर्मी बनकर राजस्थान के एक व्यक्ति से पैसे ठगे।

बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि विनय उर्फ मोंटी और कुलदीप सहित दो आरोपियों को एक नाबालिग के साथ हरियाणा से गिरफ्तार किया गया है जबकि 33-50 लाख रुपये नकद, दो मोबाइल फोन, एक बैग और अपराध में इस्तेमाल की गई एक बाइक बरामद की गई है। आरोपियों ने पीतमपुरा के पास शिकायतकर्ता को पुलिस अधिकारी होने का नाटक करते हुए रोका, बैग की जांच के बहाने उससे नकदी छीन ली और बाद में मोटरसाइकिल से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि कई पुलिस

■ दिल्ली पुलिस ने किया खुलासा

टीमों ने सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया और तकनीकी निगरानी की, जिसके बाद हरियाणा के सोनीपत के गोहाना में आरोपियों का पता लगाया गया। राजस्थान का शिकायतकर्ता एक दोस्त के साथ अपने नियोक्ता की ओर से नकदी पहुंचाने दिल्ली आया था। वर्धमान प्लाजा बस स्टैंड के पास एक ऑटो से उतरने के बाद तरुण एन्क्लेव के पास गुजरते समय दो लोगों ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर उन्हें रोका और उनसे पूछताछ करने के बाद उनका बैग छीन लिया।

जांच के दौरान शिकायतकर्ता ने बाद में पुलिस को बताया कि बैग में वास्तव में 50 लाख रुपये नकद थे।

# नकली मोबाइल बेचने वालों का पर्दाफाश, 2 गोदाम, एक फैक्ट्री सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ब्रांडेड कंपनियों के नाम पर नकली मोबाइल बनाकर उनकी हूबहू पैकेजिंग करके बेचने वाले गैंग का दिल्ली पुलिस ने पर्दाफाश किया है। ओप्पो, रीयलमी और वनप्लस के मोबाइल की नकली कॉपी बनाकर रखे गए दो गोदामों को सीज करने के साथ ही दो शातिरों को गिरफ्तार कर लिया है। अब पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इन नकली हैंडसेट की खेप किन बाजारों में बेची जा रही थी, ताकि इस पूरे गैंग को बेनकाब किया जा सके।

जानकारी के अनुसार, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि ब्रांडेड कंपनियों के नाम पर नकली मोबाइल बनाकर उनकी बड़े स्तर पर खरीद-फरोख्त की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने करोल बाग के रेघरपुरा स्थित दो गोदामों को सील कर दिया, जहां इन नकली उत्पादों की पैकेजिंग और ब्रांडिंग की जा रही थी।

वहीं, राजधानी के मोती नगर स्थित एक फैक्ट्री को भी सील कर दिया गया, जहां इन कंपनियों के उत्पादों के पैकेजिंग बॉक्स बनाए जा रहे थे। इस अवैध कार्रवाई में इस्तेमाल हो रही आठ मशीनें भी जब्त कर ली गईं। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया, जो बड़े पैमाने पर नकली उत्पाद पैकेजिंग कर उन्हें प्रतिष्ठित ब्रांड्स के नाम पर बाजार में बेच रहे थे। दिल्ली पुलिस अपराध शाखा की एंटी गैंग स्क्वॉयड (एजीएस) यूनिट की एक बड़ी कार्रवाई में ओप्पो, वनप्लस और रीयलमी जैसे प्रसिद्ध मोबाइल ब्रांड्स के नकली उत्पादों और पैकेजिंग सामग्री से जुड़े दो गोदामों तथा एक फैक्ट्री को सील कर दिया गया।

## कार डिवाइडर से टकराई, दो घायल

**नई दिल्ली।** लुटियंस दिल्ली के रायसीना रोड पर सोमवार को एक कार पांच सितारा होटल के निकट एक डिवाइडर से टकरा गई, जिससे एक महिला और एक बच्चा घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

## बारिश, आंधी संग चलेंगी हवाएं फिर बदलेगा दिल्ली का मौसम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर के मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिलेगा। रविवार को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया है। इसका असर रात या मंगलवार सुबह तक मैदानी इलाकों में दिखाई दे सकता है। दिल्ली में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार 12 मई को आसमान आंशिक रूप से बादलों से घिरा रह सकता है। यह स्थिति बाद में पूरी तरह बादल छाने में बदल सकती है। इन दिनों शाम और रात के समय गरज-चमक के साथ तेज हवाएं चलेंगी।

हल्की बारिश की भी संभावना जताई गई है। हवाओं की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा रह सकती है। झोंकों में यह 50 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। ऐसे में लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। 13 मई को भी बादलों की आवाजाही बनी रहेगी और सुबह व दोपहर में गरज के साथ मौसम बदल सकता है। इसके बाद तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। 14 मई को आसमान आंशिक रूप से बादलों से ढका रहेगा। 15 और 16 मई को मौसम मुख्य रूप से साफ रहने का अनुमान है। इस दौरान अधिकतम तापमान 34 से 40 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 23 से 28 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। कुछ दिनों की राहत के बाद सूरज फिर अपने तेवर दिखाएगा। दिल्ली के लोगों को कई दिनों से गर्मी का कष्ट झेलना पड़ रहा है।

# ईंट से हमले का बदला लेने के लिए की थी हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस के शाहदरा थाने के स्टाफ ने एक अज्ञात व्यक्ति की हत्या के मामले को सुलझा कर मध्य प्रदेश से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से अपराध में इस्तेमाल हथियार और कपड़े बरामद किए है।

दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त राजेंद्र प्रसाद मीणा ने बताया कि 06 मई को शाम लगभग 05:47 बजे, शाहदरा थाने को नवीन शाहदरा, में स्थित एक निर्माणाधीन इमारत से बदबू आने की सूचना मिली।पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां इमारत की चौथी मंजिल पर रेत के नीचे दबा हुआ, लगभग 35 वर्ष के एक अज्ञात पुरुष का शव मिला। पूछताछ के दौरान पता चला कि वह चार मंजिला इमारत पहले ही बन चुकी थी और उस पर फिनिशिंग का काम चल रहा था।आगे की पूछताछ में पता चला कि उसी दिन, साइट पर जांच और सबूत इकट्ठा करने के लिए क्राइम टीम और एफएसएल टीम को तुरंत मौके पर बुलाया गया।

इसके बाद पुलिस ने शाहदरा थाने के तहत मामला दर्ज कर एसीपी शाहदरा सजीव कुमार गौतम की देखरेख में एसएचओ शाहदरा अरुण कुमार के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम को सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी इनपुट के विश्लेषण के दौरान दो व्यक्तियों पर शक हुआ जो नवीन शाहदरा में बन रही एक दूसरी इमारत में चौकीदार के तौर पर काम करते थे। इसके बाद टीम ने दोनों आरोपियों को मध्य प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मान सिंह राय उर्फ घ्घ्रानू और आकाश राय के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ के दौरान, दोनों आरोपियों ने हत्या में अपनी संलिप्तता कबूल कर ली और बताया कि मृतक की पहचान राम सेवक के रूप में हुई है, जो आरोपी आकाश का साला था।

आरोपियों ने बताया कि 02 मई को तीनों लोगों ने एक साथ शराब पी थी। रात के समय, उनके बीच एक मामूली बात पर झगड़ा हो गया और मृतक ने दोनों आरोपियों को गालियां देना शुरू कर दिया।

## आठ जुआरी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्वी जिला पुलिस के एंटी-नारकोटिक्स स्टाफ ने अवैध जुए के अड्डे का भंडाफोड़ कर आठ जुआरियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से दांव पर लगी कुल 10,330/- रुपये की रकम और जुए के लेन-देन का रिकॉर्ड रखने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली दो डायरियां , दो पेन आदि जब्त किए है। दिल्ली के पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार ने बताया कि अवैध जुए की गति-विधियों पर प्रभावी ढंग से अंकुश लगाने के लिए जिले के स्टाफ द्वारा संवेदनशील इलाकों में निगरानी तेज कर मुखबिरों के नेटवर्क को सक्रिय कर दिया था।

# गौरी शंकर मंदिर में हर-हर महादेव की गूंज, सीएम ने किया जलाभिषेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण एवं उसके 75 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर चांदनी चौक स्थित प्राचीन गौरी शंकर मंदिर में आयोजित 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व-2026' में शामिल हुईं। मुख्यमंत्री ने यहां आयोजित शिव भजन, ओंकार जाप और शिव तांडव जैसी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद लिया, ।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गुजरात के सोमनाथ से माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन का लाइव प्रसारण देखा और वर्चुअली इस राष्ट्रीय उत्सव का हिस्सा बनीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, मनजिंदर सिंह सिरसा, कपिल मिश्रा सहित कई गणमान्य व्यक्ति और भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' भारत की सनातन आस्था, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक है। सदियों तक हुए आक्रमणों और विध्वंस के बावजूद सोमनाथ की आस्था कभी नहीं झुकी और हर बार भारत की आध्यात्मिक शक्ति ने स्वयं को पुनः स्थापित किया। प्रधानमंत्री मोदी जी के 'विकास भी, विरासत भी' के विजन के साथ देश अपनी सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित करते हुए आधुनिक विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

आज जिस गौरव और भव्यता के साथ सोमनाथ मंदिर विश्व के सामने खड़ा है, वह प्रत्येक भारतीय के लिए सम्मान और आत्मगौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि भारत की आत्मा, संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक है।



**मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता चांदनी चौक स्थित प्राचीन गौरी शंकर मंदिर में आयोजित 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व-2026' में शामिल होकर जलाभिषेक करते हुए।**

## एक नजर

### डिजिटल अभियान लांच किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** डाबर आंवला हेयर ऑयल ने मदर्स डे के अवसर पर एक हृदयस्पर्शी डिजिटल अभियान केयर वहाँ जहाँ डाबर आंवला, घर वहाँ मेरी माँ जहाँ' लॉन्च किया है। इस अभियान में प्रसिद्ध गायक जोड़ी अंतरा नंदी और अंकिता नंदी शामिल हैं। यह अभियान उस शाश्वत आराम, देखभाल और भावनात्मक आधार का उत्सव मनाता है जो केवल एक माँ ही प्रदान कर सकती है। डाबर इंडिया लिमिटेड के मार्केटिंग हेड (हेयर केयर), अंकुर कुमार ने कहा: डाबर आंवला के लिए देखभाल का मतलब हमेशा सिर्फ पोषण से कहीं अधिक रहा है । डाबर इंडिया की डिजिटल लीड (होम एंड पर्सनल केयर), जसलीन कोहली ने कहा नंदी बहनों ने फिल्म में एक वास्तविक गर्माहट पैदा की है, जिससे यह विमर्श और भी दिल को छू लेने वाला बन गया है।

### डेयरी डे आईसक्रीम ने की सेल्सफोर्स के साथ साझेदारी

**नई दिल्ली।** सेल्सफोर्स ने भारत के टॉप 10 आईसक्रीम ब्रांड्स और देश के सबसे बड़े कैंडी एवं कोन निर्माताओं में से एक, डेयरी डे के साथ साझेदारी की है। इस बाबत अदिति शर्मा, आरवीपी एवं हेड ऑफ कंज्यूमर एंड मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री सेगमेंट, सेल्सफोई इंडिया ने कहा, "भारत में कंज्यूमर ब्रांड विकास के एक नए युग की ओर जा रहे हैं। इस सफर का नेतृत्व वो ब्रांड करेंगे, जो अपनी क्षेत्रीय बुनियाद बनाए रखते हुए स्मार्ट डिजिटल क्षमताओं का उपयोग करेंगे। इसका एक मजबूत उदाहरण डेयरी डे है। डेयरी डे आईसक्रीम के सीटीओ, वंकटेश्वरन कृष्णमूर्ति ने कहा, डेयरी डे में हम विस्तार की तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए ऐसी डिजिटल बुनियाद की जरूरत है, जो हमारे व्यवसाय की तरह की फ्लेक्सिबल और मजबूत हो।

### प्रसारण साझेदारी की घोषणा की

**नई दिल्ली।** भारतीय खेल जगत में एक नए अध्याय की शुरुआत करते हुए एकेएल लीग के आधिकारिक लॉन्च और सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के साथ प्रसारण साझेदारी की घोषणा की गई। कबड्डी की भावना, संघर्ष और विरासत से प्रेरित एकेएल का उद्देश्य जमीनी स्तर की प्रतिभाओं को वैश्विक मंच से जोड़ते हुए एक आधुनिक खेल मंच तैयार करना है। कबड्डी को नई पहचान देने और सीमाओं से परे ले जाने के विजन के साथ शुरू हुई एकेएल ने पिछले कई महीनों में देशभर में अभियान, खिलाड़ी खोज पहल, सामुदायिक कार्यक्रमों और ओपन ट्रायल्स के माध्यम से मजबूत आधार तैयार किया है। खिलाड़ियों, प्रशंसकों और स्थानीय समुदायों से मिले जबरदस्त समर्थन ने यह साबित किया है कि देश में कबड्डी के प्रति गहरा जुनून है और ऐसी लीग की आवश्यकता है जो वास्तव में भारतीय कबड्डी की आत्मा का प्रतिनिधित्व करे।

### राग एवं भक्ति की संगीतमय संध्या संपन्न



**नई दिल्ली।** अव्युक्ता फाउंडेशन द्वारा आयोजित कृष्ण नाद : राग और भक्ति की एक संगीतमय संध्या' का भव्य आयोजन किया गया। इस्कॉन मंदिर द्वारका में अत्यंत श्रद्धा एवं संगीतपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस विशेष संध्या ने भारतीय शास्त्रीय संगीत और श्रीकृष्ण भक्ति का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण युवा एवं प्रतिभाशाली संतूर वादक दिव्यांश श्रीवास्तव का मनमोहक संतूर वादन रहा। वे सोपोरी घराने के प्रतिनिधि हैं तथा पद्मश्री पंडित भजन सोपोरी एवं अभय रुस्तम सोपोरी के शिष्य हैं। वे उस्ताद रफीउद्दीन साबरी के शिष्य हैं। कार्यक्रम में डॉ. अंकित पारिख ने भी अपनी सौंदर्यपूर्ण संगीत अभिव्यक्ति से प्रस्तुति में विशेष रंग भरा। कनेक्ट मीडिया के भूपेश गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम का समापन एक भावपूर्ण श्रीकृष्ण भजन के साथ हुआ, जिसने उपस्थित श्रोताओं को भक्ति एवं संगीत के दिव्य रस में सराबोर कर दिया। 'कृष्ण नाद' भारतीय शास्त्रीय संगीत और आध्यात्मिकता का एक अनुपम उत्सव सिद्ध हुआ। यह आयोजन अव्युक्ता फाउंडेशन के उस उद्देश्य को साकार करता है, जिसके माध्यम से संस्था भारत की समृद्ध सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत को जन-जन तक पहुँचाने के लिए सतत प्रयासरत है।

# राजस्थान के कर्मचारी से पुलिस वाला बताकर पचास लाख रुपये लेकर फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** खुद को पुलिस वाला बताकर राजस्थान के रहने वाले व्यक्ति से पचास लाख रुपये से भरा बैग धोखे से लेकर फरार हो जाने वाले आरोपी को उसके दो अन्य साथियों के साथ मंगोलपुरी और बाहरी जिला की स्पेशल स्टॉफ पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

तीनों आरोपी वारदात के बाद दिल्ली से भागने की कोशिश कर रहे थे। आरोपियों के कब्जे से साढ़े 33 लाख रुपये,दो मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद की है। आरोपियों की पहचान विनय उर्फ मोंटी, कुलद.ीप के रूप में हुई है,जबकि एक नाबालिग है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते शनिवार को सिरोही,राजस्थान के रहने वाले सवराराम ने मंगोलपुरी पुलिस को एक शिकायत दी थी।

आरोप लगाया कि वह अपने दोस्त के साथ पीतमपुरा आया थो, ताकि अपने मालिक द्वारा दिए गए 9 लाख रुपये नकद सौंप सकें। जब वह पीतमपुरा स्थित वर्धमान प्लाजा के सामने बस स्टैंड पर ऑटो से उतरकर तरुण एन्क्लेव की ओर पैदल जाने लगे। दो व्यक्तियों ने उनको रोका और खुद को पुलिस अधिकारी बताया। दोनों उससे पूछताछ करने लगे और पैसों से भरा बैग छीन लिया। उन्होंने उसे बोला कि सीनियर अधिकारी यहीं पर आ रहे हैं,यहीं पर तुम भी रूको। दोनों तुरंत बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। उसने बाइक नंबर भी नोट कर लिया था। सिवराराम ने बाद में बताया कि बैग में पचास लाख रुपये रखे हुए थे। पुलिस ने मामला दर्ज किया। एसीपी वीरेन्द्र दलाल की देखरेख में स्पेशल स्टॉफ में तैनात इंस्पेक्टर रोहित और हितेन्द्र के निर्देशन में पुलिस टीम ने वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली ।

## सभी निर्माण साइट्स पर अब कम से कम 100 जीएसएम मोटाई वाला ग्रीन नेट लगाना अनिवार्य

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने के उपायों को और मजबूत करते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सभी निर्माण और तोड़फोड़ साइट्स पर हाई-डेंसिटी डस्ट स्क्रीन के इस्तेमाल को अनिवार्य कर दिया है।

दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति द्वारा जारी नए निर्देशों के अनुसार, अब सभी सीएंडडी साइट्स पर इस्तेमाल होने वाले ग्रीन नेट की न्यूनतम मोटाई 100 जीएसएम तय की गई है और सभी प्रोजेक्ट संचालकों को इसका पालन तत्काल प्रभाव से करना होगा।

# एसबीआई लाइफ ने मां के अंतर्ज्ञान को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कुछ बातें कहनी नहीं पड़तीं, खास तौर पर जब बात माँ की हो रही हो। खामोशी में छिपी चिंता, मुस्कान के पीछे की हिचकिचाहट, किसी सपने की नाजुक शुरुआत, वे वह इन सबको भाँप लेती हैं, अक्सर तब भी जब ये पूरी तरह से जाहिर भी नहीं हुए होते।

एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस अपनी मदर्स डे फल्म 'बिन समझाए, सिर्फ माँ समझती है' के जरिए इस शक्तिशाली सच को जीवंत रहा है। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के ब्रांड, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन और सीएसआर के प्रमुख, रविंद्र शर्मा ने इस प्रचार अभियान के बारे बोलते हुए में कहा, "अक्सर बात होती है कि माँ खुद-ब-खुद सब समझ लेती हैं, उनमें एक अलग तरह का सहज ज्ञान होता है, लेकिन इस पर गहराई से कम ही विचार होता है। यह सिर्फ देखभाल नहीं, बल्कि भावनाओं की सहज समझ है, जो अक्सर बिना कहे ही समझ में आ जाती हैं और यह आशंका, उम्मीद और फैसलों को उनके जाहिर होने से पहले ही भाँप लेने की क्षमता है।





**दिल्ली भाजपा के उत्तर पश्चिम जिलों के दो दिवसीय प्रशिक्षण का भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन सत्र की शुरूआत करते हुए।**

# कवि वेणु के तत्वावधान में कवि सम्मेलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कवि वेणु संस्था के तत्वावधान में दिल्ली के मुक्तधारा ऑडिटोरियम में एक भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन संपन्न हुआ। इस साहित्यिक संध्या में देश के ख्यातिप्राप्त कवियों ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुतियों से श्रोताओं का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ कवि दिनेश रघुवंशी ने अपनी माँ को समर्पित भावपूर्ण कविताओं के माध्यम से उपस्थित श्रोताओं को भावुक कर दिया। वहीं कुशल दौनेरिया ने अपनी शानदार शायरी से समां बाँध दिया। धरमवीर धरम की ओजस्विता से परिपूर्ण कविताओं ने श्रोताओं में राष्ट्र





भक्ति की भावना जागृत कर दी। समसामयिक प्रेरक विषयों पर आधारित गीतों और कविताओं के माध्यम से आशीष द्विवेदी ने भी खूब सराहना बटोरी।

कार्यक्रम का प्रभावशाली मंच संचालन नीलमणि झा ने किया। संस्था की संस्थापक एवं कवयित्री पारुल मनचंदा ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेंट राकेश निखज उपस्थित रहे, वहीं डीआरडीओ के असिस्टेंट डायरेक्टर कुनाल भूषण की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के समापन में धन्यवाद ज्ञापन पारुल मनचंदा द्वारा किया गया।

## भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर प्रारम्भ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भाजपा की कार्यकर्ता एवं संगठन निर्माण हेतू चलाये जा रहे पं. दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत दिल्ली भाजपा के उत्तर पश्चिम एवं बाहरी दिल्ली जिलों के दो दिवसीय रात्रि प्रवास प्रशिक्षण शिविर आज प्रातः प्रारम्भ हुए। आज सांय दक्षिण एवं महरौली जिलों के प्रशिक्षण शि. विर प्रारम्भ हुए।11-12 मई को खाटूधाम, अलीपुर में आयोजित उत्तर पश्चिम जिले के प्रशिक्षण शिविर में दीप प्रज्वलन करके प्रथम उद्घाटन सत्र को दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कार्यकर्ता विकास एवं दायित्व बोध विषय पर सम्बोधित किया।

# भारतीय प्रवासी जनता पार्टी की मीटिंग आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में रविवार को भारतीय प्रवासी जनता पार्टी द्वारा राष्ट्रीय कार्यकारिणी की विस्तार मंथन मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर अजय तिवारी द्वारा की गई।

बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय स्तर के कई पदाधिकारी शामिल हुए। कांस्टीट्यूशन क्लब में घंटे चली बैठक में देश में प्रवासियों के प्रति दुख दर्द पर गहनता से विचार किया गया। साथ ही राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में कई लोगों को नए पदभार भी सौंपे गए। अपने संबोधन में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय तिवारी ने बताया कि भारत में रहने वाले प्रवासी तथा भारत देश से विदेशों में रहने वाले अप्रवासी का सामनजस्य, समरसता, एकता, जरूरी समय की आवश्यकता बन चुकी है। बैठक में बताया गया कि भारत में प्रवासीयों के समस्या का सामाधान बहुत जरूरी है।



हाल में दुनिया में फैले आर्थिक संकट ने भारत में प्रवासियों के साथ संकट भी किसी से छुपा नहीं है। इस मोके पर भारतीय प्रवासी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर अजय तिवारी, सपना तिवारी, भिवांश तिवारी, आर. पी. सिंह, पंकज सिंह, डॉक्टर कुमार धमेन्द्र, आर. सी. मिश्रा, राम मिश्रा, पी.एन ठाकर, महेंद्र प्रताप सिंह, संतोष कुशवाहा, डॉक्टर महेंद्र प्रताप सिंह राष्ट्रीय सलाहकार भारतीय प्रवासी जनता पार्टी, डॉ. राम मिश्रा राष्ट्रीय सलाहकार भारतीय प्रवासी जनता पार्टी आदि उपस्थित रहे।

# एनएफपीआरसी फाउंडेशन सीएआईजी की रिपोर्ट जारी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने नेशन फर्स्ट पॉलिसी रिसर्च एंड चेंज फाउंडेशन के अंतर्गत सेंटर फॉर एक्सेलरेटिंग इंडियाज ग्रोथ द्वारा तैयार रणनीतिक रिपोर्ट 'बियॉन्ड इंफ्रास्ट्रक्चर: इंडियाज डेटा सेंटर पाथवे टू डिजिटल सॉवरिन्टी' को जारी किया।

रिपोर्ट को लॉन्च करने का इवेंट इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित हुआ। इसमें नीति निर्माता, इंडस्ट्री के दिग्गज शख्सियत, तकनीकी एक्सपर्ट्स और शोधकर्ताओं ने हिस्सा लिया और भारत के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर इकोसिस्टम पर विचार-विमर्श किया।

इवेंट में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जितिन प्रसाद ने कहा कि भारत के डेटा सेंटर इकोसिस्टम देश की तकनीकी और आर्थिक महत्वाकांक्षाओं के लिए जरूरी रणनीतिक राष्ट्रीय इंफ्रास्ट्रक्चर के तौर पर विकसित हो रहे है। इवेंट में बोलते हुए एनएफपी आरसी फाउंडेशन के चेयरपर्सन तरंग चुघ ने कहा कि डेटा सेंटर राष्ट्रीय इंफ्रास्ट्रक्चर के एक महत्वपूर्ण स्तंभ और रणनीतिक स्वायत्तता के साधन बनते जा रहे हैं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# एसडीजीआई ग्लोबल विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आयोजन आज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एस.डी.जी.आई ग्लोबल विश्वविद्यालयश, जिसकी स्थापना वर्ष 2023 में की गई थी, उच्च शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण एवं नवोन्मेषी शिक्षण के माध्यम से निरंतर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर रही है। विश्वविद्यालय का प्रथम दीक्षांत समारोह आज विश्वविद्यालय परिसर में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया जाएगा।




यह अवसर विश्वविद्यालय के इतिहास में एक महत्वपूर्ण एवं गौरवपूर्ण अध्याय के रूप में दर्ज होगा। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में मिजोरम राज्य के महामहिम माननीय राज्यपाल जनरल (डॉ.) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त), अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में साउथ एशियन विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के अध्यक्ष प्रो० के के० अग्रवाल, समारोह की शोभा बढ़ाएंगे।

दीक्षांत समारोह के दौरान विधि, होटल मैनेजमेंट एवं फार्मेसी विभाग के विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के करकमलों द्वारा उपाधियाँ प्रदान की जाएंगी। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा समारोह की सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। इस अवसर को लेकर विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों में विशेष उत्साह एवं हर्ष का वातावरण व्याप्त है।

# उत्तर प्रदेश में सनातन की लहर भाजपा की विजय होगी: अशोक कुमार गोयल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय सह संयोजक भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ अशोक कुमार गोयल ने कहा कि राष्ट्रवाद के साथ चतुर्मुखी विकास के पथ पर बढ़ते उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की डबल इंजिन सरकार की 2027 में बड़ी जीत सुनिश्चित है। वेस्ट बंगाल में 92 प्रतिशत की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में सरकार द्वारा सुरक्षा सेवा सम्मान एवं सुशासन की पुनर्स्थापना हेतु भारी एकजुट मतदान होगा। जनता प्रदेश में आस्था के सम्मान के साथ गांव गरीब किसान युवा मातृशक्ति सहित सबके कल्याण की योजनाओ को अपना आशीर्वाद प्रदान करते हुए 325 से अधिक सीट पर भाजपा को सफल



बनाएगी। गुंडा माफिया मुक्त सुविकसित उत्तर प्रदेश गांव से शहर तक सड़कों के जाल, राष्ट्रीय राज मार्ग , विद्युत आपूर्ति सिंचाई चिकित्सा इंफ्रास्ट्रक्चर स्वदेशी स्वावलंबी उद्योग एवं सुरक्षित व्यापार के साथ मातृ शक्ति को वंदनीय सेवा सहायता एवं सम्मान मिला है। युवाओं को तकनीकी शिक्षा के साथ रोजगार के नए अवसर मिले है सामा. जिक समरसता के साथ जन कल्याण से योगी जी के राज में प्रदेश आर्थिक सफलताओं की ऊंचाइयों पर पहुंचा है।

समय फिर नया संदेश नए भारत के नव निर्माण केन्साथ बढ़ रहा है। पंकज चौधरी के नेतृत्व में पार्टी नए मनोबल के साथ जन जन में सार्थक संदेश पहुंचा रही है। पूरी सरकार सुशासन के साथ जन कल्याण हेतु समर्पित है। सनातन की आंधी से जन जन में नया उत्साह आएगा। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में मजबूत केंद्र सरकार का पूरा सहयोग उत्तर प्रदेश को मिला है। छोटा बड़ा कारोबारी रवम उद्यमी वर्ग देश हित में स्वदेशी के उपयोग एवं क्रय विक्रय का संकल्प ले कर बढ़ रहा है।

## नगीना चौक पर सघन चेकिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर के व्यस्त नगीना चौक पर आज पुलिस द्वारा सघन वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब 20 वाहनों के चालान किए गए। अचानक हुई पुलिस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया और कई लोग रास्ता बदल कर निकलते दिखाई दिए। चैकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने दोपहिया और चारपहिया वाहनों की बारीकी से जांच की। बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले युवकों, सीट बेल्ट का प्रयोग न करने वाले कार चालकों तथा वाहन के आवश्यक दस्तावेज पूरे न होने पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई की।

# एडवोकेट के.पी. शर्मा बने द टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** टैक्स बार एसोसिएशन, गाजिया बाद के वर्ष 2026-2027 के वार्षिक चुनाव सम्पन्न हुए। होटल मदन रेजीडेंसी, पांडव नगर में आयोजित गरिमामयी समारोह में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

वरिष्ठ अधिवक्ता के.पी. शर्मा को उनकी निष्ठा और सक्रियता के चलते सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। चुनावी प्रक्रिया राष्ट्रगान के साथ शुरू हुई।

इसके बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने शपथ ली और अधिवक्ताओं के हितों और कर प्रणाली की सुगमता के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया। नवनिर्वाचित



कार्यकारिणी में अध्यक्ष के.पी. शर्मा, उपाध्यक्ष अरुण कुमार सिंघल, महासचिव विकास कुमार डोगरा, संयुक्त सचिव, प्रत्यक्ष कर राहुल वर्मा संयुक्त सचिव, सुमित शर्मा कोषाध्यक्ष, विमलेन्दु झा लेखा परीक्षक, कार्यकारिणी सदस्य कंचन शर्मा, रविकांत पाराशरी, आदित्य गोयल, दीपक शर्मा।

चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और सुचारू रूप से सम्पन्न कराने में निर्वाचन पदाधिकारी एडवोकेट दीपक गोयल, एडवोकेट विनय मिश्रा और एडवोकेट मनीष जी का विशेष योगदान रहा। फाउंडर कमेटी के चेयरमैन एडवोकेट अनुराग सिंघल और एडवोकेट संजीव सपरा के मार्गदर्शन में यह आयोजन ऐतिहासिक रहा। नवनिर्वाचित अध्यक्ष के.पी. शर्मा ने कहा कि एसोसिएशन करदाताओं और अधिवक्ताओं के बीच सेतु का काम करेगी और कर संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय रहेगी।

# महामहिम राज्यपाल के जन्मदिवस पर क्षय रोगियों को बांटी गई पोषण पोटली

**गाजियाबाद।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी मिजोरम के अध्यक्ष एवं वी.के. सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर उनके गाजियाबाद स्थित आवास पर सेवा एवं जनकल्याण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत रेड क्रॉस गाजियाबाद द्वारा 20 पात्र क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरित की गई। राज्यपाल वी.के. सिंह ने प्रत्येक क्षय रोगी को अपने हाथों से पोषण पोटली भेंट कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

इस दौरान उन्होंने कहा कि किसी भी पीड़ित व्यक्ति की सहायता करना सबसे बड़ा मानवीय धर्म है और सेवा का भाव हर परिस्थिति में समाज को जोड़ने का कार्य करता है। रेड क्रॉस गाजियाबाद समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि समिति के गठन के बाद से हर वर्ष महामहिम के जन्मदिवस एवं वैवाहिक वर्षगांठ पर इस प्रकार के सेवा कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाने के साथ-साथ समाज में जागरूकता बढ़ाना है।

कार्यक्रम में इनर व्हील क्लब गाजियाबाद ग्रेटर की विशेष सहभागिता रही। महामहिम ने मातृशक्ति की सक्रिय भागीदारी के लिए क्लब का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सुभाष गुप्ता, सुषमा गुप्ता, मनोज अग्रवाल, बीना श्रीवास्तव, संजय यादव, गरिमा यादव सहित क्षय रोग विभाग और अन्य सहयोगियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यक्रम लगातार आयोजित होने चाहिए ताकि अधिक से अधिक लोग जुड़कर जनपद को टीबी मुक्त बनाने में सहयोग करें।

# सांसद चंद्रशेखर के आवास का घेराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भाजपा धामपुर मंडल द्वारा आयोजित महिला आक्रोश सम्मेलन में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं और पार्टी पदाधिकारियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम जनता इंटर कॉलेज जैतरा के निकट गांधी आश्रम के पीछे आयोजित किया गया। जहां से महिलाओं और कार्यकर्ताओं ने सांसद चंद्रशेखर आजाद के आवास की ओर बढ़कर विरोध प्रदर्शन किया।

सम्मेलन का आयोजन नारी शक्ति और नारी स्वाभिमान के मुद्दों को लेकर किया गया। कार्यक्रम में भाजपा की महिला प्रदेश महामंत्री रश्मि रावल मुख्य संयोजक तथा जिला महामंत्री



दिनेश सैनी सह-संयोजक के रूप में मौजूद रहे। सम्मेलन में मंडल, जिला और सेक्टर स्तर के पदाधिकारियों के अलावा बूथ अध्यक्ष, मोर्चा पदाधिकारी, सभासद और बड़ी संख्या में समर्थक शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं और उपलब्धियों को गिनाते हुए महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया। साथ ही विपक्षी दलों की नीतियों और कार्यशैली पर भी तीखा हमला बोला गया। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता के लिए लगातार कार्य कर रही है।

## डां. पीयूष सक्सेना भव्य स्वागत समारोह का हुआ आयोजन

# क्लींजिंग थेरेपी के प्रचार प्रसार से जनहित व आत्मसंतुष्टि ही उनका मुख्य ध्येय है: डॉ. पीयूष सक्सेना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** हॉलिस्टिक जीवन धारा फाउंडेशन द्वारा क्लींजिंग थेरेपी के प्रणेता डॉं. पीयूष सक्सेना पी.एच डी. (नेचुरोपैथी) अमेरिका का भव्य स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन देवेन्द्र हितकारी की अध्यक्षता में सूत्रधार डॉ.यशपाल गुप्ता विशेषज्ञ क्लींजिंग थेरेपी व (कोर्डिनेटर उ.भारत) के नेतृत्व में किया गया। समारोह का शुभारंभ ओ३म् की ध्वनि और गायत्री मंत्र से किया।

समारोह में गाजियाबाद के गणमान्य समाजसेवीओं ने शाल ओढ़ाकार,बुके देकर एवं पुष्पमालाओं द्वारा स्वागत किया गया। डा. यशपाल गुप्ता ने



बताया कि क्लींजिंग थेरेपी को भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा आरएमपी की देखरेख में प्रेक्टिस हेतु स्वीकृति मिलने के उपलक्ष में यह कार्यक्रम किया जा रहा है।किलींजिंग थेरेपी एक ऐसी विधा है जिससे हृदय रोग,जोड़ों का दर्द,लिवर व किडनी सम्बंधित 90% स्वास्थ्य समस्याओं और गंभीर रोगों का 100% इलाज हो जाता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है।

डा पीयूष सक्सेना ने अपने उद्बोधन में कहा कि क्लींजिंग थेरेपी की प्रासंगिक विधियों, नुस्खों को स्वयं पर, अपने माता पिता, पत्नी और पुत्र-पुत्री पर आजमाया है और उनके फायदों को जांचा परखा है।

योग मर्मज्ञ देवेन्द्र हितकारी ने डा सक्सेना का परिचय देने के साथ कहा कि क्लींजिंग थेरेपी के जनक डॉ. पीयूष सक्सेना के सान्निध्य में नेचुरोपैथी के कैम्प लगाए जाते हैं जिसमें विभिन्न रोगों से बचाव तथा उपचार की प्रक्रिया में बिना दवाई के हम अपने शरीर को रोगमुक्त कर सकते हैं। इसमें 28 प्रकार के क्लींजिंग आदि की प्रक्रिया द्वारा उपचार किया जाता है।

इस थैरेपी के नियमित अभ्यास से धीरे धीरे दवाइयों की निर्भरता कम होती जाती है और शरीर पूरी तरह रोगमुक्त हो जाता है।क्लींजिंग थेरेपी स्वस्थ राष्ट्र की दिशा में एक सार्थक कदम है। डा बी के हनुमान ने बताया कि वे शीघ्र ही क्लींजिंग थेरेपी पर नि:शुल्क सेमिनार का आयोजन हिन्दी भवन में डा पीयूष सक्सेना के सानिध्य में करेंगे। इस अवसर पर सर्वश्री दिनेश बग्गा, डॉ वी के अग्रवाल, रामजी लाल, अनिल अग्रवाल सांवरिया, डॉ रुखसाना प्रवीन आदि ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर मुख्य रूप से सर्वश्री डा प्रमोद सक्सेना, त्रिलोक शास्त्री, प्रवीण आर्य डा राजन आदर्श, सीए शिव सिंघल,अवनीश गर्ग, डॉ पीके वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# डॉ. सोनल चौधरी हुई बेस्ट प्रिंसिपल अवार्ड से सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** डी.जी.आर. ग्रुप ऑफ एजुकेशन की डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. सोनल चौधरी को AMET University द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में "बेस्ट प्रिंसिपल अवार्ड" से सम्मानित किया गया। यह सम्मान सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस उत्तर प्रदेश में आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया गया। यह सम्मान हापुड़ की डीआईओएस डॉ. श्वेता पूठिया के कर-कमलों द्वारा प्रदान किया गया।

यह पुरस्कार शिक्षा के क्षेत्र में डॉ. सोनल चौधरी के उत्कृष्ट योगदान, दूरदर्शी नेतृत्व, अनुशासन एवं निरंतर समर्पण को सम्मानित करने हेतु प्रदान



किया गया।

इसी अवसर पर पूनम, नीरज एवं गुड्डू गुप्ता को भी शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान एवं उत्कृष्ट शिक्षण कार्य के लिए "बेस्ट टीचर अवार्ड" से सम्मानित किया गया। डॉ. सोनल चौधरी ने इस सम्मान के लिए आयोजकों, सहकर्मियों, अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं डी.जी.आर. परिवार के सभी सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक समर्पण एवं उत्कृष्ट कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। विद्यालय के चेयरमैन गुलबीर सिंह ने डॉ. सोनल चौधरी एवं सभी सम्मानित शिक्षकों को शुभकामनाएँ एवं आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि पूरे डी.जी.आर. परिवार के लिए गर्व का विषय है।

# एमएमएच कॉलेज के नए शिक्षार्थियों के लिए प्रेरण कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** इग्नू अध्ययन केंद्र एम.एम.एच कॉलेज के नए शिक्षार्थियों के लिए प्रेरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हमारे इग्नू समन्वयक प्रो. जमुना प्रसाद ने की। इसमें सभी सहायक समन्वयक प्रो. संजय मिश्रा, प्रो. रविंद्र पटेल, प्रो. अलका व्यास, डॉ. अंजलि दत्त, डॉ. विलियम, बड़ी संख्या में शिक्षार्थी, प्रतिभागी और इग्नू परामर्शदाता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आरंभ में सहायक समन्वयक डॉ. अंजलि दत्त ने शिक्षार्थियों का स्वागत किया और इग्नू के बारे में संक्षिप्त




जानकारी दी। समन्वयक ने इग्नू के कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से बताया और असाइनमेंट तैयार करने तथा परीक्षा फॉर्म भरने में बरती जाने वाली सावधानियों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने शिक्षार्थियों को परामर्श सत्रों में भाग लेने के लिए भी प्रोत्साहित किया। प्रतिभागियों ने अपनी शंकाएँ रखीं, जिनका संतोषजनक उत्तर दिया गया। कार्यक्रम के अंत में सहायक समन्वयक प्रो. अलका व्यास ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

**अपर सिविल जज सी.डि.**
**जिला बिजनौर**
कोर्ट नं.-3
**विपिन कुमार बनाम अजय कुमार शर्मा आदि**

3. मनोज कुमार शर्मा आयु 45 वर्ष पुत्र स्व. मेहशबल शर्मा निवासी मौहल्ला ब्रह्मनान, कस्बा व परगना मण्डावर, तहसील व जिला-बिजनौर, हाल निवासी एच.ए. 55618 बी न्याय खण्ड 1 इन्दिरापुरम, गाजियाबाद, जिला गाजियाबाद।

हरगाह के आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 23.05.2026 को बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमे के हालात करार बाकई वाकिफ किया गया है और जो कुल उमूर अहम मुताल्लिक के मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके पास कोई शख्स हो जो कि जवाब में ऐसे सवालात को दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा को करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करे जिन पर आप बताईद अपनी जवाबदेह के इस्तेमाल करना चाहते हों।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे, तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपको समसुआ और फैसला होगा।

**नियत दिनांक 23-05-2026**
**प्रबंधक/प्रस्तुतकार**
**अपर सिविल जज ( सी.डि. )**
**जिला बिजनौर**

# भाकियू की महापंचायत बागड़पुर में 15 मई को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** भाकियू (अराजनैतिक) की महा पंचायत 15 मई को ग्राम बागड़पुर में होगी।

यह जानकारी देते हुए एडवोकेट मौहम्मद फैज कुरैशी ने बताया कि 15 मई को बागड़पुर स्थित बैंकट हॉल में होने वाली महापंचायत में मुख्य अतिथि युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह रहेंगे। उन्होंने बताया कि पंचायत को सफल बनाने के लिए आज ब्लॉक जलीलपुर में आयोजित बैठक में जिला महासचिव नितेंद्र प्रधान, बिजनौर तहसील अध्यक्ष उदयवीर सिंह उपस्थित उपस्थित रहे। बैठक अध्यक्षता ब्लॉक

## मुख्य अतिथ रहेंगे दिगंबर सिंह

अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने की। संच. ालन महिपाल सिंह भाटी ने किया। बैठक में जिला संरक्षक बाबा रामफल मुखिया, ब्लॉक महासचिव अरविंद कुमार, तहसील उपाध्यक्ष महबूब प्रधान, उस्मान अहमद, फरमान अहमद, कुलदीप सिंह, अनुज त्यागी, सोनू, विनीत कुमार, नगर अध्यक्ष आसिफ सिद्दीकी, किसान सेवक फैज कुरैशी भूपेंद्र सिंह, धर्मवीर वीर सिंह, मतलूब प्रधान आदि सैकड़ों किसान ग्रामीण मौजूद रहे।

# मातृ दिवस के अवसर पर सी.एस.एच.पी पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सी.एस.एच.पी पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस के अवसर पर एक भव्य एवं रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करना तथा उनकी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना था। विद्यालय परिसर उत्साह, उमंग एवं सांस्कृतिक रंगों से सराबोर दिखाई दिया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों की माताओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें डांस, सिंगिंग, रंगोली, फूड विदाउट फायर, रैम्प वॉक एवं मेहंदी प्रतियोगिता प्रमुख रहीं। सभी माताओं ने पूरे उत्साह एवं आत्मविश्वास के



साथ भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

डांस एवं सिंगिंग प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। रंगोली प्रतियोगिता में आकर्षक एवं रंग-बिरंगी कलाकृतियाँ बनाई गईं, वहीं फूड विदाउट फायर प्रतियोगिता में माताओं ने स्वादिष्ट एवं स्वास्थ्यवर्धक व्यंजन प्रस्तुत किए। रैम्प वॉक प्रतियोगिता कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही, जिसमें माताओं ने आत्मविश्वास एवं गरिमा के साथ मंच पर अपनी प्रस्तुति दी।

मेहंदी प्रतियोगिता में सुंदर डिजाइनों ने सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की निर्देशिका सविता गुप्ता एवं प्रधानाचार्या ममता शर्मा ने सभी माताओं का स्वागत करते हुए उनके योगदान की सराहना की।

उन्होंने कहा कि माँ परिवार एवं समाज की सबसे महत्वपूर्ण शक्ति होती हैं और ऐसे कार्यक्रम माताओं को सम्मान देने का एक सुंदर माध्यम हैं। सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को माननीय विद्यालय की निर्देशिका सविता गुप्ता एवं प्रधानाचार्या ममता शर्मा द्वारा पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किए गए।

कार्यक्रम के अंत में सभी माताओं एवं अभिभावकों ने विद्यालय के इस प्रयास की प्रशंसा की तथा इसे यादगार आयोजन बताया। पूरा कार्यक्रम हर्षोल्लास, प्रेम एवं सम्मान के वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# मुख्यमंत्री ने शुरू किया 'सेवा व रेस्क्यू अभियान'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मुख्यमंत्री सेवा सदन से बेसहारा, बीमार और असहाय लोगों के लिए विशेष 'सेवा एवं रेस्क्यू अभियान' का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने विशेष एम्बुलेंस और रेस्क्यू वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह पांच दिवसीय सघन अभियान 11 मई से 15 मई तक दिल्ली के सभी 13 जिलों में चलाया जाएगा। इस विशेष अभियान के माध्यम से दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 300 से अधिक जरूरतमंद लोगों को तत्काल सहायता प्रदान की जाएगी।यह पहल दिल्ली सरकार के समाज कल्याण विभाग, अपना घर आश्रम और सेवा भारती के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर शकूर बस्ती के विधायक श्री करनैल सिंह, अपना घर आश्रम के संस्थापक डॉ. बी एम भारद्वाज, सेवा भारती दिल्ली प्रांत के अध्यक्ष रमेश अग्रवाल सहित सभी सबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आज दिल्ली सरकार ने उन विशेष एंबुलेंस एवं रेस्क्यू वाहनों को रवाना किया है, जो पूरे शहर में सड़कों, फुटपाथों एवं सार्वजनिक स्थलों पर रहने वाले निराश्रित, बीमार एवं असहाय लोगों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। ऐसे लोगों को अपना घर आश्रम में लाकर उनका उपचार, देखभाल, भोजन, चिकित्सा एवं पुनर्वास सुनिश्चित किया जाएगा। अगर किसी जरूरतमंद व्यक्ति का परिवार उपलब्ध होगा और वह उन्हें



वापस अपने साथ ले जाने के लिए तैयार होगा तो स्वस्थ होने के बाद उन्हें परिवार से पुनः जोड़ा जाएगा। वहीं, जिन लोगों का कोई सहारा नहीं है, उनकी देखभाल आश्रम में ही पूरी संवेदनशीलता और मानवता के साथ की जाएगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि अपना घर आश्रम संस्था सही मायनों में मानवता की सेवा का कार्य कर रही है। हजारों बुजुर्ग, महिलाएं और बेसहारा लोग इस संस्था के माध्यम से नया जीवन और सम्मानजनक देखभाल प्राप्त कर रहे हैं। कई लोग गंभीर बीमारियों, शारीरिक तकलीफों और उपेक्षा की स्थिति में सड़कों के किनारे रहने को मजबूर हैं, उन्हें समय पर उपचार, भोजन और आश्रय तक नहीं मिल पाता। ऐसे लोगों तक सहायता पहुंचाना सरकार और समाज दोनों की जिम्मेदारी है। दिल्ली सरकार पुलिस प्रशासन, समाज कल्याण विभाग और सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति सहायता से वंचित न रहे।दिल्ली सरकार की ओर से शुरू किए गए इस अभियान के तहत दिल्ली के सभी 13 जिलों में सड़कों, रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंडों, धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर रह रहे असहाय, निराश्रित, बीमार, दिव्यांग एवं बेसहारा महिला और पुरुषों का रेस्क्यू किया जा रहा है। अभियान में टीबी, कैंसर, एड्स जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित जरूरतमंद लोगों को प्राथमिकता के आधार पर सुरक्षित आश्रय, उपचार और देखभाल उपलब्ध कराई जा रही है। इसके लिए 19 विशेष रेस्क्यू एंबुलेंस, 10 सहयोगी वाहन, लगभग 100 सदस्यीय स्टाफ और 50 समर्पित वालंटियर लगातार कार्यरत हैं।

## सरकारी स्कूलों में रेमेडियल कक्षाएं शुरू

**नई दिल्ली।** राजधानी के सरकारी स्कूलों में सोमवार से ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू होने के साथ ही कक्षा 9वीं, 10वीं व 12वीं की रेमेडियल कक्षाएं शुरू हो गईं। पहले दिन कक्षाओं में अधिक संख्या में छात्रों की उपस्थिति दर्ज की गई है। इस दौरान 9वीं और 10वीं कक्षाओं के छात्रों को गणित व विज्ञान विषय के महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया गया। वहीं, 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए अलग-अलग विषय निर्धारित किए गए हैं। यह कक्षाएं 23 मई तक आयोजित की जाएंगी। इसमें तीन कक्षाएं होंगी, जो कि प्रत्येक एक-एक घंटे की हैं। स्कूल प्रमुखों ने नियमित शिक्षकों की अनुपलब्धता की स्थिति में कई अतिथि व संविदा शिक्षकों को नियुक्त किया है।

# दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे व एनएच-9 पर जाम में फंसे लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे और एनएच-नौ पर सोमवार को वाहनों की चाल बिगड़ी रही। मरम्मत कार्य, वाहनों की खराबी और चढ़ने वाले कट से उल्टी दिशा में उतर रहे वाहनों के कारण यातायात बाधित रहा। जाम में फंसने के कारण किसी को ऑफिस पहुंचने में देरी हुई, तो कोई कॉलेज जाने में लेट हो गया। वाहन चालकों का आरोप है कि इस एक्सप्रेसवे और हाईवे पर रोज यही हाल होता है। ट्रैफिक पुलिस की गैर मौजूदगी के कारण लोग बेतरतीब तरीके से वाहन चलाते हैं। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रे सवे और एनएच-नौ पर सोमवार सुबह से खोड़ा तक लंबा जाम लग गया। गाजीपुर टोल प्लाजा के पास एक्सप्रेसवे पर चढ़ने वाले कट है। इससे वाहन उल्टी दिशा में एक्सप्रेसवे से एनएच-नौ पर उतरते दिखे। कट से चढ़ने और उतरने वाले वाहन आमने-सामने होने से दोनों सड़कों पर यातायात प्रभावित हो गया।

स्थिति यह बन गई कि पीछे तक जाम लगता चला गया। किसी तरह लोग इस हिस्से में जाम से जूझते हुए आगे बढ़े तो खिचड़ीपुर के पास एक्सप्रेसवे पर मरम्मत कार्य के लिए खड़ी मशीनों के कारण वाहनों के निकलने के लिए सिंगल लेन ही बची। इससे अक्षरधाम, सराय काले खां की ओर जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

# युवा पीढ़ी तय कर सकती है कि भारत एआई बायोटेक्नोलॉजी में कैसे आगे बढ़ेगा: एलजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल, सरदार तरनजीत सिंह संधू ने कहा कि भारत का साइंटिफिक ट्रेडिशन, मैथ्स और एस्ट्रोनॉमी से लेकर मेडिसिन तक, मॉडर्न इंस्टीट्यूशन्स से बहुत पुराना ज्ञान हमारे पास हमेशा से रहा है। आधुनिक भारत के सामने चुनौती सिर्फ टेक्नोलॉजी को आगे बढ़ाना नहीं है। इंस्टीट्यूशन्स और समाज के लिए यह एक बहुत बड़ा अवसर है। उन्होंने युवाओं से संबोधित करते हुए कहा कि आपकी पीढ़ी यह तय कर सकती है कि भारत एआई, बायोटेक्नोलॉजी, क्लीन एनर्जी, केमिकल, क्लाइमेट और इनोवेशन में कैसे आगे बढ़ेगा। संधु दिल्ली विवि में आयोजित 'राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस' समारोह के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उपराज्यपाल ने कहा कि प्रदूषण, पानी का स्ट्रेस और बहुत सी स्थितियाँ दुनिया भर के शहरों के भविष्य को तेजी से बदल रही हैं।

ऐसे में साइंटिफिक इंस्टीट्यूशन और अर्बन प्लानर को मिलकर काम करना चाहिए ताकि क्लाइमेट स्मार्ट प्रोसेस, ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाया जा सके। कार्यक्रम के समापन समारोह की अध्यक्षता डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने की।



दिल्ली विवि में आयोजित 'राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस' समारोह के समापन अवसर पर उपराज्यपाल, सरदार तरनजीत सिंह संधू डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह सम्मानित करते हुए।

# नशे में था नाबालिग, ट्रेन से टकराकर हुई मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सुल्तानपुरी रेलवे ट्रैक पर एक नाबालिग की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। रेलवे पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीती रात एफ-6 सुल्तान पुरी,नया पुल के पास के पास रेलवे ट्रैक पर घायल व्यक्ति के बारे में पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची।

घायल युवक को संजय गांधी अस्पताल में भर्ती करवाया। सिर की चोट की गंभीरता के कारण, मरीज को न्यूरोसर्जिकल और ऑर्थोपेडिक परामर्श के लिए एक बड़े मेडिकल सेंटर में रेफर किया गया। हालाँकि, रविवार रात 12 बजकर 23 AM मिनट पर अस्पताल में उस लड़के को मृत घोषित कर दिया गया। उसकी बाईं कोहनी और बाईं टांग पर भी गहरे घाव थे। जिसकी पहचान तोहिद अली खान (17) के रूप में हुई। वह परिवार के साथ ए ब्लॉक, जे जे कॉलोनी कैंप नंबर 2, नांगलोई इलाके में रहता था।

शुरुआती जांच में सामने आया कि शनिवार शाम सात से आठ बजे के बीच रोहतक से दिल्ली की ओर जा रही एक पैसेंजर ट्रेन से 17 साल का एक लड़का टकरा गया। एक चश्मदीद ने पुष्टि की कि टक्कर से पहले उसने उस लड़के को नशे की हालत में ट्रैक के पास चलते हुए देखा था। वह नशे में था। अधिकारियों ने बताया कि इस पूरे मामले में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि कुछ लड़कों ने चाकू मारकर उस लड़के की हत्या कर दी है। हालाँकि, अस्पताल में की गई गहन प्रारंभिक जाँच और मेडिकल परीक्षण से यह पता चला चोटें पहली नजर में ट्रेन से जुड़ी रेलवे यातायात दुर्घटना से ही लगी थी। साथ ही एक चश्मदीद से इस बात की पुष्टि होती है कि पटरियों के पास चलते समय एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया था।

## विजयपथ-हाई एनर्जी पार्टनर मीट 2026 आयोजित

**नई दिल्ली।** ड्यूरासोल एनर्जी ने "विजयपथ-हाई एनर्जी पार्टनर मीट 2026" का आयोजन किया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में देशभर से आए चौनल पार्टनर्स, डिस्ट्रीब्यूटर्स और बिजनेस एसोसिएट्स ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत और कंपनी प्रेजेंटेशन से हुई, जिसमें कंपनी के भविष्य के विजन, विस्तार योजनाओं और ग्रोथ प्लान्स की जानकारी दी गई।

इस दौरान ड्यूरासोल एनर्जी ने अपने नए प्रोडक्ट्स और आधुनिक एनर्जी सॉल्यूशंस भी पेश किए। दूसरे दिन प्रतिभागियों को गुरुग्राम स्थित हेड ऑफिस और कंपनी की 4 मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स का दौरा कराया गया, जहां उन्होंने कंपनी की टेक्नोलॉजी, रिसर्च और मैन्युफैक्चरिंग क्षमता को करीब से देखा। "विजयपथ 2026" का उद्देश्य मजबूत साझेदारी, नई तकनीक और बेहतर भविष्य की दिशा में साथ मिलकर आगे बढ़ना रहा।

## वीकेंड एक्टिंग बैच 23 से

**नई दिल्ली।** त्रिवेणी कला संगम में 23 मई से 13 सितंबर तक वीकेंड एक्टिंग बैच 2026 आयोजित किया जाएगा। चार महीने के इस थिएटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का निर्देशन रंगकर्मी अरविंद गौर करेंगे। कक्षाएं हर शनिवार और रविवार सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक चलेंगी। इसमें आवाज, बॉडी मूवमेंट, स्टेजक्राफ्ट और टीम वर्क जैसी थिएटर की बारीकियां सिखाई जाएंगी।

# नेहरू प्लेस में चाय की दुकान पर युवतियों से से मारपीट, चार आरोपी चिन्हित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कालका जी स्थित नेहरु प्लेस इलाके में दो युवतियों ने जब आरोपियों की अपमानजनक टिप्पणियों का विरोध किया।

आरोपियों ने दोनों युवतियों से हाथापाई की और मौके पर से फरार हो गए। पुलिस ने दोनों युवतियों के बयान पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रविवार सुबह सात बजे कालकाजी पुलिस को नेहरू प्लेस इलाके से एक पीसीआर कॉल मिली थी। कॉलर युवती ने बताया कि उनके साथ हाथापाई की गई है। पुलिस तुरंत इरोस होटल, नेहरू प्लेस के पास चाय की दुकान पर पहुंची। कॉलर युवती अपनी सहेली के साथ मौजूद मिली।

शुरुआती जांच से पता चला कि युवतियों पर आरोपियों ने अपमानजनक टिप्पणियां की और उनके साथ गाली-गलौज की गई। युवतियों ने जब इसका विरोध कर उनको सबक सीखाने की कोशिश की। आरोपियों ने उनके साथ हाथापाई की। लोगों को इक्ट्ठा होता देखकर आरोपी धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने दोनों युवतियों का एम्स अस्पताल में मेडिकल करवाया। उनके बयान पर एफआईआर दर्ज की। वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को कब्जे में लिया गया।

मौके पर मौजूद लोगों के बयान दर्ज किये गए। कई जगहों पर छापेमारी की गई, 8 लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की गई, और आखिरकार चार मुख्य आरोपियों की पहचान कर ली गई है। जिनके ठिकानों पर छापेमारी करके उनको पकडने की कोशिश की जा रही है

## आईपीयू ने पैरामेडिकल कोर्स में शुरू किए आवेदन

**नई दिल्ली।** गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विवि, दिल्ली ने नए पैरामेडिकल कोर्स में आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। ये कोर्स बी.एससी. क्लिनिकल साइकोलॉजी, बैचलर ऑफ साइंस इन इमरजेंसी मेडिकल एंड ट्रॉमा टेक्नोलॉजी (बी.एससी. ईएमटीटी), एपिडेमिक इंटेलिजेंस सर्विस (ईआईएस)/ मास्टर इन एप्लाइड एपिडेमियोलॉजी , एमए (क्लिनिकल साइकोलॉजी) , पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन रिहैबिलिटेशन साइकोलॉजी (पीजीडीआरपी) ,एम.एससी. स्पीच लैंग्वेज पैथोलॉजी बैचलर ऑफ ऑप्टोमेट्री हैं।

# बेअदबी कानून पर आंदोलन की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पंजाब सरकार द्वारा लाए गए गुरु ग्रंथ साहिब सम्मान संशोधन अधिनियम 2026 का दिल्ली का सिख भी विरोध कर रहे हैं।

कानून की कमियों को दूर नहीं करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। दिल्ली सिख गुरुद्वारा कमेटी (डीएसजीएमसी) की सदस्य और गुरु तेग बहादुर इंस्टीट्यूट आफ टेक्नॉलाजी (जीटीबी आइटी) की अध्यक्ष रंजीत कौर ने कहा कि यह कानून श्री गुरु ग्रंथ साहिब के सम्मान की रक्षा करने के लिए नहीं बल्कि लोगों की धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने और सिख समुदाय को गुमराह करने के लिए लाया गया है। उन्होंने कहा कि इसमें सबसे बड़ी कमी यह है कि कानून में श्अपवित्रताश की स्पष्ट परिभाषा नहीं दी गई है, जिससे भविष्य में इसका दुरुपयोग हो सकता है। सरकार ने सजा की बात तो की है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया है कि जांच कैसे की जाएगी, दोषियों को कैसे दंडित किया जाएगा और निर्दोष लोगों को झूठे मुकदमों से कैसे बचाया जाएगा।

## पीडब्ल्यूडी ने 13 जिलों में गठित की क्यूआरटी

**नई दिल्ली।** मानसून सीजन में पेड़ों के गिरने से बनने वाली आपात स्थिति से निपटने के लिए लोक निर्माण विभाग ने 13 जिलों में क्विक रिस्पॉन्स टीम का गठन किया है।

इस बाबत सोमवार को जारी आदेश में प्रत्येक जिले में तीन शिफ्टों में अलग-अलग सहायक अभियंताओं को इनका प्रभारी बनाया गया है। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के निर्देश पर टीमें बनाई गई हैं। आदेश के मुताबिक, तेज हवा या बारिश में गिरे और उखड़े पेड़ों को तुरंत हटाना क्यूआरटी की जिम्मेदारी रहेगी। ये आपात स्थिति में त्वरित व प्रभावी राहत सुनिश्चित करेंगे।



स्व. श्री आसफ अली की जयंती पर दिल्ली गेट के समीप पार्क में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उप-महापौर व अधिकारियों ने सहभागिता की।

# आसफ अली की जयंती पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम द्वारा आज स्वर्गीय श्री आसफ अली की जयंती के अवसर दिल्ली गेट के समीप पार्क में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दिल्ली नगर निगम की उप-महापौर डॉ. मोनिका पंत एवं निगम के वरिष्ठ अधिकारियों ने सहभागिता कर स्व. आसफ अली को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर उप-महापौर डॉ. मोनिका पंत ने कहा कि स्व. श्री आसफ अली ने जनसेवा, सामाजिक समर्पण एवं सार्वजनिक जीवन में जो आदर्श स्थापित किए, वे आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनका व्यक्तित्व संवेदनशील नेतृत्व, जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता एवं सामाजिक सरोकारों का प्रतीक था। दिल्ली नगर निगम उनके योगदान को सदैव सम्मान एवं आदर के साथ स्मरण करता रहेगा।" कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने स्व. आसफ अली के सामाजिक एवं जनहितकारी कार्यों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# मंगोलपुरी रोड अंडरब्रिज पर मरम्मत व ड्रेनेज कार्य

**■ ट्रैफिक पुलिस ने बताए वैकल्पिक रास्ते**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने मंगोलपुरी रोड अंडरब्रिज (आरयूबी मंगोलपुरी) पर मरम्मत और ड्रेनेज कार्य के कारण ट्रैफिक व्यवस्था में सात दिनों के लिए बदलाव की घोषणा की है।

इस दौरान राहगीरों को वैकल्पिक मार्ग भी बताया गया है। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, इस दौरान आरयूबी मंगोलपुरी की रोड को मजबूत करने और ड्रेनेज सिस्टम को सुधारने का काम किया जाएगा। यह कार्य 17 मई तक चलेगा।

एडवाइजरी के अनुसार, उद्योग नगर रोहतक रोड से मंगोलपुरी इंडस्ट्रियल एरिया की ओर आरयूबी मंगोलपुरी के रास्ते वाहनों की आवाजाही इस दौरान अस्थायी रूप से प्रतिबंधित रहेगी या डायवर्ट की जाएगी।

यह काम नांगलोई सर्कल क्षेत्र में यातायात को बेहतर बनाने और राहगीरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है। इस संबंध में वाहन चालकों से अनुरोध किया गया है कि वे अपनी यात्रा पहले से प्लान करें। साथ ही, रोहतक रोड पर लगाए गए डायवर्जन साइन बोर्डों का पालन करें और ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के साथ पूर्ण सहयोग करें। यात्रीगण क्षेत्र में अनावश्यक भीड़ से बचें और सभी ट्रैफिक नियमों का पालन करें।

सोशल मीडिया के एक्स प्लेटफॉर्म पर साझा किए गए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने मरम्मत कार्य को सुचारू रूप से पूरा करने के लिए जनता से धैर्य और सहयोग की अपील की है।

# बालीवुड में वापसी कर शुरू किए कई प्रॉजेक्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सभी सम्मानित मीडिया प्रतिनिधियों, अतिथियों और मेरे साथियों का मैं दिल से स्वागत करता हूँ। आज का दिन मेरे लिए बहुत खास है।




लगभग 6 साल के अंतराल के बाद, मैं एक बार फिर बॉलीवुड में वापसी कर रहा हूँ और इस बार एक नई सोच, नई ऊर्जा और बड़े विजन के साथ। रंगारंग कार्यक्रम के दौरान प्रोडूसर डारेक्टर डॉ. विजय भारद्वाज ने कहा कि सबसे पहले, मैं आप सभी का धन्यवाद करना चाहता हूँ, जिन्होंने हमेशा मेरे काम को सराहा और मुझे आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।आज मैं गर्व के साथ अपने 5 बड़े प्रोजेक्ट्स की घोषणा कर रहा हूँ।

यह एक डॉक्यूमेंट्री सॉन्ग है, जो देश के उन असली हीरोज की कहानी है जो अपने काम से भारत का नाम रोशन करते हैं। यह प्रोजेक्ट एक मजबूत संदेश देगा हम कहीं के भी हों, हम इस देश का हिस्सा हैं।

# जनकपुरी के निजी स्कूल का प्रबंधन अपने हाथ में ले सकती है सरकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार पश्चिमी दिल्ली के जनकपुरी स्थित एक निजी स्कूल का प्रबंधन अपने हाथ में ले सकती है, क्योंकि स्कूल परिसर में तीन साल की बच्ची के साथ कथित बलात्कार के मामले में स्कूल प्रशासन को जारी कारण बताओ नोटिस का अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है।

अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। बाल सुरक्षा, पर्यवेक्षण और वैधानिक मानदंडों के अनुपालन में गंभीर खामियों का हवाला देते हुए, शिक्षा निदेशालय (डीओई) ने आठ मई को स्कूल प्रबंधन को कारण बताओ नोटिस जारी किया, जिसमें चेतावनी दी गई कि संतोषजनक जवाब देने में विफल रहने पर दिल्ली स्कूल शिक्षा अधिनियम और नियम के प्रावधानों के तहत उसकी मान्यता रद्द की जा सकती है और प्रबंधन अपने हाथ में लिया जा सकता है।

अधिकारियों ने बताया कि स्कूल अधिकारियों को जवाब दाखिल करने के लिए तीन दिन का समय दिया गया था। हालांकि, शिक्षा विभाग को अभी तक जवाब नहीं मिला है और विभाग बाल सुरक्षा उपायों में कथित कमियों के लिए स्कूल के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने की योजना बना रहा है।

पुलिस के अनुसार, बच्ची की मां ने एक मई को जनकपुरी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी जिसमें आरोप लगाया गया कि उनकी बेटी के स्कूल में दाखिले के दूसरे दिन 30 अप्रैल को स्कूल में उसका यौन उत्पीड़न किया गया। इस संबंध में स्कूल के 57 वर्षीय कर्मचारी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि घर लौटने के बाद बच्ची ने दर्द की शिकायत की और बाद में अपनी मां को बताया कि उसे स्कूल के अंदर एक सुनसान इलाके में ले जाया गया था।

## केवाईसी अपडेट के बहाने धोखाधड़ी, दो धरे

**नई दिल्ली।** उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस के साइबर थाने की टीम ने 10,52,938/-की साइबर धोखाधड़ी के मामले को सुलझाकर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। केवाईसी विवरण अपडेट करने के बहाने धोखाधड़ी की गई थी।दिल्ली के उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि एक बुजुर्ग व्यक्ति की शिकायत के आधार पर जिले के साइबर थाने के अंतर्गत एक मामला दर्ज किया गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि 25 अप्रैल को उसे एक अज्ञात व्यक्ति का व्हाट्सप्प कॉल आया, जिसमें उनके बैंक खातों की केवाईसी विवरण अपडेट करने की बात कही गई थी।

# पार्कों व उद्यानों के रख रखाव के लिए वित्तीय सहायता बढ़ाने की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार राजधानी में हरित क्षेत्र को और मजबूत और विस्तार देने तथा सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पार्कों और उद्यानों के लिए दी जाने वाली वित्तीय सहायता में व्यापक संशोधन पर विचार कर रही है। दिल्ली पार्क्स एंड गार्डन्स सोसाइटी के माध्यम से आरडब्ल्यूए, गैर-सरकारी संगठनों और पंजीकृत सोसायटियों को दी जाने वाली सहायता राशि में प्रस्तावित वृद्धि का लक्ष्य शहर के हरित स्थलों की गुणवत्ता, रखरखाव और दीर्घकालिक संरक्षण को बेहतर बनाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार की इस पहल से न केवल राजधानी में हरित आवरण का विस्तार होगा, बल्कि प्रदूषण नियंत्रण में भी मदद मिलेगी और समग्र शहरी पर्यावरण में सकारात्मक सुधार देखने को मिलेगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि बढ़ती लागत और श्रमिकों की मजदूरी को ध्यान में रखते हुए पार्कों और उद्यानों के रखरखाव के लिए दी जाने वाली वार्षिक सहायता को 2.55 लाख रुपये प्रति एकड़ से बढ़ाकर 3.8 लाख रुपये प्रति एकड़ प्रति वर्ष करने का प्रस्ताव है।

# गुरु रत्न टीचर्स अवॉर्ड्स 2026 बना शिक्षा जगत का सबसे बड़ा सम्मान समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शिक्षा जगत में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों और शिक्षाविदों को सम्मानित करने के लिए सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ में आयोजित गुरु रत्न टीचर्स अवॉर्ड्स 2026 नॉर्थ एडिशन समारोह शिक्षा क्षेत्र का भव्य और प्रेरणादायक आयोजन बन गया। कार्यक्रम में उत्तर भारत के विभिन्न राज्यों से पहुंचे करीब 500 शिक्षकों, प्राचार्यों और शिक्षाविदों को सम्मानित किया गया। समारोह का आयोजन डा. जे. रामचंद्रन मैरीटाइम फाउंडेशन द्वारा सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ एवं एएमईटी यूनिवर्सिटी चेन्नई के सहयोग से किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। समारोह में दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और बिहार सहित विभिन्न राज्यों से पहुंचे शिक्षकों को शिक्षा, शैक्षणिक नेतृत्व, नवाचार और छात्र विकास में उत्कृष्ट कार्य के लिए ट्रॉफी और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान गर्व, प्रेरणा और उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता रम्या रामचंद्रन, वाइस-चेयरपर्सन सिम्स हापुड़ एवं मैनेजिंग ट्रस्टी अय्यनार एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट ने की। मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक डा. श्वेता पूठिया ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षकों की भूमिका केवल कक्षा तक सीमित नहीं रह गई है। शिक्षक आज मार्गदर्शक, नवाचार के प्रेरक और विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण के प्रमुख आधार बन चुके हैं। विशिष्ट अतिथि सुशीला रामचंद्रन, मैनेजिंग ट्रस्टी एएमईटी ट्रस्ट एवं सरस्वती





अम्मल एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट ने सभी सम्मानित शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को केवल शिक्षा ही नहीं बल्कि जीवन मूल्यों और नैतिकता का मार्ग भी दिखाते हैं। कार्यक्रम का संचालन अत्यंत व्यवस्थित और पेशेवर ढंग से किया गया। इस दौरान विभिन्न राज्यों से आए शिक्षकों ने आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, डिजिटल एजुकेशन, शैक्षणिक नेतृत्व और छात्र विकास जैसे विषयों पर अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का समापन सिम्स के जनरल मैनेजर एन. वर्धराजन द्वारा धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ। गुरु रत्न टीचर्स अवॉर्ड्स 2026 शिक्षा जगत के लिए एक ऐतिहासिक आयोजन के रूप में सामने आया, जिसने यह संदेश दोहराया कि शिक्षक ही एक मजबूत और प्रगतिशील राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति हैं। रम्या रामचंद्रन ने कहा कि गुरु रत्न टीचर्स अवॉर्ड्स केवल एक सम्मान समारोह नहीं बल्कि शिक्षकों के प्रति हमारी कृतज्ञता और सम्मान का प्रतीक है। जब शिक्षक सम्मानित होते हैं तो शिक्षा व्यवस्था मजबूत होती है और देश का भविष्य और अधिक उज्ज्वल बनता है। हमारा प्रयास आगे भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से शिक्षकों को प्रेरित और प्रोत्साहित करने का रहेगा, क्योंकि शिक्षक ही राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत आधारशिला हैं।

# चोरी को अंजाम देने वाले आरोपी गिरफ्तार पुलिस ने बरामद की 7.5 एचपी मोटर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बाबूगढ़ थाना पुलिस ने चोरी की वारदात का सफल खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई सुगमा कंपनी की 7.5 एचपी मोटर और घटना में प्रयुक्त ऑटो भी बरामद किया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। बाबूगढ़ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र में दर्ज चोरी के मुकदमे का खुलासा किया। बीएनएस के तहत जांच की जा रही थी। जांच और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने ग्राम छपकौली से अल्लीपुर जाने वाले रास्ते के पास दबिश देकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में परविंद्र पुत्र राजाराम निवासी ग्राम काकर हसनपुर थाना हाफिजपुर, बिट्टू पुत्र विजय सिंह निवासी ग्राम अयादनगर दक्षिणी थाना बाबूगढ़ और प्रशांत पुत्र लख्मी निवासी ग्राम अयादनगर दक्षिणी थाना बाबूगढ़ शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई सुगमा कंपनी की 7.5 एचपी मोटर बरामद की। साथ ही घटना में इस्तेमाल किया गया ऑटो नंबर यूपी 37 एटी 3748 भी कब्जे में लिया गया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों से चोरी की अन्य घटनाओं के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में संबंधित धाराओं की वृद्धि की गई है। थाना प्रभारी का कहना है कि आरोपियों के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।

# जनगणना और पंचायत चुनाव के बीच फंसा गांवों का प्रशासन, प्रधानों ने मांगा कार्यकाल विस्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** त्रिस्तरीय पंचायतों के चुनाव समय से न होने और प्रदेश में जनगणना कार्य जारी रहने के बीच पंचायत प्रतिनिधियों के कार्यकाल विस्तार की मांग अब तेज होने लगी है। सोमवार को पश्चिम उत्तर प्रदेश ग्रामीण सत्ता पंचायती राज संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष इकबाल प्रधान के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर वर्तमान ग्राम प्रधानों एवं पंचायत प्रतिनिधियों का कार्यकाल बढ़ाए जाने की मांग उठाई।

ज्ञापन में कहा गया कि ग्राम पंचायतें ग्रामीण प्रशासन और विकास योजनाओं की रीढ़ हैं। वर्तमान समय में पंचायत चुनावों को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है, जबकि दूसरी ओर जनगणना जैसा



महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य भी चल रहा है। ऐसे में यदि पंचायत प्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त होता है तो ग्राम स्तर पर प्रशासनिक शून्यता उत्पन्न हो सकती है, जिससे विकास कार्यों और जनहित योजनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि वर्तमान ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्य एवं अन्य पंचायत प्रति. निधियों का कार्यकाल तब तक यथावत रखा जाए,

जब तक नए चुनाव संपन्न होकर नवनिर्वाचित प्रतिनिधि कार्यभार ग्रहण न कर लें। प्रदेश उपाध्यक्ष इकबाल प्रधान ने कहा कि ग्राम पंचायतें केवल संवैधानिक व्यवस्था नहीं बल्कि ग्रामीण भारत की सबसे मजबूत लोकतांत्रिक इकाई हैं। ग्राम प्रधान और पंचायत प्रतिनिधि गांव के हर परिवार, हर वार्ड और हर व्यवस्था से सीधे जुड़े होते हैं। ऐसे में उनके अनुभव और समन्वय के बिना जनगणना कार्य भी प्रभावित हो सकता है। इकबाल प्रधान ने कहा कि संगठन की मांग पूरी तरह जनहित और प्रशासनिक सततता को ध्यान में रखकर की गई है। पंचायत प्रतिनिधियों का कार्यकाल विस्तार लोकतंत्र के खिलाफ नहीं बल्कि एक अंतरिम प्रशासनिक व्यवस्था होगी,

जिससे गांवों में शासन और जनता के बीच समन्वय बना रहेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव संपन्न होते ही नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को विधिवत कार्यभार सौंप दिया जाएगा। नगणना और जनकल्याणकारी योजनाओं की निरंतरता बनाए रखने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों के कार्यकाल विस्तार पर सहानुभूतिपूर्वक सकारात्मक निर्णय लिया जाए, ताकि गांवों में प्रशासनिक व्यवस्था और विकास कार्य प्रभावित न हों।

# जमीन विवाद बना सिरदर्द, महिला ने जिलाधिकारी से लगाई न्याय की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बाबूगढ़ क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर एक महिला ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। महिला का कहना है कि वह पिछले करीब तीन वर्षों से अपनी भूमि की वास्तविक स्थिति स्पष्ट कराने और कब्जा दिलाने के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रही है, लेकिन आज तक उसे कोई लिखित आदेश या स्पष्ट रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराई गई। सुमन देवी ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि थाना बाबूगढ़ क्षेत्र में स्थित खसरा संख्या 688 और 665 की भूमि उन्होंने वर्ष 2006 में पुनीत गोयल से विधिवत खरीदी थी। उक्त भूमि मूल रूप से वर्ष 2004 में तत्कालीन एसडीएम द्वारा नीलामी के माध्यम से आवंटित की गई थी। भूमि खरीद के समय मौके पर कब्जा भी दिलाया गया था और वर्षों से वह शांतिपूर्ण तरीके से भूमि पर काबिज हैं। महिला का कहना है कि उसने प्लॉट पर बाउंड्री और एक कमरा भी बनवाया हुआ है।

महिला ने बताया कि वर्ष 2025 में उसने इसी भूमि का विक्रय अनुबंध योगेंद्र उर्फ कालू के पक्ष में किया था, लेकिन अब तनवीर नाम का व्यक्ति उक्त भूमि को अपनी बताते हुए लगातार विवाद कर रहा है। महिला के अनुसार संबंधित व्यक्ति की भूमि का खसरा नंबर अलग है, इसके बावजूद वह उसके प्लॉट पर दावा कर रहा है। प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि मामले को लेकर कई बार एसडीएम हापुड़, थाना बाबूगढ़ और अन्य अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं



हुआ। पीड़िता ने बताया कि वह गंभीर रूप से थायरॉइड और हृदय रोग से पीड़ित है तथा लगातार सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने से मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान हो चुकी है। महिला ने जिलाधिकारी से मांग की है कि पैमाइश की रिपोर्ट लिखित रूप में उपलब्ध कराई जाए, मौके पर उसकी भूमि की स्थिति स्पष्ट कर कब्जा दिलाया जाए और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

# हापुड़ में चौंकाने वाली चोरी, मंदिर परिसर से टोटी ले उड़ा डिलीवरी बॉय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित बालाजी मंदिर के बाहर लगी पीने के पानी की टोटी चोरी होने का मामला सामने आया है। पूरी घटना मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसके बाद स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। सूचना मिलने पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बताया गया है कि मंदिर के बाहर राहगीरों और श्रद्धालुओं के लिए पीने के पानी की व्यवस्था के तहत टोटी लगाई गई थी। देर रात एक डिलीवरी बॉय वहां पहुंचा और मौका देखकर टोटी खोलकर अपने साथ ले गया। घटना के बाद जब सुबह मंदिर पहुंचे लोगों ने टोटी गायब देखी तो हड़कंप मच गया।

मामले की जानकारी होने पर मंदिर प्रबंधन ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें एक युवक टोटी चोरी करते हुए दिखाई दिया। फुटेज में युवक डिलीवरी बॉय की ड्रेस में नजर आ रहा है। घटना सामने आने के बाद क्षेत्र के लोगों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि धार्मिक स्थलों पर भी अब चोरी की घटनाएं होने लगी हैं, जिससे लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। स्थानीय लोगों ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं और राहगीरों की सुविधा के लिए पानी की व्यवस्था की गई थी, लेकिन आरा. ेपी ने छोटी सी वस्तु के लिए भी चोरी जैसी हरकत कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज अपने कब्जे में लेकर आरोपी की पहचान शुरू कर दी है। पुलिस




का कहना है कि फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

# रफ्तार का कहर, ट्रक की टक्कर से पलटा टेंपो, मची चीखपुकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धौलाना थाना क्षेत्र में तेज रतार का कहर देखने को मिला, जहां एक तेज गति से आ रहे ट्रक ने सवारियों से भरे टेंपो में जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि टक्कर लगते ही टेंपो सड़क पर पलट गया और उसमें सवार यात्रियों में चीखपुकार मच गई। दुर्घटना में करीब आधा दर्जन यात्री घायल हो गए, जिन्हें पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टेंपो सड़क से गुजर रहा था तभी तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू करते हुए टेंपो में फंसे यात्रियों को बाहर




निकाला। सूचना मिलने पर थाना धौलाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। कुछ यात्रियों को गंभीर चोटें आने की भी बात सामने आ रही है। हादसे के चलते कुछ समय के लिए सड़क पर यातायात भी प्रभावित रहा। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे कर यातायात सुचारू कराया। वहीं ट्रक चालक हादसे के बाद मौके से फरार बताया जा रहा है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और वाहन नंबर के आधार पर चालक की तलाश में जुट गई है।

# ऊर्जा निगम के अधिकारियों पर लगाया अभद्रता करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** विद्युत संविदा कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने अधीक्षण अभियंता को शिकायत पत्र देकर एसडीओ और अवर अभियंता पर अभद्रता करने का आरोप लगाया है। उन्होंने संबंधित लोगों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

संगठन के जिलाध्यक्ष मोहन शर्मा ने बताया कि पिलखुवा के एक संविदा कर्मचारी के वेतन को काट लिया गया था। इसको लेकर उन्होंने अवर अभियंता से वार्ता की तो उन्होंने उनके साथ अभद्रता की। इसके बाद उनको अवर अभियंता के कार्यालय में बुला लिया गया और उसके बाद भी अभद्रता की गई। उन्होंने सभी संविदा कर्मचारियों के साथ मिलकर निगम उच्च अधिकारियों को पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

## तमंचे के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि रविवार की रात को कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। गांव मानक चौक के जंगल में पहुंचने पुलिस ने गांव निवासी प्रिंस को संदिग्ध घुमते हुए पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी के पास से एक तमंचा बरामद किया। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# खुशियों, मस्ती और मुस्कानों से सजा मदर्स डे समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ब्रेनवेव्स इंटरनेशनल स्कूल में मदर्स डे का आयोजन बेहद उत्साह, उल्लास और रंगारंग माहौल के बीच किया गया। पूरे स्कूल परिसर में खुशियों, संगीत और मुस्कुराहटों की बहार देखने को मिली। कार्यक्रम में शामिल माताओं ने विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आयोजन का भरपूर आनंद उठाया। समारोह के दौरान माताओं के लिए कई आकर्षक स्टॉल लगाए गए थे, जो कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण बने रहे। नेल आर्ट, फेस पेंटिंग, वूल ब्रेड स्टॉल और मॉकटेल्स का माताओं ने उत्साहपूर्वक आनंद लिया। रंग-बिरंगी सजावट और जीवंत माहौल ने पूरे आयोजन को खास बना दिया।



कार्यक्रम को और अधिक रोचक बनाने के लिए फन गेम्स और म्यूजिकल गेम्स का आयोजन भी किया गया। इन खेलों में माताओं ने पूरे जोश और ऊर्जा के साथ भाग लिया। खेलों के दौरान हंसी-ठिठोली और उत्साह ने माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया। कार्यक्रम का सबसे बड़ा आकर्षण पूल पार्टी रही, जहां संगीत, मस्ती और खुशियों की फुहारों के बीच माताओं ने जमकर आनंद लिया। पूल पार्टी के दौरान सभी प्रतिभागियों के चेहरे पर खुशी और उत्साह साफ दिखाई दिया। आयोजन मातृत्व के प्रेम, त्याग और समर्पण को समर्पित एक यादगार उत्सव बन गया। विद्यालय प्रबंधन ने कार्यक्रम में शामिल सभी माताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी सहभागिता और उत्साह ने समारोह को बेहद खास और सफल बना दिया। उन्होंने कहा कि मां केवल परिवार की नहीं बल्कि पूरे समाज की सबसे मजबूत आधारशिला होती हैं और ऐसे आयोजन उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने का माध्यम हैं। कार्यक्रम का समापन ढेरों खूबसूरत यादों, मुस्कुराहटों और उत्साह के साथ हुआ। आयोजन के दौरान मौजूद अभिभावकों और प्रतिभागियों ने स्कूल प्रबंधन के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे यादगार कार्यक्रम बताया।

## एक नजर

### ढाबा संचालकों की दबंगई पड़ी भारी, वायरल वीडियो के बाद हुई गिरफ्तारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर ढाबे के बाहर गाड़ी खड़ी करने को लेकर दो ढाबा संचालकों के बीच शुरू हुआ विवाद उस समय बढ़ गया जब एक युवक के साथ मारपीट कर दी गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मामला थाना गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में कुछ लोग युवक के साथ मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं। बताया गया कि हाईवे स्थित दो ढाबों के बीच ग्राहकों की गाड़ियां अपनी-अपनी दुकानों के सामने खड़ी कराने को लेकर विवाद चल रहा था। इसी दौरान कहासुनी बढ़ गई और मामला मारपीट तक पहुंच गया।

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होते ही पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपियों की पहचान कर दबिश दी और दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में इसरार पुत्र रहीसुद्दीन निवासी मोहल्ला तारापुरी थाना ब्रह्मपुरी जनपद मेरठ तथा जफर अहमद पुत्र मुनकाद अली निवासी ग्राम अठसैनी थाना गढ़मुक्तेश्वर शामिल हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। थाना प्रभारी का कहना है कि वायरल वीडियो के आधार पर पूरे मामले की जांच की जा रही है और घटना में शामिल अन्य लोगों की भी पहचान की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### 5 दिन बाद अमृतसर से बरामद हुआ लापता किशोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव शुक्लमपुरा से संदिग्ध दशा में लापता हुए किशोर को पुलिस ने पंजाब के अमृतसर से बरामद कर लिया है। किशोर को बरामद करने के बाद पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि क्षेत्र के गांव शुक्लमपुरा निवासी राजेश कुमार का 15 वर्ष का बेटा हर्षित करीब दस दिन पूर्व संदिग्ध दशा में लापता हो गया था। उसके लापता होने के बाद पुलिस ने उसकी रिपोर्ट दर्ज करते हुए तलाश की। तलाश के दौरान किशोर की लोकेशन पंजाब के अमृतसर में मिली लोकेशन के आधार पर पुलिस ने उसको बरामद किया। उसके बरामद करने के बाद पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई करते हुए उसके परिवार के लोगों को सौंप दिया है।

# सड़क हादसे में हुई दिल्ली पुलिस के जवान की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बागपत के खेकड़ा ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर रविवार को खेल स्टेडियम के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से सिंभावली क्षेत्र के गांव जमालपुर निवासी बाइक सवार दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल अरुण (37) की मौत हो गई। वहां आए पुलिसकर्मियों ने आईकार्ड से पहचान कर उनके परिजनों और दिल्ली पुलिस को हादसे की जानकारी दी। गांव निवासी सतेंद्र कुमार ने बताया कि उनका बेटा अरुण दिल्ली पुलिस में हेड कांस्टेबल के पद पर सरिता विहार थाने में तैनात था। रविवार सुबह किसी जांच के मामले में मेरठ जा रहे था। ईस्टर्न पेरिरल एक्सप्रेसवे पर खेल स्टेडियम के पास पीछे से आए अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। सिर में चोट लगने से अरुण घायल हो गया। हादसे की सूचना पर वहां आई पुलिस ने एंबुलेंस से सीएचसी भेजा, लेकिन रास्ते में मौत हो गई। पुलिसकर्मियों ने जेब में मिले आधार कार्ड और आईकार्ड से पहचान की। हादसे की सूचना पर सरिता विहार थाने से पुलिसकर्मी और परिवार वाले भी पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। गांव में उसके शव पहुंचने के बाद परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

## लखनऊ पहुंचा हरोड़ा रोड़ की टूटी सड़क का मामला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष दीपक भाटी ने लोक निर्माण विभाग के मंत्री को ज्ञापन देंकर कस्बा स्थित हरोड़ा रोड़ की टूटी सड़क को शीघ्र ही ठीक कराने की मांग की है।

बता दें कि हरोड़ा रोड़ की सड़क पिछले कई माह से जर्जर हुई पड़ी है। यहां पर नालियों का गंदा पानी भरा होने से गांव हरोड़ा, रतपुरा, बड्डा, मुरादपुर, बंगोली, हाजीपुर, दरियापुर, कुराना, भरना के लोगों को परेशानी हो रही है। इस गंभीर समस्या को देखते हुए युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष दीपक भाटी ने प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के मंत्री ब्रिजेश सिंह से मुलाकात कर ज्ञापन दिया। मंत्री ने उनको आश्वासन दिया है कि शीघ्र ही संबंधित समस्या का समाधान किया जाएगा।

# चलती कार का टायर फटा, डिवाइडर से टकराई कार, बड़ा हादसा टला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** ब्रजघाट क्षेत्र के गांव अल्लाबख्शपुर के निकट निर्माणाधीन अंडरपास के निकट एक कार डिवाइडर से टकरा कर छतिग्रस्त हो गई। कार में सवार परिवार बाल बाल बच गया। इस दौरान पीछे से आए वाहनों की रफ्तार थम गई। पुलिस ने कार को साइड कराते हुए वाहनों को आगे के लिए निकाला गया।

सोमवार की सुबह को दिल्ली की ओर से ब्रजघाट की ओर जा रही एक कार का चालक अचानक अपना संतुलन खो बैठा। इसी कारण से गाड़ी निर्माणाधीन अंडर पास के डिवाइडर से टकरा गई। गाड़ी के टकराने पर कार सवार परिवार के लोगों में चीख पुकार मच गई। वहीं पीछे से आए वाहनों के पहिए रुकने से जाम की स्थिति पैदा हो गई। पुलिस ने गाड़ी को साइड कराते हुए वाहनों को आगे के लिए रवाना किया।

## दो पक्षों के बीच जमकर हुई मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** मूल रूप से ग्राम पोरसा बडा थाना महुआपुरा जिला दतिया मध्य प्रदेश निवासी राजेश और अमजद पिछले काफी समय से क्षेत्र के गांव वैट में रहते है। उनके ही पड़ोसी गांव रिछौरा निवासी तस्लीम, आफताब, शाहरुख गांव बक्सर में रहते है। दोनों ही पक्ष गांवों में पानी पूरी बेचकर परिवार का पालन पोषण करते है। रविवार की रात को दोनों पक्ष के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। पुलिस ने दोनों पक्षों के पांचों लोगों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# लैपटॉप चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

**नोएडा में छह महीने से थे एक्टिव, 31 लैपटॉप बरामद, 250 कर चुके चोरी**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** कार की शीशा तोड़कर महज 5 सेकेंड में लैपटॉप चोरी करने वाले तीन लोग गिरफ्तार किए गए। इनके पास से 31 लैपटॉप और पोर्टेबल मशीन बरामद की गई। इसी मशीन के जरिए ये लोग कार का शीशा तोड़कर सामान चोरी करते है। इनके नाम लविश, अंकित और राजेंद्र वर्मा है। एडीसीपी ने मनीषा सिंह ने बताया कि ये गैंग छह महीने से सक्रिय है।

एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि थाना सेक्टर-113 पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना के आधार पर तीनों को सोरखा से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि फैक्ट्री और आसपास के एरिया में खड़ी कार की पहले रैकी करते। टार्च से अंदर देखते है। लैपटॉप बैग होने पर मशीन के जरिए महज 5 सेकेंड में शीशा तोड़कर लैपटॉप चोरी कर फरार हो जाते है।



**सुनसान इलाकों में छिपाते:** चोरी किए गए लैपटॉप को सुनसान स्थानों पर छिपा देते है। साथ ग्राहक मिलने पर उसको बेच देते है। मिले पैसों को आपस में बांटकर मौज मस्ती करते है। ये लोग लैपटॉप के पार्टस भी बेचते है। पुलिस अब इनके और साथियों को तलाश कर रही है।

**छह महीने से है एक्टिव:** पुलिस ने बताया कि इनके ऊपर नोएडा में करीब 10 मुकदमे है। इसके अलावा दिल्ली, गाजियाबाद और एनसीआर के अन्य हिस्सों में भी ये सक्रिय है। चोरी की बाइक का प्रयोग ये वारदात को अंजाम देने के लिए करते है। बताया गया कि छह महीने में 250 से ज्यादा लैपटॉप चोरी कर चुके है।

## मोनिका नागर हत्याकांड में मुख्य आरोपी अब भी फरार, पुलिस की कई जिलों में दबिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** घोड़ी बछेड़ा गांव में विवाहिता मोनिका नागर की हत्या के मामले में चार दिन बाद भी मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। दादरी कोतवाली पुलिस ने पति अनुज चौहान और उसके परिजनों की तलाश में गौतमबुद्धनगर समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के छह जिलों में दबिश दी है। लेकिन अब तक आरो. पियों का कोई सुराग नहीं लग सका है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मोनिका नागर की हत्या संपत्ति विवाद में किए जाने का आरोप है। मृतका के परिजनों का कहना है कि करोड़ों रुपये की संपत्ति हासिल करने के उद्देश्य से मोनिका पर लगातार दबाव बनाया जा रहा था। मालूम हो कि घोड़ी बछेड़ा गांव निवासी अनुज चौहान ने बरोला निवासी मोनिका नागर से प्रेम विवाह किया था। वर्ष 2019 में मोनिका के पिता की मृत्यु के बाद बरौला और दुजाना गांव स्थित संपत्ति मोनिका और उसकी मां रेनू नागर के नाम दर्ज हो गई थी।

आरोप है कि शादी के बाद से ही पति और उसके परिवार के लोग संपत्ति बेचने के लिए मोनिका पर दबाव बना रहे थे। 7 मई की दोपहर घर के भीतर मोनिका के साथ बेरहमी से मारपीट की गई, जिससे उसकी मौत हो गई। आरोप है कि घटना के बाद आरोपी शव का जल्दबाजी में अंतिम संस्कार करने के लिए श्मशान घाट ले गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों और पुलिस ने अधजले शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पुलिस ने इस मामले में सोमवार को रामगढ़ फाटक के पास से करन को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी के घर पर ताला लगा हुआ है। पुलिस ने आरो. पियों के घर पर दबिश दी है लेकिन आरोपियों का कोई सुराग नहीं लगा है।

मृतका की मां को कार से कुचलने का प्रयास : मृतका की मां रेनू नागर ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जब वह घटना की सूचना मिलने पर घोड़ी बछेड़ा गांव पहुंचीं तो आरोपियों ने उन्हें डराने और नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। उनका आरोप है कि फॉर्च्यूनर गाड़ी से उन्हें कुचलने का प्रयास किया गया, हालांकि वह बाल-बाल बच गईं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच तेज कर दी है। एसीपी ग्रेटर नोएडा प्रशाली गंगवार ने बताया कि मोनिका हत्याकांड में नामजद पति अनुज चौहान और उसके परिजन घटना के बाद से फरार हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दो विशेष टीमें गठित की गई हैं।

## मेट्रो स्टेशन से नीचे कूदकर जान दी

**नोएडा।** सेक्टर-63 थाना क्षेत्र स्थित इलेक्ट्रॉनिक सिटी मेट्रो स्टेशन से सोमवार सुबह 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति ने छलांग लगा दी। उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उसने दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक सोमवार सुबह सूचना मिली कि सेक्टर-63 के इलेक्ट्रॉनिक सिटी मेट्रो स्टेशन से 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति ने नीचे छलांग लगा दी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया, वहां पर डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि आसपास के लोगों और सोशल मीडिया के माध्यम से पुलिस शव की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

# ग्रेनो में ओपन जिम लगाने का काम जल्द शुरू होगा

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के कासना, सिरसा, डाढ़ा और गिरधरपुर समेत 18 गांवों में ओपन जिम लगाने का काम इस हफ्ते शुरू हो जाएगा। इसके लिए प्राथमिक विद्यालय के परिसर और खेल मैदान में पहले ही जगह चिन्हित कर ली गई है। प्राधिकरण ने चयनित कार्यदायी संस्था को कार्य आदेश जारी कर दिया है।

प्राधिकरण ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए सेक्टरों के साथ अधिसूचित क्षेत्र के गांवों में ओपन जिम स्थापित करने की कार्ययोजना तैयार की है। इसके तहत सेक्टर के विभिन्न पार्कों में ओपन जिम लगाने के बाद अब क्षेत्र के गांवों में भी यह सुविधा उपलब्ध कराने का काम शुरू कर दिया गया है। परियोजना विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक और वर्क सर्किल-8 के प्रभारी नागेंद्र सिंह ने बताया कि प्रथम चरण में क्षेत्र के 18 गांवों में ओपन जिम स्थापित की जाएगी। चयनित किए गए गांवों के प्राथमिक विद्यालय और खेल मैदान में जगह चिन्हित की गई है। गांवों का चयन जनप्रतिनिधियों के दिशा-निर्देश और जागरूक लोगों से विचार- विमर्श कर किया गया। अधिकारी के मुताबिक प्रत्येक जिम में छह प्रकार के उपकरण लगाए जाएंगे। इस पर लगभग दो करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। उपकरणों की आपूर्ति और उन्हें लगाने के लिए चयनित एजेंसी तीन साल तक रखरखाव भी करेगी। ओपन जिम लगाने का काम छह माह में पूरा कर लिया जाएगा। घर के नजदीक ओपन जिम की सुविधा होने से लोग आसानी से फायदा उठा सकेंगे। बता दें कि ग्रेटर नोएडा के ज्यादातर सेक्टरों के पार्कों में ओपन जिम स्थापित की जा चुकी है।



> सेक्टरों की तर्ज पर क्षेत्र के गांवों में भी ओपन जिम की सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य किया जाएगा। क्षेत्र के 18 गांवों में यह काम जल्द शुरू हो जाएगा। चरणबद्ध तरीके से सभी गांवों में ओपन जिम स्थापित किए जाएंगे। इससे गांव के लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता पैदा होगी।
>
> **- रवि कुमार एनजी, सीईओ, ग्रेटर नोएडा।**

**इन गांवों में ओपन जिम लगाई जाएगी-** कासना, बिरौंडा, डाढ़ा, सिरसा, खानपुर, लड़पुरा, घंघौला, चीरसी, अस्तौली, गिरधरपुर, अमीनाबाद उर्फ नियाना, रामपुर माजरा, आजमपुर गढ़ी, दलेलगढ़, बागपुर, बिसायच, दादूपुर और नवादा।

**उपकरण की सूची**

**ये उपकरण लगाए जाएंगे-** ओपन जिम में पेट की मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए सिट-अप स्टेशन, शरीर को घुमाने और मरोड़ने के लिए उपयोग में आने वाला ट्विस्टर, एयर वॉकर, वन सीटेड चेस्ट प्रेस, खींचने वाली कुर्सी, पैर की मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए लेग प्रेस, मोटे रबर के फर्श की टाइल्स आदि उपकरण लगाए जाएंगे।

**ग्रेनो वेस्ट में तैयारी:** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के विभिन्न सेक्टरों में स्थित पार्कों में भी ओपन जिम, गार्डन बेंच और झूले लगाने की तैयारी चल रही है। इसकी निविदा जारी की जा चुकी है। ओपन जिम के साथ गार्डन बेंच और झूले लगाए जाएंगे। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-2, 3, 16, 10,12, इकोटेक-12, टेक्जोन-4 व नॉलेज पार्क-5 आदि सेक्टरों में 70 से अधिक पार्क हैं।

## एक नजर

### बंद घर से लाखों की चोरी

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र में चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाया। लोहे की रॉड से गेट तोड़कर चोर घर में घुसे और लाखों रुपये के आभूषण तथा अन्य कीमती सामान चुराकर फरार हो गए। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

सेक्टर न्यू वन निवासी अमित कुमार सक्सेना मूल रूप से बिहार के रहने वाले हैं। वह अपने परिवार के साथ 1 मई को एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए बिहार गए थे, जिसके कारण उनका घर बंद था। घर को खाली देखकर दो चोरों ने लोहे की रॉड से गेट तोड़कर अंदर प्रवेश किया। चोरों ने अपने चेहरे कपड़े से ढके हुए थे। घर में घुसने के बाद, उन्होंने सबसे पहले लाइट जलाई और एक सीसीटीवी कैमरा देखा, जिसे उन्होंने तुरंत ऊपर की ओर घुमा दिया ताकि उनकी हरकतें रिकॉर्ड न हो सकें।

चोर कई घंटों तक घर के अंदर रहे और इस दौरान उन्होंने लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषणों सहित अन्य कीमती सामान चुरा लिया। चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद, वे मौके से आसानी से फरार हो गए। जब पीड़ित परिवार 6 मई को शादी समारोह से वापस लौटा, तो उन्हें घर का दरवाजा टूटा हुआ मिला और सारा सामान बिखरा पड़ा था। सीसीटीवी फुटेज की जांच करने पर पता चला कि दो अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

पीड़ित परिवार ने इस संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस का कहना है कि मामला दर्ज कर लिया गया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है।

### निर्माणाधीन इमारत से गिरकर ठेकेदार की मौत

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा के सेक्टर-142 में निर्माणाधीन इमारत से गिरकर ठेकेदार की मौत हो गई। वह पहली मंजिल पर खड़ा होकर श्रमिकों से काम करवा रहा था। इसी बीच संतुलन बिगड़ने से हादसा हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से मालदा पश्चिम बंगाल का रहने वाला 65 वर्षीय मुस्तफा ने सेक्टर-142 में इमारत के निर्माण कार्य का ठेका लिया था। मुस्ताफा रविवार को पहली मंजिल पर खड़ा होकर श्रमिकों से काम करवा था। इसी बीच उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे आ गिरा। श्रमिकों ने उसको अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

कोतवाली प्रभारी का कहना है कि अस्पताल से ठेकेदार की मौत की सूचना मिली थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिजनों की शिकायत पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### पिज्जा बनाते समय थूक लगाने का वीडियो वायरल, कर्मचारी गिरफ्तार

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा में एक पिज्जा दुकान के कर्मचारी द्वारा पिज्जा बनाते समय उस पर थूक लगाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना को लेकर हिंदू संगठनों के लोगों ने थाने पहुंचकर विरोध प्रदर्शन भी किया।

थाना सेक्टर-24 के प्रभारी निरीक्षक सुबोध कुमार ने बताया कि 10 मई की शाम सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें सेक्टर-22 स्थित एक पिज्जा दुकान में काम करने वाला कर्मचारी पिज्जा बनाते समय आपत्तिजनक कृत्य करता दिखाई दे रहा था। पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की और आरोपी मुजम्मिल पुत्र साकिर निवासी ग्राम गिझौड़ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी की उम्र 30 वर्ष है और उससे पूछताछ की जा रही है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

## चोरी के फोन झारखंड में बेचता था गिरोह के आरोपी को नहीं मिली राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** साप्ताहिक बाजारों से मोबाइल फोन चोरी कर उन्हें झारखंड में सस्ते दामों पर बेचने वाले गिरोह से जुड़े आरोपी शेखर की जमानत अर्जी अदालत ने खारिज कर दी। अदालत ने मामले की गंभीरता, बड़ी संख्या में मोबा. इल बरामदगी और आरोपी के आपराधिक इतिहास को देखते हुए राहत देने से इन्कार कर दिया।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, मामला थाना फेस-2 से जुड़ा है। अभियोजन के मुताबिक 6 जनवरी 2026 की रात पुलिस टीम ने सेक्टर-80 स्थित सैमसंग तिराहे के पास कार्रवाई करते हुए आरोपी शेखर और उसके साथियों को गिरफ्तार किया था। आरोपी के कब्जे से 300 रुपये और 80 मोबा. इल फोन बरामद होने का दावा किया था।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने कथित रूप से स्वीकार किया कि वह नोएडा, गाजियाबाद और दिल्ली में लगने वाले साप्ताहिक बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों से लोगों के मोबाइल चोरी करते थे। इसके बाद वे इसे अपने कमरे में जमा कर लेते थे और संख्या अधिक होने पर झारखंड ले जाकर राह चलते लोगों को कम कीमत पर बेच देते थे। गिरफ्तारी के समय आरोपी और उसके साथी मोबाइल फोन लेकर झारखंड जाने की तैयारी में थे। आरोपी के अधिवक्ता ने दलील दी कि सह-आरोपी श्याम कुमार राय, प्रदीप, रोहित सैनी और गोविंदा को इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिल चुकी है।

## इलेक्ट्रिक कार में लगी आग

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में एक चलती इलेक्ट्रिक कार में आग लग गई। कार देखते ही देखते धूं-धूं कर जलने लगी। ड्राइवर ने तुरंत दरवाजा खोलकर बाहर छलांग लगा दी। तब जाकर उसकी जान बच पाई। यह घटना ग्रेटर नोएडा वेस्ट की है। सूचना मिलते ही फायर विभाग की एक गाड़ी मौके पर पहुंची। उसने काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक इलेक्ट्रिक कार पूरी तरह जल चुकी थी। शुरुआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। जिला दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि उन्हें गौर सिटी मॉल वाले रोड पर गाड़ी में आग लगने की सूचना मिली थी, जिसके बाद एक फायर टेंडर भेजा गया।

# नोएडा पुलिस कमिश्नरेट में बड़ा फेरबदल चार एडीसीपी और कई एसीपी के तबादले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने कानून व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने के उद्देश्य से सोमवार शाम चार अपर पुलिस उपायुक्त (एडीसीपी) और आधा दर्जन सहायक पुलिस आयुक्तों (एसीपी) के तबादले किए हैं। पुलिस विभाग में चर्चा है कि जल्द ही कुछ थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में भी बदलाव किया जा सकता है।।बताया जा रहा है कि अप्रैल माह में हुए श्रमिक हिंसक आंदोलन के दौरान कुछ अधिकारियों की कार्यप्रणाली को लेकर पुलिस आयुक्त नाराज थीं। इसके बाद विभागीय स्तर पर समीक्षा करते हुए यह प्रशासनिक फेरबदल किया गया है।

पुलिस आयुक्त के मीडिया प्रभारी विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि एडीसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह को एडीसीपी सेंट्रल नोएडा नियुक्त किया गया है। वहीं एडीसीपी ट्रैफिक संतोष कुमार को एडीसीपी ग्रेटर नोएडा बनाया गया है। इसके अलावा एडीसीपी ग्रेटर नोएडा सुधीर कुमार को एडीसीपी मुख्यालय तथा एडीसीपी सेंट्रल जोन रहे आरके गौतम को एडीसीपी अपराध, पुलिस लाइन, मॉनिटरिंग सेल एवं आंकिक शाखा की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

एसीपी स्तर पर भी कई अधिकारियों के कार्यक्षेत्र बदले गए हैं। एसीपी जितेंद्र कुमार सिंह को एसीपी सेंट्रल जोन-द्वितीय, एसीपी अनिल कुमार पांडे को एसीपी नोएडा-द्वितीय नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त एसीपी पवन कुमार को एसीपी ट्रैफिक ग्रेटर नोएडा जोन, एसीपी शकील मोहम्मद को एसीपी ट्रैफिक जोन नोएडा एवं प्रोटोकॉल, एसीपी उमेश यादव को एसीपी ट्रैफिक सेंट्रल जोन तथा एसीपी राधा रमन सिंह को एसीपी ग्रेटर नोएडा के साथ-साथ एसीपी अपराध की जिम्मेदारी दी गई है।

## मेट्रो स्टेशन से नीचे कूदकर जान दी

**नोएडा।** सेक्टर-63 थाना क्षेत्र स्थित इलेक्ट्रॉनिक सिटी मेट्रो स्टेशन से सोमवार सुबह 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति ने छलांग लगा दी। उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उसने दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक सोमवार सुबह सूचना मिली कि सेक्टर-63 के इलेक्ट्रॉनिक सिटी मेट्रो स्टेशन से 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति ने नीचे छलांग लगा दी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया, वहां पर डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि आसपास के लोगों और सोशल मीडिया के माध्यम से पुलिस शव की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

# ट्रक चालक पर फायरिंग करने वाले दो और आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** जेवर कोतवाली क्षेत्र के दस्तमपुर गांव के समीप साइड न देने पर एक ट्रक चालक पर फायरिंग करने वाले दो और आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस घटना में शामिल दो आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। जेवर कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुता. बिक दस्तमपुर गांव के समीप 21 अप्रैल को साइड न देने पर कार सवार युवकों ने ट्रक चालक पर फायरिंग की थी। गनीमत रही थी कि गोली ट्रक की खिड़की में जाकर लगी थी। पुलिस ने कार सवार युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था।



इस घटना के बाद से दो आरा. `पी फरार चल रहे थे। पुलिस ने काफी प्रयास के बाद फरार आरो. पियों को गिरफ्तार किया। इनकी पहचान सागर निवासी मंगरौली रोड जेवर और संगीत निवासी गांव थोरा कस्बा जेवर के रूप में हुई। पुलिस द्वारा उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## घर के बाहर खेल रहे पांच साल के मासूम पर गिरा लोहे का भारी गेट, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-93 स्थित गेझा गांव में एक बेहद दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। घर के बाहर खेल रहे 5 वर्षीय मासूम की लोहे का भारी गेट गिरने से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, जबकि आसपास के लोगों में भी शोक की लहर दौड़ गई।

घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया जिसे देखने के बाद आस पास के निवासी में गमगीन माहौल बन गया और वीडियो तेजी से वायरल हो गया।पुलिस द्वारा सोमवार को जानकारी दी गई उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही नोएडा फेस दो थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि बच्चा घर के बाहर गेट पर झूल रहा था, तभी अचानक गेट गिर गया। हादसे में घायल बच्चे को अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

जानकारी की गई तो पता चला कि, नवदीप पुत्र मनीष कुमार निवासी सेक्टर-93, नोएडा अपने घर के बाहर लगे लोहे के गेट पर झूलकर खेल रहा था। इसी दौरान अचानक भारी गेट टूटकर बच्चे के ऊपर आ गिरा। गेट के नीचे दबने से मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन और आसपास के लोग तुरंत बच्चे को उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन माथे पर गंभीर चोट लगने के कारण डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई।

## फ्लैट में मूर्छित अवस्था में मिले कंपनीकर्मी ने दम तोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-135 स्थित डुप्लेक्स फ्लैट में रहने वाला कंपनकर्मी अपने घर में शनिवार शाम मूर्छित अवस्था में मिला। परिजनों ने पुलिस की मदद से दरवाजा तोड़कर उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एक्सप्रेसवे थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि 40 वर्षीय आदित्य कुमार सिंह सेक्टर-135 स्थित एक सोसाइटी में बने डुप्लेक्स फ्लैट में रहते हैं। उनके परिवार में माता-पिता और भाई हैं। वह एक नामी प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते थे। कुछ समय पहले उनका पत्नी से तलाक हो चुका है। वह शनिवार शाम अपने कमरे में थे।

दरवाजा अंदर से बंद था। कुछ देर बाद परिजनों ने दरवाजा खटखटाया तो कोई आवाज नहीं आई। मोबाइल पर कॉल की तो फोन रिसीव नहीं हुआ। चिंता होने पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस की मदद से वे दरवाजा तोड़कर मूर्छित अवस्था में जमीन पर पड़े आदित्य कुमार को अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक आदित्य कुमार की मौत हृदय गति रुकने के चलते हुई।

# नोएडा एयरपोर्ट से चार रूट पर ई-बसें चलेंगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से अगले महीने 15 जून से उड़ान के साथ इलेक्ट्रिक बसों का संचालन भी शुरू कर दिया जाएगा। प्रथम चरण में चार मार्गों पर 15 इलेक्ट्रिक बसें चलेंगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने इसकी तैयारी तेज कर दी है। तय किए गए मार्गों पर ई-बसें चलने से एयरपोर्ट तक पहुंचना आसान होने के साथ ग्रेटर नोएडा ईस्ट और वेस्ट के बीच भी आवागमन सुगम हो जाएगा। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक एक माह के परीक्षण के बाद जरूरत के हिसाब से बसों की संख्या बढ़ाई जा सकती है। हवाई जहाजों की उड़ान का शेड्यूल यानी कार्यक्रम तय होने के बाद इलेक्ट्रिक बसों का कार्यक्रम उसी के हिसाब से तय किया जाएगा, ताकि एयरपोर्ट से हवाई जहाज पकड़ने के लिए जाने वाले लोग समय से पहुंच सकें।

ई-बसों का संचालन उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग द्वारा किया जाएगा। इस संबंध में प्राधिकरण और परिवहन विभाग के उच्चाधिकारियों के बीच बातचीत हो गई है। व्यस्त समय के दौरान अधिक फेरे लगाए जाएंगे। इसके साथ ही ग्रेटर नोएडा में पहले से बने बस शेल्टर को संवारने की भी तैयारी शुरू कर दी गई है।

# ई-रिक्शा चोरी करने वाले गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-63 थाने की पुलिस ने ई-रिक्शा चोरी करने वाले गैंग का खुलासा कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे और निशानदेही पर चोरी के तीन ई-रिक्शा बरामद हुए। आरोपी चोरी के ई-रिक्शों को जल्द बेचने की तैयारी में थे। पुलिस ने बताया कि सेक्टर-63 पुलिस टीम सूचना के आधार पर एफएनजी गोलचक्कर के पास जांच कर रही थी। इसी दौरान ये आरोपी पकड़े गए। तीनों की पहचान अंकित यादव, शिवम नागर और शशि भूषण ठाकुर के रूप में हुई। तीनों सेक्टर-63 छिजारसी के रहने वाले हैं। पूछताछ के दौरान आरोपी अंकित यादव ने



बताया कि उसने अपने दोनों साथियों के साथ मिलकर रात में अलग-अलग जगहों से ई-रिक्शा चोरी किए थे।

इन ई-रिक्शों को एक से दो दिन के भीतर बेचने की योजना बना रहे थे। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि चोरी किए गए तीनों ई-रिक्शों की बैटरियां उन्होंने निकाल ली थीं और उन्हें राह चलते एक फेरी वाले को बेच दिया था। बैटरियां बेचकर मिले पैसों को तीनों ने आपस में बराबर बांट लिया। आरोपियों ने वह रकम खाने-पीने और घूमने-फिरने में खर्च कर दी।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# पश्चिमी यूपी में आसपा का बढ़ता कद, सपा की बड़ी टेंशन

## हस्तिनापुर से चुनाव लड़ सकते हैं चंद्रशेखर आजाद, सरधना में शाहजेब रिजवी मजबूत दावेदार

**शाहवेज खान/शाह टाइम्स**

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश की सियासत में आजाद समाज पार्टी तेजी से अपनी जमीन मजबूत कर रही है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने पश्चिम उत्तर प्रदेश को फोकस में रखा है। मेरठ मंडल सहित सहारनपुर और मुरादाबाद मंडल के जिलों में पार्टी का जनाधार लगातार बढ़ रहा है जिसके चलते राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि आने वाले विधानसभा चुनाव में आसपा कई सीटों पर सीधा मुकाबला देगी और पश्चिम में मजबूत चुनाव लड़ेगी जिससे उसके विरोधियों को अभी से टेंशन होती दिख रही है। साथ साथ चंद्रशेखर आजाद हस्तिनापुर विधानसभा सीट से भी चुनाव लड़ सकते हैं जिसके बाद उत्तर प्रदेश की सियासत की दशा और दिशा बदल सकती है, क्योंकि हस्तिनापुर सीट वही सीट है जो प्रदेश के मुख्यमंत्री को इफेक्ट करती है यानी जिस पार्टी का प्रत्याशी यहां से जीतता है या तो उसकी सरकार बनती है या फिर उसके गठबंधन दल के सिर ही जीत का सहारा बंधता है।

### पश्चिम यूपी के 6 जिलों में समीकरण बदल रहे

शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, सहारनपुर, हापुड़ और बुलंदशहर में आसपा का कैडर तेजी से खड़ा हुआ है। बसपा के कमजोर होने का सीधा फायदा आजाद समाज पार्टी को मिल रहा है। दलित युवाओं का एक बड़ा वर्ग अब चंद्रशेखर को अपना नेता मान रहा है। साथ ही मुस्लिम समाज में भी आसपा की स्वीकार्यता बढ़ी है। सीएए आंदोलन से लेकर मौलाना तौकीर रजा प्रकरण तक चंद्रशेखर मुखर रहे हैं और लगातार वह मुस्लिम आवाज को बुलंद कर रहे है।

राजनीतिक जानकारों का आकलन है कि चंद्रशेखर आजाद, समाजवादी पार्टी के कोर मुस्लिम वोट बैंक में सेंध लगा रहे हैं। 2022 में सपा गठबंधन को पश्चिम में मुस्लिम वोट एकमुश्त मिला था लेकिन अब ग्राउंड पर समीकरण बदलते दिख रहे हैं। अगर आसपा ने मजबूत प्रत्याशी उतारे तो अखिलेश यादव को कई सीटों पर नुकसान उठाना पड़ सकता है और एक बार फिर उन्हें विपक्ष में बैठकर अफसोस करना पड़ सकता है।

### क्या है आसपा की रणनीति

बूथ मैनेजमेंट को लेकर पार्टी ने हर बूथ पर 10 यूथ जोड़ने का टारगेट रखा है। मेरठ मंडल में 70 प्रतिशत बूथ कवर होने का दावा है। वहीं सोशल मीडिया पर भी चंद्रशेखर मजबूत दिख रहे है और वह गठबंधन से दूर अकेले लड़ने के मूड में है। साथ ही पुलिस उत्पीड़न, ठेका प्रथा, सफाई कर्मचारियों का मुद्दा और अल्पसंख्यकों के सवाल पर चंद्रशेखर आजाद आक्रामक है।

### हस्तिनापुर 'जादूई सीट' पर चंद्रशेखर की नजर



सबसे बड़ा सियासी संकेत हस्तिनापुर विधानसभा सीट से आ रहा है। चर्चा है कि चंद्रशेखर आजाद खुद इस रिजर्व सीट से चुनाव लड़ सकते हैं। हस्तिनापुर को यूपी की सियासत में 'जादूई सीट' कहा जाता है। मान्यता है कि जिस पार्टी या गठबंधन का प्रत्याशी यहां से जीतता है, लखनऊ की सत्ता उसी के पास जाती है। 1996 से अब तक यह ट्रेंड कायम है। अगर चंद्रशेखर यहां से उतरते हैं तो यह उत्तर प्रदेश की राजनीति का बड़ा टर्निंग प्वाइंट होगा।

### मुजफ्फरनगर से अमीर आलम खान की तैयारी

मुजफ्फरनगर सदर सीट से अमीर आलम खान भी आजाद समाज पार्टी के टिकट पर दावेदारी कर रहे हैं। अमीर आलम, कई सदन के सदस्य रहे है मुस्लिम युवाओं में अच्छी पकड़ रखते हैं। 2013 दंगों के बाद मुजफ्फरनगर की सियासत बदली थी। अब आसपा यहां दलित मुस्लिम गठजोड़ के सहारे नई लकीर खींचना चाहती है जिस को लेकर अमीर आलम खान जमीन पर काम करते दिख रहे है।

### सरधना में शाहजेब रिजवी की बड़ी मेहनत

सरधना विधानसभा सीट पर पिछले दो साल से आजाद समाज पार्टी के युवा नेता शाहजेब रिजवी लगातार सक्रिय हैं। गांव गांव चौपाल, नुक्कड़ सभाएं और दलित मुस्लिम युवाओं को जोड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रिजवी ने बाढ़ के समय राहत कार्य से लेकर थानों में पैरवी तक, हर मुद्दे पर मौजूदगी दर्ज कराई है। पार्टी सूत्रों की मानें तो अगर आसपा शहजेब रिजवी को मैदान में उतारती है तो मुकाबला बेहद कड़ा होगा। सरधना में ठाकुर, मुस्लिम और दलित वोट निर्णायक भूमिका में रहते हैं। रिजवी इन तीनों वर्गों में पकड़ बनाने का दावा कर रहे हैं। पिछले 24 महीनों में उन्होंने 300 से ज्यादा जनसंपर्क कार्यक्रम किए हैं जिसके चलते वह अब सरधना में किसी पहचान के मोहताज नही है उनकी मेहनत और पकड़ को देखकर अब सपा नेताओं की टेंशन भी जमीन पर दिख रही है और यहां से सियासी सुरमा भी अब शहजेब रिजवी को हल्के में लेने के मूड में दिखाई नहीं दे रहे हैं।

# आरिफ मौहम्मद खान ने शाहजहांपुर पहुंचकर रजी उल्ला खान के परिजनों को दी सांत्वना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पूर्व राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान रविवार को कस्बा शाहजहांपुर पहुंचे, जहां उन्होंने मोहल्ला नूर महल निवासी दिवंगत रजी उल्ला खान के आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। रजी खान के निधन की सूचना मिलने पर उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर दुख साझा किया और परिवार को ढांढस बंधाया।

बताया गया कि दिवंगत रजी उल्ला खान, आरिफ मोहम्मद खान के बहनोई थे, जिसके चलते उनके निधन से परिवार में गहरा शोक व्याप्त है। पूर्व राज्यपाल ने परिजनों के बीच बैठकर दिवंगत की यादों को साझा किया और हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस दौरान आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि रजी खान एक मिलनसार, नेकदिल और सामा. जिक व्यक्ति थे, जिनके निधन से क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की मगफिरत के लिए दुआ की तथा शोक संतप्त परिवार को सब्र प्रदान करने की कामना की। पूर्व राज्यपाल के शाहजहांपुर पहुंचने पर स्थानीय लोगों और गणमान्य व्यक्तियों ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर डॉक्टर जफर उल्ला खान, वासिक पठान, रियासत मंद खान, अब्दुल वाहिद प्रधान, डॉक्टर फिरासत, काशिफ खान, मोहसिन खान, सईद उज्जमा, रईस उज्जमा, मेहराज कुरैशी, आकिब खान, शहजाद अख्तर, इमरान खान सहित कस्बे के अनेक लोग मौजूद रहे।

रजी उल्ला खान के आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने के उपरांत पूर्व राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने मोहसिन उल्ला खान के आग्रह पर शमशु जमा खान के आवास पहुंचकर नाश्ता भी ग्रहण किया, जहां स्थानीय लोगों ने उनसे मुलाकात कर क्षेत्रीय मुद्दों पर संक्षिप्त चर्चा की।

# सरधना-मेरठ रोड पर दो दिन से सुलग रहा पुआल, हादसे का खतरा बढ़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** सरधना-मेरठ रोड स्थित जीजी मॉल के सामने सड़क किनारे पड़ा पुआल पिछले दो दिनों से लगातार सुलग रहा है। आग पूरी तरह नहीं बुझने के कारण आसपास के लोगों और राहगीरों में डर का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की लापरवाही के चलते कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

बताया गया कि दो दिन पूर्व एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में पुआल भरकर चालक मेरठ रोड से गुजर रहा था। इसी दौरान अचानक ट्रॉली में रखे पुआल में आग लग गई। आग तेजी से फैलती देख चालक ने ट्रैक्टर की हाइड्रोलिक मशीन की मदद से जलते हुए पुआल को सड़क किनारे उतार दिया और मौके से चला गया। देखते ही देखते पुआल धू-धू कर जलने लगा, जिससे सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने का प्रयास किया। हालांकि आग ऊपर से शांत दिखाई देने लगी, लेकिन पुआल के अंदर अब भी धुआं और चिंगारियां निकल रही हैं। दो दिन बीत जाने के बाद भी पुआल पूरी तरह से नहीं बुझ सका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क किनारे पड़े इस सुलगते पुआल से राहगीरों और वाहन चालकों को लगातार खतरा बना हुआ है। रात के समय धुआं और आग की तपिश के कारण वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने आशंका जताई कि यदि तेज हवा चली या किसी वाहन से चिंगारी निकली तो आग दोबारा भड़क सकती है और बड़ा हादसा हो सकता है।

लोगों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से जल्द कार्रवाई कर पुआल को हटाने तथा आग को पूरी तरह बुझाने की मांग की है, ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

# उत्तम पब्लिक स्कूल में प्रतिभा सम्मान व विदाई समारोह सम्पन्न

## विधायक अतुल प्रधान ने किया मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव रहावती में स्थित उत्तम पब्लिक स्कूल में सोमवार को प्रतिभा सम्मान समारोह एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सीबीएसई कक्षा-10 बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सरधना विधानसभा विधायक अतुल प्रधान तथा अति विशिष्ट अतिथि प्राथमिक शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश के संरक्षक राकेश तोमर की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि विधायक अतुल प्रधान ने मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विद्यालय की छात्रा लक्ष्मी पंवार ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त मवाना टॉप किया। मानवी चौधरी ने 91.40 प्रतिशत, आयु पंवार ने 88.60 प्रतिशत, परी ढिल्लन ने 88.40 प्रतिशत, राशी चौधरी ने 87 प्रतिशत, अवनी ने 84. 90 प्रतिशत, तानिया ने 82.20 प्रतिशत तथा आरव धामा ने 81.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस अवसर पर सत्र 2025-26 में नर्सरी से कक्षा-9 तक अपनी कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि माननीय विधायक अतुल प्रधान ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन की सबसे बड़ी शक्ति है। अनुशासन, मेहनत और सकारात्मक सोच से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को मोबाइल तथा इंटरनेट से दूरी बनाने की भी सलाह दी। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों में संस्कृति एवं संस्कारों का बीजारोपण करें। अति विशिष्ट अतिथि राकेश तोमर ने कहा कि शिक्षकों का समर्पण ही बच्चों की सफलता का आधार है। दोनों अतिथियों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में वरिष्ठ शिक्षिका लोकेश चौधरी को 13 वर्ष की उत्कृष्ट सेवाओं के लिए भावभीनी विदाई दी गई।कक्षा-10 को उत्कृष्ट परिणाम दिलाने वाले शिक्षकों पूजा गुप्ता, नौशाबा परवीन, रुचि वर्मा हिमांशु सिंघल, रवि सहगल, वर्षा शर्मा, ज्योति रस्तोगी, उपासना शर्मा एवं कुमारी निधि भड़ाना, निशि सैनी, अंजलि सिंह, सचिन चौधरी, मुक्ति रस्तोगी,को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पूजा गुप्ता ने किया। कार्यक्रम प्रधानाचार्या ममता चौधरी के निर्देशन तथा प्रबंधक सी. एस. चौधरी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकगण वर्षा शर्मा, उपासना शर्मा, ज्योति रस्तोगी, प्रियांशी, अरविंद कुमार, सोहनवीर, सचिन चौधरी, वीनस, प्रिया भारती, कमलेश शर्मा, सोनिया सिरोही एवं सीमा चौधरी का विशेष योगदान रहा।

### जिलाधिकारी ने की आईजीआरएस की समीक्षा

**मेरठ।** सोमवार को विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनशिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, क्योंकि आईजीआरएस सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में सम्मिलित है।

# अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़

## एसओजी व लिसाड़ीगेट पुलिस ने की संयुक्त कार्रवाई, पांच आरोपी गिरफ्तार, भारी मात्रा में हथियार बरामद



पकड़े गए हथियारों का निरीक्षण करते एसपी सिटी विनायक भोंसले।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। एसओजी मेरठ और लिसाड़ी गेट पुलिस के संयुक्त अभियान में अवैध हथियार बनाने वाली फैक्ट्री पकड़ी गई है। मौके से 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 2 फरार हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे के आदेश पर चलाए गए इस अभियान में एसपी सिटी विनायक भोसले के नेतृत्व में लिसाड़ीगेट पुलिस ने 10 मई को मुखबिर की सूचना पर छापा मारा। मुख्य आरोपी मोईन पुत्र अब्दुल जब्बार (27) निवासी राधना इनायतपुर, किठौर को हिरासत में लिया गया है।

पुलिस ने मौके से 1 अवैध पिस्टल, 1 देशी कट्टा 315 बोर, 11 अर्धनिर्मित मैगजीन, 6 पिस्टल स्लाइड, 6 पिस्टल नाल, 6 पिस्टल बॉडी और 25 पिस्टल के पुर्जे बरामद किए। इसके अलावा हथियार बनाने के औजार भी मिले, जिनमें हैंड कटर, ग्राइंडर, ड्रिल मशीन, आरी, रेती और लोहे में छेद करने वाली मशीन शामिल है। लकड़ी के बट, स्प्रिंग, पेंच और मोम जैसे सामान भी बड़ी संख्या में मिले।

**इन धाराओं में केस दर्ज:** पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 111(2) बीएनएस और आयुध अधिनियम की धारा 3/5/7/12/25 के तहत मामला दर्ज किया है। थाना प्रभारी लिसाड़ी गेट और एसओजी टीम इस कार्रवाई का नेतृत्व कर रहे थे। पुलिस का कहना है कि आरोपियों से पूछताछ में और भी खुलासे हो सकते हैं। फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

# हाईवे पर भीषण सड़क हादसा, भाई व बहन की मौत, मासूम की बची जान





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** दिल्ली-देहरादून नेशनल हाईवे पर रविवार को एक रोंगटे खड़े कर देने वाला हादसा हुआ। खड़ौली गांव के पास एक बेकाबू ईको वैन डिवाइडर पर चढ़कर पलट गई, जिसकी चपेट में आने से डिवाइडर पर खड़े भाई-बहन की मौके पर ही मौत हो गई। गनीमत यह रही कि महिला की गोद में मौजूद चार साल का मासूम बच्चा छिटक कर दूर जा गिरा, जिससे उसकी जान बच गई।

मृतक महिला अनीता सैनी पत्नी पवन कुमार सैनी निवासी गांव बातनौर वर्तमान पता गाजियाबाद अपने देवर के चार साल के बेटे विराज के साथ अपने मायके खड़ौली आ रही थीं। हाईवे पर वन फेरर रिसॉर्ट के पास वह बस से उतरीं, जहाँ उन्हें लेने के लिए उनके भाई देवेन्द्र सैनी आए हुए थे। दोनों जैसे ही सड़क पार कर डिवाइडर पर पहुंचे, तभी दिल्ली की ओर से आ रही एक ईको वैन के चालक ने उन्हें देख अचानक ब्रेक लगा दिए। इसी दौरान पीछे से आ रही उत्तराखंड डिपो की बस ने वैन को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ईको वैन डिवाइडर पर चढ़ गई और वहां खड़े भाई-बहन को रौंदते हुए दूसरी तरफ जाकर पलट गई।

देवेन्द्र सैनी और उनकी बहन अनीता सैनी घायल हो गए गई। ईको वैन में सवार पांच लोग चालक मदन, संते, नन्नी, मिथिलेश और बबलू घायल हुए हैं। महिला की गोद में मौजूद चार वर्षीय विराज डिवाइडर के बीच सुरक्षित गिर गया, उसे मामूली चोटें आई हैं। हादसे के बाद हाईवे पर करीब एक घंटे तक लंबा जाम लगा रहा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए सुभारती मेडिकल कॉलेज भिजवाया, जहाँ डॉक्टरों ने देवेन्द्र और अनीता को मृत घोषित कर दिया। यह सुनकर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने मृतकों के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद दोनों के शव परिजनों को सौंप दिए हैं देर रात परिजनों ने गांव में ही अंतिम संस्कार कर दिया है। सोमवार को मामले की जानकारी मिलने पर गांव और क्षेत्र के लोगों ने मृतक के आवास पर पहुंचकर गहरा दुख व्यक्त किया है। इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह ने बताया कि घटना के संबंध में तहरीर मिल गई है आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस दुखद घटना ने एक बार फिर हाईवे पर सुरक्षा और तेज रफ्तार वाहनों के खतरों को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। मृतका अनीता की शादी 24 साल पहले पवन कुमार सैनी पुत्र धर्मपाल निवासी गांव बातनौर के साथ हुई थी और वह अपने भाई से मिलने खुशी-खुशी मायके आ रही थीं, लेकिन इस हादसे ने पूरे परिवार को गहरे शोक में डुबो दिया है।

# गुर्जर जन जागृति महासम्मेलन से बदलेगी समाज की दशा और दिशाः भोपाल सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** संयुक्त गुर्जर परिसंघ द्वारा क्रांति दिवस 10 में को मेरठ में गुर्जर समाज का महासम्मेलन आयोजित किया गया था जिसके मुख्य आयोजक भोपाल सिंह गुर्जर थे साथ ही से संयोजक के रूप में डॉ. जगदीश पुरोहित, धिरेन्द्र गुर्जर मौजूद थे इस सम्मेलन में समाज की दिशा और दशा को बदलने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय दिए गए जो जमीन पर उतरते हुए दिखाई दे रहे हैं गुर्जर सम्मेलन में कई राज्यों से आए गुर्जर समाज के लोगों ने प्रतिभा किया साथ ही साथ इस मंच पर एक साथ ऐसे लोग भी दिखाई दिए जो अलग-अलग राजनीतिक पार्टियों और अलग-अलग विचारधारा से पार्टियों में काम कर रहे थे लेकिन 0जब बात समझ के आई तो सब एक मंच पर दिखाई दिए यह एक बड़ी बात है जिसे संगठन के अध्यक्ष भोपाल सिंह गुर्जर ने कर दिखाया है उनका कहना है कि समाज में जिस तरीके से बुराइयों खत्म करने का मन बनाया है यह एक ऐसा कदम है जिससे गुर्जर समाज की दशा और दिशा पूरी तरह बदल जाएगी

### इन बातों पर बनी सहमति

गुर्जर समाज को मजबूत बनाने और कोतवाल धन सिंह गुर्जर को भारत रत्न दिलाने की मांग अब तेज हो गई है गुर्जर समाज के लोग इस मांग को लेकर एकजुट नजर आ रहे हैं साथ ही साथ उन्होंने समाज में पहली बुराइयों को दूर करने के लिए और समाज को मजबूत बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण बातों पर ध्यान दिया जिन पर अब समाज मजबूती के साथ काम करेगा।

इनमें सबसे मुख्य मांग 1857 की प्रथम स्वतंत्रता क्रांति के महानायक अमर शहीद कोतवाल धन सिंह गुर्जर को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' दिया जाए। वक्ताओं ने कहा कि मेरठ से शुरू हुई 1857 की क्रांति एक महासंग्राम थी जिसके अग्रदूत धन सिंह गुर्जर थे। वही 1857 की क्रांति में अंग्रेजों द्वारा उजाड़े/जलाए गए गुर्जर बहुल गांवों को 'शहीद ग्राम' का दर्जा मिले। वहां स्मारक बनें और इनका इतिहास शिक्षा के पाठ्यक्रम में शामिल हो। भारतीय सेना में 'कोतवाल धन सिंह गुर्जर रेजिमेंट' की स्थापना हो। वहीं उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में बड़ी आबादी होने के बावजूद गुर्जर समाज को राजनीतिक प्रतिनिधित्व नहीं मिला। सरकार, संगठन, विधान परिषद, राज्यसभा, आयोगों में सम्मानजनक हिस्सेदारी दी जाए। चेतावनी दी गई कि अगर उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिला तो अक्टूबर से यूपी और आसपास शांतिपूर्ण आंदोलन होगा। महासम्मेलन के अंत में हजारों लोगों ने कुरीतियां खत्म करने, शिक्षा बढ़ाने, वैज्ञानिक सोच अपनाने, बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने और युवाओं को नशे से दूर रखने की शपथ ली। संदेश दिया गया कि 'समाज का भविष्य तलवार नहीं, कलम तय करेगी'।

### आयोजन समिति के सदस्यों का रहा योगदान

इस दौरान आयोजन समिति में दीपक सूदन भौरल, डॉ. विनोद बैसोया, नितिन मसाना, ललित गुर्जर, सचिन चाचरा, सुमित प्रधान, प्रवीन प्रधान, अश्वनी गुर्जर, केवलराम नागर, सचिन शर्मारणवीर बैंसला, पुरूष फरमान, धिरेन्द्र गुर्जर का योगदान रहा।

# जलभराव और बदहाल सफाई व्यवस्था से परेशान लोगों ने घेरा कमिश्नरी कार्यालय

■ डिप्टी कमिश्नर से की समस्याओं का तत्काल निस्तारण करने की मांग




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जलभराव और बदहाल सफाई व्यवस्था से परेशान ग्रामीणों ने कमिश्नर कार्यालय का घेराव किया। उन्होंने नगर निगम पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों से कहा कि उनका विभाग 'नगर निगम' नहीं, बल्कि 'नरक निगम' बन गया है। कमिश्नर कार्यालय के बाहर बड़ी संख्या में ग्रामीण नारेबाजी करते हुए एकत्र हुए। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि उनके इलाके में कई दिनों से जलभराव की गंभीर समस्या बनी हुई है, लेकिन सफाई के नाम पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। गुस्साए ग्रामीणों ने डिप्टी कमिश्नर से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि बरसात के बाद स्थिति और भी खराब हो गई है। गली-मोहल्लों में गंदगी और पानी भरा हुआ है, जिससे विभिन्न बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है। प्रदर्शन करते हुए ग्रामीणों ने कहा, नगर निगम सिर्फ कागजों में काम कर रहा है। धरातल पर कुछ भी नहीं हो रहा है। हम टैक्स देते हैं लेकिन बदले में हमें 'नरक' मिल रहा है। यह प्रदर्शन नगर निगम के वार्ड-06 के पार्षद प्रशांत कसाना के नेतृत्व में किया गया। पार्षद कसाना ने बताया कि वार्ड में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो चुकी है, जिससे बीमारी और महामारी फैलने का डर है। गलियों में कूड़े के ढेर लगे हैं और नालियां पूरी तरह बंद हैं। कचरा कलेक्शन की समस्या भी गंभीर हैय नगर निगम द्वारा संचालित बीवीएन कंपनी के केवल 2 डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन वाहन पूरे वार्ड के लिए हैं, जिसके कारण हफ्तों तक मोहल्लों में गाड़ी नहीं आती। उन्होंने आवारा कुत्तों और बंदरों के आतंक का मुद्दा भी उठाया। सुन्दरा, उर्फी फूल और इंद्रावती ने बताया कि मोहल्लों में बंदरों ने लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। पार्षद ने यह भी बताया कि वार्ड का क्षेत्रफल मेरठ नगर निगम के सभी वार्डों में सबसे बड़ा है और अधिकतर रास्ते कच्चे हैं। पार्षद प्रशांत कसाना ने डिप्टी कमिश्नर से उपरोक्त सभी समस्याओं का तत्काल निस्तारण करवाने की गुहार लगाई। उन्होंने विशेष रूप से नालियों और सड़क निर्माण करवाने, कूड़े की गाड़ियों की संख्या बढ़ाने और बंदरों को पकड़वाने की मांग की।

# वेंकटेश्वरा वर्ल्ड स्कूल में मदर्स डे के रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** वेंकटेश्वरा वर्ल्ड स्कूल दिल्ली बाईपास स्थित शाखा में मदर्स डे के रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की चेयरपर्सन अंजुल गिरी ने किया। तत्पश्चात प्रधानाचार्या संजया वालिया ने उपस्थित सभी माताओं का स्वागत करते हुए कहा कि मां ही बच्चे की सर्वप्रथम गुरु होती है। सर्वप्रथम विद्यालय के बच्चों द्वारा सभी माताओं के सम्मान में मेरी मां गीत प्रस्तुत किया। कक्षा 11 की छात्रा श्रेयांशी की इंग्लिश कविता ने उपस्थित अभिभावकों का मन मोह लिया, कक्षा 9 की छात्रा सांची ने अपनी हिंदी कविता के माध्यम से मां का आभार व्यक्त किया। विद्यालय के बच्चों द्वारा मातृ दिवस पर आधारित शानदार नृत्य प्रस्तुत किया गया। माताओं के लिए भिन्न भिन्न प्रकार की गति. विधि का आयोजन किया गया जिसका सभी ने भरपूर आनन्द लिया माताओं ने रैम्प वाक, तंबोला, रैपिड फायर तथा अन्य सभी खेलो में उत्साह से भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सभी विजेता माताओं को अंत में पुरस्कार दिए गए।

चेयरपर्सन अंजुल गिरी ने कहा कि मां का प्यार निस्वार्थ होता है, जो हमें जीवन की हर कठिनाई से लड़ने की ताकत देता है। प्रधानाचार्या संजया वालिया ने सभी माताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस घर में मां मुस्कुराती है उस घर में खुशियां सदैव रहती है। मां हमेशा अपने बच्चों को हर कठिनाई से बचाती है । हम सबके जीवन में मां पहली शिक्षिका, सबसे अच्छी मित्र तथा सबसे बड़ी प्रेरणा होती है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी का सराहनीय योगदान रहा।

# बीएसके मॉडल स्कूल में मनाया गया मातृ दिवस




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा स्थित बीएसके मॉडल स्कूल में मातृ दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नामित सभासद श्रीमती वंदना कौर कपूर, पूर्व दूरसंचार अधिकारी अरुण कुमार शर्मा एवं बेबी नंदा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने 'मां ओ मां', 'एक बटा दो, दो बटे चार' और 'तेरी उंगली पकड़ के चला' जैसे गीतों पर आकर्षक नृत्य एवं गायन प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। छात्रों और माताओं की संयुक्त प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम में विभिन्न मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया, जिसमें माताओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय के निदेशक डॉ. कर्मेंद्र सिंह ने कहा कि मां बच्चे की प्रथम गुरु होती है और ऐसे आयोजन पारिवा. रिक रिश्तों को मजबूत बनाते हैं। कार्यक्रम का संचालन हेडमिस्ट्रेस नीतू सिंह ने किया।

# मेहनत को मिला मंच: किठौर इंटर कॉलेज में प्रतिभाओं का शानदार सम्मान समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता की अलख जगाने वाले किठौर के प्रतिष्ठित किठौर इंटर कॉलेज में मंगलवार को प्रतिभा, परिश्रम और सफलता का अद्भुत संगम देखने को मिला। वार्षिक परीक्षा परिणाम सत्र 2025-26 की ऐतिहासिक उपलब्धियों को समर्पित 'भव्य मेधावी अलंकरण समारोह' का आयोजन अत्यंत गरिमामय वातावरण में किया गया, जिसने पूरे क्षेत्र के शैक्षिक परिवेश को गौरव से भर दिया। समारोह का शुभारंभ कॉलेज के प्रेरणास्रोत डायरेक्टर डॉ. गुलफाम अली, दूरदर्शी प्रबंधक आदिल त्यागी एवं विशिष्ट अतिथि फहीम अख्तर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। गाजे-बाजे, उत्साहपूर्ण हर्षध्वनि और तालियों की गूंज के बीच आरंभ हुए इस आयोजन ने शुरुआत से ही उत्सव का स्वरूप धारण कर लिया। इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रधानाचार्य विनय प्रधान एवं वकील अहमद की प्रभावशाली उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को चार चांद लगा दिए। वहीं कॉलेज कोऑर्डिनेटर यूसुफ अहमद सहित समस्त समर्पित शिक्षक-शिक्षिकाओं की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को यादगार बना दिया। समारोह के केंद्र में वे प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं रहे जिन्होंने कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर




विद्यालय का नाम रोशन किया। इसके अतिरिक्त नर्सरी से लेकर कक्षा 9वीं एवं 11वीं तक के उन मेधावी विद्यार्थियों को भी मंच पर सम्मानित किया गया जिन्होंने अपनी-अपनी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। जब मुख्य अतिथियों द्वारा इन होनहार विद्यार्थियों को आकर्षक स्मृति चिन्ह एवं सम्मान पत्र प्रदान किए गए, तो पूरा पांडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजायमान हो उठा। मेधावियों के चेहरों पर झलकता आत्मविश्वास और अभिभावकों की आंखों में दिखाई देती खुशी इस गौरवपूर्ण क्षण को और अधिक भावुक एवं प्रेरणादायी बना रही थी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विनय प्रधान एवं वकील अहमद ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता का यह मुकाम उनकी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि अंत नहीं, बल्कि उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ता हुआ एक सशक्त कदम है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने विद्यालय के शिक्षक समुदाय की निष्ठा, समर्पण और सतत परिश्रम को इस सामूहिक सफलता की सबसे मजबूत नींव बताया। समारोह के अंत में पूरे परिसर में शिक्षा, संस्कार और सफलता का संदेश गूंजता रहा। मेधावियों के सम्मान का यह भव्य आयोजन न केवल प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के उत्साह को नई उड़ान दे गया, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का ऐसा दीप प्रज्वलित कर गया, जो भविष्य में सफलता के अनगिनत नए कीर्तिमान स्थापित करने की राह दिखाता रहेगा।

# नवजात शिशुओं की जीवन रक्षा को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** नेशनल नियोनेटोलॉजी फोरम इंडिया द्वारा 10 मई को पूरे देश में एनआरपी दिवस मनाया गया। इस अभियान का उद्देश्य नवजात शिशुओं की मृत्यु दर को कम करना और जन्म के समय शिशुओं को समय पर श्वास सहायता उपलब्ध कराना है। उत्तर प्रदेश में इस अवसर पर बड़े स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें करीब 6000 स्वास्थ्यकर्मियों ने भाग लिया।

मेरठ में न्यूटीमा अस्पताल, लाला लाजपत राय मेडिकल कॉलेज, जिला महिला अस्पताल, आनंद हॉस्पिटल, एनसीआर मेडिकल कॉलेज और जसवंत राय हॉस्पिटल सहित कई केंद्रों पर लगभग 300 डॉक्टरों और नर्सों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सीएमओ डॉ. अशोक कटारिया ने किया। इस दौरान डॉ. अमित उपाध्याय, डॉ. अभिषेक सिंह, डॉ. प्रियंका गुप्ता, डॉ. अनुपमा वर्मा, डॉ. श्रीओम, डॉ. विकास अग्रवाल, डॉ. विनीत सक्सेना समेत कई विशेषज्ञों ने ट्रेनर व कॉर्डिनेटर की भूमिका निभाई। प्रशिक्षण पूरी तरह नि:शुल्क रहा।

# विकास खण्ड सरधना में मनाया गया सोमनाथ स्वाभिमान पर्व



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सोमनाथ अमृत महोत्सव के अंतर्गत विकास खंड सरधना की अगुवाई में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया गया। सरधना में महादेव शिव मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान मंत्रोच्चर ओंकार जाप, रुद्राभिषेक, महा आरती, दीपोत्सव, भजन संध्या का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। जिसमें खंड विकास अधिकारी सुनीत कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहें। रुद्राभिषेक करने वालों में सहायक विकास अधिकारी संजीव गिरि, सुनील कुमार, ग्राम पंचायत सचिव रामदेव शर्मा एवं भाजपा महिला मोर्चा के पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के शैक्षणिक भ्रमण से शोभित के विद्यार्थियों को मिला व्यावहारिक विधिक अनुभव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्कूल ऑफ लॉ एंड कॉन्स्टीट्यूशनल स्टडीज शोभित विश्वविद्यालय मेरठ के विद्यार्थियों द्वारा 9 मई को जिला न्यायालय, मेरठ में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का शैक्षणिक भ्रमण किया गया। यह भ्रमण संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) ए.के. शर्मा के मार्गदर्शन में तथा लीगल एड सेल एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मेरठ के समन्वय से संपन्न हुआ। इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को राष्ट्रीय लोक अदालत की कार्यप्रणाली एवं उसके व्यावहारिक महत्व से अवगत कराना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों एवं पैरा लीगल वॉलंटियर्स को अनुपम कुमार, जिला जज एवं अध्यक्ष, डी.एल.एस.ए., मेरठ तथा नम्रता सिंह, सचिव, डी.एल.एस.ए., मेरठ से संवाद करने का अवसर प्राप्त हुआ। इस संवाद के माध्यम से विद्यार्थियों ने लोक अदालतों के जरिए विवादों के







सौहार्दपूर्ण एवं त्वरित निस्तारण की प्रक्रियाओं और व्यवस्थाओं की गहन समझ विकसित की।

शोभित विश्वविद्यालय के पैरा लीगल वॉलंटियर्स को डी.एल.एस.ए. द्वारा स्थापित विभिन्न सहायता काउंटरों एवं स्टॉलों पर दायित्व सौंपे गए, जहाँ उन्होंने वादकारियों, याचिकाकर्ताओं एवं आम नागरिकों को आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया। सचिव, डी.एल.एस.ए. के निर्देशन में विद्यार्थियों ने अपनी सामाजिक एवं विधिक जिम्मेदारियों का प्रभावी निर्वहन किया।

विद्यार्थियों ने फैमिली कोर्ट तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय सहित विभिन्न न्यायालयों का अवलोकन किया और राष्ट्रीय लोक अदालत के अंतर्गत संचालित विवाद निस्तारण प्रक्रियाओं को निकट से समझा। इस दौरान उन्हें शमनीय अपराधों, पारिवारिक विवादों, लोक उपयोगिता सेवाओं, विद्युत एवं जल विवादों, बैंक ऋण वसूली मामलों तथा चेक बाउंस प्रकरणों के समाधान की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त हुई। यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं उपयोगी सिद्ध हुआ, जिसने उन्हें वैकल्पिक विवाद निस्तारण प्रणाली एवं 'न्याय तक सहज पहुंच' की अवधारणा के व्यावहारिक पक्ष से परिचित कराया। इस कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों में बिराज भारती, काजल कुमारी, समृद्धि कुमारी, आयुषी भारती, निक्की कुमारी, पिंटू कुमार यादव, अविरल, अनीश कुमार खरवार, अमन जैन एवं भोला प्रमुख रूप से सम्मिलित रहे।

# फर्जी सत्यापन के आधार पर सेना में भर्ती का आरोप, पुलिस व आर्मी अफसरों से शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना सरूरपुर खुर्द क्षेत्र के ग्राम मैनापूठी निवासी एक युवक पर गलत सत्यापन और आपराधिक मामला छिपाकर भारतीय सेना में भर्ती होने का आरोप लगाया गया है। मामले को लेकर गांव निवासी दीपक कुमार पुत्र कुंवरपाल सिंह ने भारतीय सेना भर्ती कार्यालय मेरठ के भर्ती अधिकारी व पुलिस एसएसपी को लिखित शिकायत भेजकर जांच और कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत पत्र में बताया गया है कि गांव मैनापूठी निवासी आयुष उर्फ आशु पुत्र अनिल के खिलाफ थाना सरूरपुर में वर्ष 2023 में मुकदमा अपराध संख्या 269/2023 दर्ज है। यह मुकदमा धारा 147ए 323ए 307 और 504 के अंतर्गत पंजीकृत बताया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार उक्त मामला वर्तमान में न्यायिक मजिस्ट्रेट सरधना की अदालत में विचाराधीन है। जिसमें आरोपी के खिलाफ वारंट भी जारी है, आरोप लगाया गया है कि इसके बावजूद संबंधित युवक ने भारतीय सेना में भर्ती के दौरान अपने खिलाफ चल रहे आपराधिक मुकदमे की जानकारी छिपाई अथवा गलत चरित्र सत्यापन के आधार पर भर्ती प्राप्त कर ली। शिकायतकर्ता ने सेना भर्ती कार्यालय से मांग की है कि भर्ती प्रक्रिया के दौरान जमा किए गए दस्तावेजए चरित्र सत्यापन रिपोर्ट और अन्य अभिलेखों की निष्पक्ष जांच कराई जाए। पत्र में यह भी कहा गया है कि यदि जांच में तथ्यों को छिपाने या गलत जानकारी देने की पुष्टि होती है तो संबंधित युवक के खिलाफ नियमानुसार विभागीय व कानूनी कार्रवाई की



जाए। शिकायतकर्ता ने अपने पत्र के साथ एफआईआर की कॉपी, न्यायालय में लंबित वाद से संबंधित दस्तावेज, जॉइनिंग लेटर और अन्य स्क्रीनशॉट भी संलग्न करने का दावा किया है। शिकायतकर्ता दीपक कुमार ने सेना भर्ती अधिकारियों से मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

## फॉरेंसिक विज्ञान की आधुनिक तकनीकों से रूबरू हुए सुभारती विवि के विद्यार्थी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के अंतर्गत केरल वर्मा सुभारती कॉलेज ऑफ साइंस के फॉरेंसिक साइंस विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लिए फॉरेंसिक साइंस लैब, निवाड़ी, मोदीनगर (उत्तर प्रदेश) का एक ज्ञानवर्धक एवं अनुभवात्मक शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस शैक्षणिक यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को फोरेंसिक विज्ञान के व्यावहारिक पहलुओं, आधुनिक तकनीकों तथा प्रयोगशाला प्रक्रियाओं से प्रत्यक्ष रूप से अवगत कराना था। इस शैक्षणिक भ्रमण में विभाग के 33 विद्यार्थियों एवं 3 फैकल्टी सदस्यों ने सहभागिता की। भ्रमण के दौरान विभागाध्यक्ष सुश्री एस्थर लालरिंगजो, प्रीति यादव एवं प्रगति जैन विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहीं तथा उन्होंने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। फॉरेंसिक साइंस लैब पहुंचने पर विद्यार्थियों का स्वागत प्रयोगशाला अधिका. रियों एवं विशेषज्ञों द्वारा किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों को प्रयोगशाला के विभिन्न अनुभागों का विस्तृत भ्रमण कराया गया। विद्यार्थियों ने बैलिस्टिक डिवीजन में हथियारों एवं गोली से संबंधित साक्ष्यों की जांच प्रक्रिया को निकटता से समझा, वहीं फिजिक्स डिवीजन में विभिन्न भौतिक साक्ष्यों के वैज्ञानिक विश्लेषण की तकनीकों का अवलोकन किया। साइबर फोरेंसिक अनुभाग में विद्यार्थियों को साइबर अपराधों की जांच, डिजिटल साक्ष्यों के संरक्षण एवं डेटा रिकवरी की अत्याधुनिक प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई।



## अश्लील भाषा के इस्तेमाल पर आरसीबी के कोच एंडी पर लगा जुर्माना




**रायपुर, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मुख्य कोच एंडी फ्लावर पर रविवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान आचार संहिता लेवल वन 'अश्लील भाषा' के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने कहा कि फ्लावर ने कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2-3 को तोड़ा, जो 'मैच के दौरान सुनाई देने वाली गाली-गलौज के इस्तेमाल' से जुड़ा है। यह घटना आरसीबी के रन-चेज के 17-2वें ओवर में हुई जब फ्लावर की चौथे अंपायर के साथ तीखी बहस हुई। यह विवाद क्रुणाल पांड्या से जुड़े एक विवादित बाउंड्री कॉल के बाद हुआ। ए एम गजनफर का सामना करते हुए, क्रुणाल ने गेंद को वाइड लॉन्ग-ऑन की ओर उछाला, जहां नमन धीर ने रस्सियों के पास कैच लिया और बाउंड्री लाइन पार करते हुए तिलक वर्मा की ओर पैरी किया। तिलक ने कैच पूरा नहीं किया और ऐसा लगा कि उन्होंने छक्के का इशारा किया।

# पंजाब ने दिल्ली को 211 रन का टारगेट दिया

**श्रेयस-प्रियांश के अर्धशतक, स्टार्क-माधव को 2-2 विकेट**

**धर्मशाला, वार्ता।** आईपीएल में पंजाब किंग्स का सामना दिल्ली कैपिटल्स से हो रहा है। दिल्ली ने धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बालिंग का फैसला किया है। दिल्ली ने प्लेइंग-11 में पांच बदलाव किए हैं। वहीं पंजाब के लिए बेन ड्वारशुइस डेब्यू कर रहे हैं।

पंजाब ने 19 ओवर के बाद 5 विकेट के नुकसान पर 203 रन बना लिए हैं। श्रेयस अय्यर और सूर्यांश शेडगे क्रीज पर हैं। शशांक सिंह 0, मार्कस स्टोयनिस 1, कूपर कोनोली 38, प्रियांश आर्या 56 और प्रभसिमरन सिंह 18 रन बनाकर आउट हुए। 19वें ओवर में मुकाबले ने जबरदस्त मोड़ लिया। मिचेल स्टार्क ने लगातार दो गेंदों पर मार्कस स्टोयनिस और शशांक सिंह को आउट किया। हालांकि हैट्रिक गेंद पर आए सूर्यांश शेडगे ने दबाव में शानदार बल्लेबाजी करते हुए पहले छक्का जड़ा, फिर चौका और ओवर की आखिरी गेंद पर एक और सिक्स लगाकर मैच का रुख फिर पंजाब की ओर मोड़ दिया। 19 ओवर के बाद पंजाब का स्कोर 203/5 पहुंच गया। माधव तिवारी ने एक बार फिर दिल्ली को सफलता दिलाई। उन्होंने धीमी शार्ट गेंद से कूपर कोनोली को छकाया, जो बड़ा शाट लगाने के प्रयास में डीप मिडविकेट पर कैच दे बैठे। वहां डेविड मिलर ने आसान कैच लपका। कानाली 27 गेंदों में 38 रन बनाकर पवेलियन लौटे। श्रेयस अय्यर ने 32 बाल में अर्धशतक पूरा किया। माधव तिवारी की शार्ट और वाइड गेंद को श्रेयस ने जोरदार तरीके से डीप एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से छक्के के लिए भेज दिया। इसी के साथ उन्होंने अपनी फिफ्टी भी पूरी कर ली। 7 से 13 ओवर के बीच दिल्ली कैपिटल्स ने मैच में शानदार वापसी की और सिर्फ 61 रन देकर दो बड़े विकेट हासिल किए। मुकेश कुमार ने प्रभसिमरन सिंह को आउट किया, जबकि माधव तिवारी ने प्रियांश आर्या को अपना पहला आईपीएल विकेट बनाया। इसके बाद नंबर-3 पर आए श्रेयस अय्यर और कूपर कोनोली ने संभलकर बल्लेबाजी करते हुए पारी को आगे बढ़ाया। दिल्ली कैपिटल्स ने बीच के ओवरों में रन पर कुछ हद तक लगाम लगाई, लेकिन श्रेयस अय्यर एक छोर से तेजी बनाए हुए हैं। उन्होंने लुंगी एनगिडी की स्लोअर गेंद पर शानदार छक्का जड़कर दबाव कम किया। 12 ओवर के बाद पंजाब किंग्स का स्कोर 125/2 पहुंच गया है। माधव तिवारी ने आईपीएल में अपना पहला विकेट हासिल करते हुए पंजाब को बड़ा झटका दिया। शानदार बल्लेबाजी कर रहे प्रियांश आर्या बड़ा शाट खेलने की कोशिश में डीप पाइंट पर कैच थमा बैठे। वहां साहिल परख ने अपना पहला आईपीएल कैच लपका। प्रियांश 33 गेंदों में 56 रन बनाकर आउट हुए, उनकी पारी में 2 चौके और 6 छक्के शामिल रहे। मुकेश कुमार ने दिल्ली को पहली सफलता दिलाई। तेजी से रन बनाने की कोशिश में प्रभसिमरन सिंह बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन गेंद बल्ले के ऊपरी हिस्से पर लग गई। डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग से दौड़ते हुए आकिब नबी ने शानदार कैच पकड़कर उनकी पारी खत्म की। प्रभसिमरन 15 गेंदों में 18 रन बनाकर आउट हुए। प्रभसिमरन और प्रियांश के बीच पहले ओवर के लिए 78 रन की साझेदारी हुई।



**खेल विशेष**

### सात्विक-चिराग थाईलैंड ओपन में पेश करेंगे भारतीय चुनौती

**बैंकॉक, वार्ता।** सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी मंगलवार से निमिबुत्र स्टेडियम में शुरू होने वाले थाईलैंड ओपन 2026 बैडमिटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती पेश करेंगे। मौजूदा एशियन गेम्स चैंपियन सात्विक-चिराग, जो पुरुषों की युगल बैडमिटन रैंकिंग में चौथे स्थान पर हैं, की थाईलैंड ओपन से अच्छी यादें जुड़ी हैं, उन्होंने 2019 और 2024 में दो बार बीडब्ल्युएफ सुपर 500 टूर्नामेंट जीता है। ब्रदर्स ऑफ डिस्ट्रक्शन तीसरा खिताब जीतने की कोशिश में होंगे और यह जोड़ी थॉमस कप में अच्छे नतीजों के बाद इस टूर्नामेंट में आ रही है, जहां उन्होंने भारत को ब्रॉन्ज मेडल दिलाने में मदद की थी।

### एलेक्जेंड्रा एला इटैलियन ओपन के तीसरे राउंड में एलेना रायबाकिना से हारी

**रोम, वार्ता।** कजाकिस्तान की एलेना रायबाकिना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फिलिपींस की एलेक्जेंड्रा एला को हराकर इटेलियन ओपन के अगले दौर में जगह बना ली है। वर्ल्ड नम्बर दो एलेना रायबाकिना, जिन्होंने जनवरी में आर्यना सबालेंका को हराकर अपना पहला ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीता था, ने बीएनपी परिबास एरिना में पहला सेट 6-4 से जीता और रविवार को अपनी पहली डब्ल्यूटीए टूर में तीसरे दौर के मुकाबले में सीधे सेटों में 6-4, 6-3 से जीत पक्की की।

### स्क्वैश: वीर चोटरानी की हार: वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत का अभियान समाप्त

**गीजा (मिस्र), वार्ता।** वीर चोटरानी के दूसरे राउंड में दुनिया के नम्बर वन मुस्तफा असल खिलाफ हार के साथ वर्ल्ड स्क्वैश चैंपियनशिप 2026 में भारत की चुनौती समाप्त हो गई। पुरुषों की स्क्वैश रैंकिंग में 45वें नम्बर पर मौजूद वीर चोटरानी, रविवार को पाम हिल्स क्लब और पीजीसी गोल्फ सेंट्रल मॉल में लोकल फेवरेट और डिफेंडिग चैंपियन मुस्तफा असल से 3-0 (11-5, 11-2, 11-4) से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए। गीजा में खेल रहे चार भारतीय स्क्वैश खिलाड़ियों में से 24 साल के चोटरानी अकेले ऐसे खिलाड़ी थे जो दूसरे राउंड में पहुंच पाए। वीर चोटरानी ने शुरुआती राउंड में अपने ही देश के और भारत के टॉप रैंक वाले खिलाड़ी अभय सिंह को 3-2 से हराकर आगे बढ़े। इस बीच, वेलावन सेंथिलकुमार और रमित टंडन पहले ही राउंड में बाहर हो गए। वर्ल्ड नम्बर 50 वेलावन सेंथिलकुमार फ्रांस के छठे सीड और अभी के वर्ल्ड नम्बर 5 विक्टर क्रूइन से 3-0 से हार गए। दूसरी तरफ, 40वीं रैंक वाले रमित टंडन मिस्र के करीम एल टॉर्की से 3-1 से हार गए, जो उनसे 19 रैंक बेहतर खिलाड़ी हैं।

# मुम्बई इंडियंस को दो विकेट से हराकर RCB अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंची

**रायपुर, वार्ता।** भुवनेश्वर कुमार (चार विकेट/ नाबाद सात रन) और क्रुणाल पांड्या (73) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 54वें मुकाबले में आखिरी गेंद पर मुम्बई इंडियंस को दो विकेट से शिकस्त दी। इस जीत के साथ आरसीबी अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है।

इसी के साथ मुम्बई इंडियंस प्ले ऑफ की रेस बाहर हो गई है। आखिरी ओवर में आरसीबी को जीत के लिए 15 रनों जरुरत थी। रोमारियो शेफर्ड आखिरी ओवर में 11 गेंद पर 4 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद भुवी ने छक्का लगाकर एक बार फिर मैच को रोमांचक बना दिया। आखिरी गेंद पर दो रन चाहिए थे और रसिख सलाम ने मिड ऑन की तरफ खेलकर दो रन लेकर आरसीबी को मैच जिता दिया। आरसीबी ने आईपीएल में दूसरी बार मुम्बई इंडियंस को लीग चरण में दो बार हराया। 167 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 39 के स्कोर तक अपने तीन विकेट खो दिए। पहले ही ओवर की चौथी गेंद पर दीपक चाहर ने विराट कोहली (शून्य) को बोल्ड कर मुम्बई को पहली सफलता दिलाई। तीसरे ओवर में चाहर ने देवदत्त पड्डिक्कल (12) को अपना शिकार बना लिया। कप्तान रजत पाटीदार (आठ) को कार्बिन बॉश ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए क्रुणाल पांड्या ने जेकब बेथेल के साथ चौथे विकेट लिए 55 रन जोड़े। कार्बिन बॉश ने 13वें ओवर में बेथेल (26) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। बॉश ने 16वें ओवर में जितेश शर्मा (18) और टिम डेविड (शून्य) को आउट किया। 18वें ओवर में एम गजनफर ने क्रुणाल पांड्या आउट कर आरसीबी को संकट में डाल दिया। क्रुणाल पांड्या ने 46 गेंदों में चार चौके और पांच छक्के लगाते हुए 73 रनों की पारी खेली।



## मोहम्मद शमी के अनुभव के साथ उतरेगी सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स

**कोलकाता (पश्चिम बंगाल), वार्ता।** हाल ही में हुई बंगाल टी20 लीग पुरुष नीलामी में सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स ने कई अहम खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल किया है, जिसमें भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी सबसे बड़ा नाम रहे, इसके अलावा आलराउंडर करण लाल को भी टीम ने अपने साथ जोड़ा है। आगामी सीजन से पहले घरेलू क्रिकेट के कई प्रमुख खिलाड़ियों के लिए फेंचाइजियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली।

इसी क्रम में सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स ने भी अनुभव, घरेलू प्रदर्शन और उभरती प्रतिभाओं का संतुलित मिश्रण तैयार करते हुए अपनी टीम को अंतिम रूप दिया। सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स की खरीद में सबसे चर्चित नाम भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का रहा, जिन्हें 5-20 लाख रुपये में टीम में शामिल किया गया। वहीं बंगाल के तेज गेंदबाज ईशान पोरेल को 2-50 लाख रुपये में खरीदा गया। फेंचाइजी ने करण लाल के लिए भी जोरदार बोली लगाते हुए उन्हें 8 लाख रुपये में अपने साथ जोड़ा, जिससे वह बंगाल टी20 लीग पुरु नीलामी के शीर्ष 10 सबसे महंगे खिलाड़ियों में शामिल रहे। नीलामी को लेकर सर्वोटेक स्पोर्ट्स के डायरेक्टर ऋषभ भाटिया ने कहा कि, हम सर्वोटेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स के लिए नीलामी के परिणाम से बेहद संतुट हैं।

## 21 विकेटों के साथ भुवनेश्वर ने जमाया पर्पल कैप पर कब्जा

**रायपुर, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने मुम्बई इंडियंस के खिलाफ चार विकेट झटकर पर्पल कैप पर अपना कब्जा कर लिया। 2016 और 2017 में लगातार पर्पल कैप जीतने वाले भुवनेश्वर कुमार ने 36 साल की उम्र में भी अपनी कला नहीं खोई है, बल्कि ऐसा लग रहा है कि वह और भी बेहतर होते जा रहे हैं।




उन्होंने मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ उनके चार विकेट ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को रोमांचक जीत दिलाई। इसी के साथ यह इस सीजन में उनके विकेटों की संख्या 21 तक पहुंच गई है और वह पर्पल कैप तालिका में शीर्ष पर पहुंच गए है। शनिवार को कगिसो रबाडा 18 और रविवार को दिन के पहले मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ दो विकेट लेकर अंशुल कम्बोज 19 विकेट तक पहुंच गए थे। ए दोनों क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर है। इसके बाद एलएसजी के प्रिस यादव और सनराइजर्स हैदराबाद के इशान मलिगा 16-16 विकेट के साथ आते हैं। फिर गुजरात टाइटंस के राशिद खान और राजस्थान रॉयल्स के जोफ्र आर्चर 15-15 विकेट वाले गेंदबाज हैं। वहीं ऑरेंज कैप तालिका के मामले में पिछले मैच में एलएसजी के खिलाफ दो गेंदों पर शून्य पर आउट होने के बाद विराट कोहली, एमआई के खिलाफि भी पहली ही गेंद पर आउट हो गए और इसी वजह से वह अब भी दसवें स्थान पर अटके हुए हैं।

## एसआरएच की पावर का सामना गिल की दमदार जीटी से होगा

**अहमदाबाद, वार्ता।** विस्फोटक बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन अगुवाई वाली सनराइजर्स हैदराबाद की पावर का सामना शुभमन गिल की अगुवाई वाली गुजरात टाइटंस से मंगलवार को होगा। दोनों टीमों की सबसे बड़ी ताकत और सबसे बड़ा रिस्क उनकी विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए जानी जाती है जोकि आईपीएल 2026 में सबसे खतरनाक लाइनअप में से एक रहा है। हेनरिक क्लासेन जैसे खिलाड़ी हैं, जिनकी मध्यवर्ती ओवरों में पावर-हिटिंग कुछ ही ओवरों में गेंदबाजी आक्रमण को खत्म कर सकती है,

और अभिषेक शर्मा, जिन्होंने बार-बार धमाकेदार शुरुआत दी है जिससे बड़े स्कोर का माहौल बना है। उनके साथ, ट्रैविस हेड टॉप पर निडर इरादा लाते हैं, जबकि ईशान किशन मिडिल ऑर्डर में आक्रामक और स्थिरता का मिश्रण लाते हैं। अधिकतर मैदानों पर, यह कॉम्बिनेशन विरोधी गेंदबाजी आक्रमण को विफल करने के लिए काफी है। लेकिन अहमदाबाद ज्यादातर ग्राउंड्स जैसा नहीं है।




नरेंद्र मोदी स्टेडियम में, सनराइजर्स हैदराबाद ने बार-बार खुद को एक ऐसे पैटर्न में फंसा हुआ पाया है जिसे वे आसानी से नहीं तोड़ सकते। बल्लेबाजी के लिए अच्छी जगह होने के बावजूद, गुजरात टाइटन्स की स्थिति, मैच रफ्तार और दबाव वाले पलों पर कंट्रोल हमेशा उनके पक्ष में रहा है। नम्बर इसे साफ दिखाते हैं: गुजरात टाइटन्स का एसआरएच के खिलाफ 5-1 का हेड-टू-हेड रिकॉर्ड है, और एसआरएच को अहमदाबाद में मौकों को जीत में बदलने में हमेशा मुश्किल हुई है। इस बार, गुजरात टाइटन्स इस विश्वास के साथ मुकाबले में उतर रही है जो सोचा हुआ नहीं बल्कि कमाया हुआ लगता है। शुभमन गिल की अगुवाई में, उन्होंने टॉप पर निरंतरता और बीच के ओवरों में अनुशासन के आस-पास अपना अभियान बनाया है।

## एएफसी अंडर-17 एशियन कप में भारतीय टीम उज्बेकिस्तान से हारी

**जेद्दा, वार्ता।** भारत का एएफसी अंडर17 एशियन कप सऊदी अरब 2026 का कैंपेन निराशाजनक रूप से खत्म हुआ, जब उसे यहां किंग अब्दुल्ला स्पोर्ट्स सिटी हॉल स्टेडियम में अपने आखिरी ग्रुप डी मैच में डिफेंडिग चैंपियन उज्बेकिस्तान से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ ही भारतीय टीम इस टूर्नामेंट से बाहर हो गई, बल्कि एआईएफए अंडर17 वर्ल्ड कप कतर 2026 के लिए ऐतिहासिक क्वालिफिकेशन हासिल करने की भारत की उम्मीदें भी खत्म हो गईं।

उज्बेकिस्तान की जीत ने उनके और ऑस्ट्रेलिया दोनों के लिए क्वालिफिकेशन पक्का कर दिया, जो अब ग्रुप विनर तय करने के लिए मिलेंगे। ऑस्ट्रेलिया से शुरुआती 4-0 की हार के बाद यह जानते हुए कि सिर्फ जीत ही उनके वर्ल्ड कप के सपने को जिदा रख सकती है, भारत ने रविवार को सावधानी से मुकाबला शुरू किया। उज्बेकिस्तान ने शुरुआती स्तर नियंत्रण बनाए रखा और बार-बार सीधे अटैकिंग रन और आखिरी थर्ड में तेज मूवमेंट के साथ भारतीय डिफेंस को तोड़ने की कोशिश की। दबाव के बावजूद, भारत पहले हाफ में ज्यादातर समय डिफेंस में लगा रहा। बैकलाइन ने अपनी शेप अच्छी बनाए रखी, जबकि गोलकीपर राजरूप सरकार ने डिफेंडिग चैंपियन को दूर रखने के लिए कई जरूरी बचाव किए। हालांकि, 32वें मिनट में एक महंगी गलती के बाद भारत का प्रतिरोध टूट गया। सरकार उज्बेक आक्रमण को रोकने की कोशिश में अपनी लाइन से बाहर निकले, लेकिन पेनल्टी एरिया के अंदर लाजजि अब्दुरईमोव को गिरा दिया। रेफरी ने तुरंत स्पॉट की ओर इशारा किया।



## मैड्रिड को हराकर बार्सिलोना ने जीता ला लीगा का खिताब

**मैड्रिड, वार्ता।** फुटबॉल क्लब बार्सिलोना ने रियल मैड्रिड को 2-0 से हराकर ला लीगा चैंपियन 2025-26 का खिताब अपने नाम किया। यह बर्सिलोना का लगातार दूसरा खिताब है मार्कस रैशफोर्ड ने नौवें मिनट में एक जबरदस्त फ्री किक से स्कोरिंग शुरू की, और फेरान टोरेस ने रविवार को फर्मिन लोपेज और डैनी ओल्मो के शानदार मूव के बाद 18वें मिनट में बढ़त को दोगुना कर दिया। रियल मैड्रिड कभी भी गेम में वापसी करता हुआ नहीं दिखा, और बार्सिलोना दूसरे हाफ में मैच को कंट्रोल करने में कामयाब रहा।

यह बार्सिलोना का 29वां ला लीगा खिताब है। गोलकीपर थिबॉट कोर्टुआ ने आखिरी पलों में रॉबर्ट लेवांडोव्स्की और राफिन्हा के अच्छे बचाव किए। मैच के बाद बार्सिलोना के मिडफील्डर पेड्री ने कहा कि यहां रियल मैड्रिड के खिलाफ टाइटल जीतना गर्व का अनुभव है।

बार्सिलोना के कोच हैंसी फ्लिक, जिनके पिता की मौत की खबर दिन में पहले ही आ चुकी थी, ने मैच के बाद के जश्न में भावुक होकर कहा हम एक शानदार टीम हैं और हमने बहुत अच्छा खेला और बहुत अच्छा डिफेंस किया।



# मोदी की अपील

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाल ही में तेलंगाना के दौरे पर थे। हैदराबाद में जहां उन्होंने एक सरकारी समारोह में कई विकास परियोजनाओं की घोषणा की वहीं सिकंदराबाद में एक जनसभा को संबोधित किया। सिकंदराबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में पीएम मोदी ने लोगों से विदेशी मुद्रा बचाने की अपील की। इसके लिए उन्होंने कई रास्ते भी बताए हैं। पीएम मोदी ने इस दौरान एक साल तक सोना न खरीदने और खाने का तेल कम इस्तेमाल करने की अपील की। कांग्रेस ने पीएम मोदी के बयान की निंदा की है। कांग्रेस का कहना है कि पीएम मोदी अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए आपातकालीन कदम उठाने की जगह जनता को ही मुश्किल में डाल रहे हैं। पीएम मोदी ने जनसभा में कहा सप्लाई चेन की इन मुश्किलों के बीच पिछले दो महीने से ही हमारे पड़ोस में इतना बड़ा युद्ध चल रहा है। इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ा है और भारत पर तो और भी गंभीर असर पड़ा है। भारत के पास बड़े बड़े तेल के कुएं नहीं हैं। हमें अपनी जरूरत के पेट्रोल-डीजल-गैस ये सभी बहुत बड़ी मात्रा में दुनिया के दूसरे देशों से मंगाने पड़ते हैं। युद्ध की वजह से पूरी दुनिया में पेट्रोल, डीजल, गैस और फर्टीलाइजर के दाम बहुत अधिक बढ़ चुके हैं। आसमान को भी पार कर गए हैं। पड़ोस के देशों में क्या है वो तो अखबारों में आता है। पीएम मोदी ने कहा, भारत सरकार इस युद्ध के पिछले दो महीनों से देशवासियों को इस संकट से बचाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। नागरिकों पर बोझ ना पड़े, इसके लिए सरकार सारा बोझ खुद अपने कंधे पर उठा रही है। पीएम मोदी ने सप्लाई चेन का हवाला देते हुए कहा कि सप्लाई चेन पर लगातार संकट बना रहे तो हम कितने भी उपाय कर लें मुश्किलें बढ़ती ही जाती हैं। इसलिए अब देश को सर्वोपरि रखते हुए, हमें एकजुट होकर लड़ना होगा। देश के लिए मरना ही देशभक्ति नहीं होती है, देश के लिए जीना और देश के लिए अपने कर्तव्यों को निभाना वो भी देशभक्ति होती है। ऐसे ही खाने के तेल का भी है। इसके आयात के लिए भी बहुत बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ती है। हर खाने में तेल का उपयोग में कुछ कमी करे तो वो भी देशभक्ति का काम है। इससे देश सेवा भी होगी और देह सेवा भी होगी। इससे देश के खजाने का स्वास्थ्य भी सुधरेगा और परिवार के लोगों का भी स्वास्थ्य सुधरेगा। पीएम मोदी ने विदेशी मुद्रा बचाने को लेकर कहा कि जो भी रास्ते अपना सकते हैं वो अपनाना होगा। उन्होंने कहा सोने की खरीद एक और पहलू है जिसमें विदेशी मुद्रा बहुत खर्च होती है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा है कि ईरान-अमेरिका युद्ध को तीन महीने बीत चुके हैं, लेकिन पीएम मोदी को अब भी यह समझ नहीं आ रहा है कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा कैसे सुनिश्चित की जाए। वेणुगोपाल ने एक्स पर लिखा, यह बेहद शर्मनाक, गैर-जिम्मेदाराना और पूरी तरह से अनैतिक है कि पीएम इस वैश्विक संकट से हमारी अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए कोई आपातकालीन योजना बनाने के बजाय, आम नागरिकों को ही मुश्किल में डाल रहे हैं।

# नर्सों के बिना अधूरा है चिकित्सा का आकाश





योगेश कुमार गोयल

नर्सें किसी भी राष्ट्र की स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली का महत्वपूर्ण हिस्सा होती हैं, फिर चाहे वह सार्वजनिक हो अथवा निजी। चिकित्सा देखभाल प्रदान करने के लिए नर्सें डॉक्टरों के साथ सांझेदारी करती हैं और चिकित्सा संस्थान में प्रवेश करने से लेकर बाहर निकलने तक अपने मरीजों की भलाई के लिए जिम्मेदार रहती हैं। वे मरीजों के स्वास्थ्य और महत्वपूर्ण संकेतों की निगरानी करती हैं। यही कारण है कि नर्सिंग का पेशा दुनियाभर में सबसे भरोसेमंद पेशों में से एक पेशा माना जाता है।

सामान्य दिनों में जब पेशेवर डॉक्टर दूसरे मरीजों को देखने में व्यस्त रहते हैं, तब अस्पतालों में भर्ती मरीजों की चौबीसों घंटे देखभाल का उत्तरदायित्व नर्सों पर ही रहता है। इसलिए उनसे उम्मीद की जाती है कि वे रोगियों का मनोबल बढ़ाने के साथ-साथ उनकी बीमारी को नियंत्रित करने में मित्रवत व्यवहार करें तथा उनके प्रति स्नेहशीलता का परिचय दें। इसीलिए रोगियों की उचित देखभाल के लिए नर्सों का शारीरिक, मानसिक तथा सामाजिक स्तर पर शिक्षित, प्रशिक्षित तथा अनुभवी होना बहुत महत्त्वपूर्ण माना जाता है। समाज के लिए नर्सों के योगदान को चिन्हित करने के लिए ही प्रतिवर्ष 12 मई को विश्व नर्सिंग की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगेल की स्मृति में दुनियाभर में 'अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस' का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष यह दिवस 'हमारी नर्सें। हमारा भविष्य। सशक्त नर्सें जीवन बचाती हैं।' थीम के साथ मनाया जा रहा है। इस विषय का उद्देश्य सुरक्षित वातावरण, उचित वेतन और नेतृत्व के अवसरों के माध्यम से नर्सों को सहायता और प्रशिक्षण प्रदान करना है ताकि रोगी देखभाल और स्वास्थ्य परिणामों में सुधार किया जा सके। जैसे-जैसे स्वास्थ्य सेवा प्रणालियां विकसित होती हैं और नई चुनौतियों का सामना करती हैं, नर्सों का योगदान अपूरणीय बना रहता है। यह दिवस मनाए जाने का मुख्य उद्देश्य यही है कि स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सों के अमूल्य योगदान, मेहनत और समर्पण के लिए उन्हें सराहना मिले तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाली नर्सों को पुरस्कृत किया जाए। नर्सिंग ऐसा कार्यक्षेत्र है, जिससे जुड़े लोग कभी बेरोजगार नहीं रहते। सरकारी और निजी अस्पतालों, सैन्य बलों, नर्सिंग होम, अनाथालयों, वृद्धाश्रमों तथा कुछ अन्य क्षेत्रों में ऐसे लोगों को रोजगार उपलब्ध हो ही जाता है। वैसे नर्सों का कार्य केवल मरीजों की देखभाल तक ही सीमित नहीं होता बल्कि योग्य नर्सों के लिए शैक्षिक, प्रशासनिक और शोध कार्यों से संबंधित अवसर भी उपलब्ध होते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में अमीर और गरीब दोनों प्रकार के देशों में प्रशिक्षित नर्सों की कमी है लेकिन विकासशील देशों में यह कमी कुछ अधिक देखने को मिलती है। विकसित देश अपने यहां नर्सों की कमी को अन्य देशों से नर्सें बुलाकर पूरा कर लेते हैं और उनको वहां पर अच्छा वेतन और सुविधाएं देते हैं, जिससे नर्सें विकसित देशों में जाने में देर नहीं करती। विश्व बैंक की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अच्छे वेतनमान और सुविधाओं के लोभ में आज भी विकासशील देशों से बड़ी संख्या में नर्सें विकसित देशों में नौकरी के लिए जाती हैं, जिससे विकासशील देशों को प्रशिक्षित नर्सों की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। विकासशील देशों में नर्सों को अधिक वेतन और सुविधाओं की कमी रहती है और आगे का भविष्य भी अधिक उज्ज्वल नहीं दिखाई देता, जिससे वे विकसित देशों के बुलावे पर नौकरी के लिए चली जाती हैं। भारत में महानगरों तथा बड़े शहरों में चिकित्सा व्यवस्था कुछ ठीक होने के कारण इन इलाकों में नर्सों की संख्या में इतनी कमी नहीं है, जितनी कि छोटे शहरों और गांवों में है। किसी भी देश में नर्सों की कमी उस देश की खराब चिकित्सा व्यवस्था को बताती है। नर्सों की कमी का सीधा प्रभाव नवजात शिशु और बाल मृत्यु दर पर भी पड़ता है। अच्छे वेतन और सुविधाओं के लिए पहले जितनी अधिक संख्या में प्रशिक्षित नर्सें विदेश जाती थी, आज उसमें कुछ कमी आई है। दरअसल आज सरकारी अस्पतालों में नर्सों को अच्छा वेतन और अन्य सुविधाएं मिल रही हैं, जिससे उनकी स्थिति सुदृढ़ हुई है और यही कारण है कि भारत से प्रशिक्षित नर्सों का पलायन कुछ हद तक रुका है। हालांकि तस्वीर का एक पहलू यह भी है कि कुछ राज्यों तथा गैर-सरकारी क्षेत्रों में नर्सों की स्थिति आज भी संतोषजनक नहीं है, जहां उन्हें लंबे समय तक कार्य करना पड़ता है और फिर भी वे सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पातीं, जिनकी वे हकदार हैं। भारत में विदेश के लिए नर्सों के पलायन में पहले की अपेक्षा कमी आने के बावजूद रोगियों की संख्या में लगातार वृद्धि होने के कारण रोगी और नर्स के अनुपात में अंतर बढ़ा है।

## श्रीमुख से...

### लोग केवल राजनीतिक जुगाड़ मानेंगे



मंत्रिमंडल का घटाना-बढ़ाना और विस्तार सत्तारूढ़ दल का आंतरिक राजनीतिक विषय होता है, इसलिए इस पर ज्यादा टिप्पणी करना उचित नहीं है, लेकिन इसका असर आमजन, खासकर गरीबों, मजदूरों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के जीवन पर सकारात्मक रूप से दिखना चाहिए, सरकार और मंत्रियों के कामकाज में समाज के हर वर्ग, विशेषकर कमजोर तबकों की जान-माल और मजहब की सुरक्षा सुनिश्चित होती दिखाई देनी चाहिए, यदि ऐसा नहीं हुआ, तो लोग इसे केवल राजनीतिक जुगाड़ और सरकारी संसाधनों पर बढ़ा बोझ मानेंगे।

**-सुश्री मायावती**
**अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क, शाह टाइम्स**
**पत्राचार: शाह टाइम्स, सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003**
**Dainikshahtimes@gmail.com**

# विश्वास, उम्मीद व सेहत का जीव विज्ञान



अमेरिकी लेखक और एक्टिविस्ट हेलन केलर इंसानी क्षमता और संभावना की एक अंतर्राष्ट्रीय मिसाल हैं। बहरेपन और अंधेपन से ग्रसित हेलन केलर ने लिखा था, आशावाद वह विश्वास है जो कामयाबी की ओर ले जाता है। उम्मीद और भरोसे के बिना कुछ भी नहीं किया जा सकता। आशावाद को भविष्य में अच्छा और हितकर होने की सकारात्मक उम्मीद रखने के रूप में समझा जा सकता है। यह एक इंसानी खूबी है जिसे बेहतर सेहत और बेहतर जिंदगी से भी जोड़ कर देखा जाता है। आशावाद तय करता है कि हम भविष्य को कैसे देखते-सोचते हैं। यह एक मॉड्युलेटर की तरह काम करता है जो सकारात्मक संभावनाओं को थोड़ा बढ़ा-चढ़ा देता है और नकारात्मक विचारों और ख्यालों को दूर रखता है।

इस्राइली-ब्रिटिश तंत्रिका विज्ञानी ताली शारोट का अनुमान है कि लगभग 80 प्रतिशत मनुष्य आशावादी हैं, लेकिन अधिकतर लोग 'थोड़े ही' आशावादी होते हैं। यह कहा जा सकता है कि आशावाद वास्तविकता से अलग, एकतरफा सोच दिखाता है। जैव-विकास ऐसी खूबी को क्यों तरजीह देगा जो आपको पूरी तरह निष्पक्ष रखने की बजाय एकतरफा ढंग से पूर्वाग्रह से लैस करे? वैज्ञानिकों के बीच आम राय यह है कि आशावाद की बदौलत अनुकूलन काफी ज़्यादा होता है, अर्थात आशावाद किसी जीव की उत्तरजीविता को बढ़ाता है। कल्पना कीजिए कई हजार साल पहले कोई महिला जिस तरह रहती थी। मान लीजिए वह एक गुफा के अंदर रहती है और उस समय उस क्षेत्र में सूखा पड़ रहा है। अगर वह बाहर भोजन (कोई खरगोश या फल से लदी झाड़ी) मिलने की संभाविता निकालकर निर्णय करे, तो शायद ही भोजन की तलाश में बाहर जाए।

ऐसे में निष्क्रिय रहना उसके लिए सही चुनाव रहता, क्योंकि इससे यहां-वहां भटकने में खर्च होने वाली ऊर्जा बचती। दूसरी ओर, (कुछ-न-कुछ मिल जाने की) उम्मीद उसे भोजन की तलाश के लिए बाहर निकलने की हिम्मत दे सकती है। बाहर कुछ-न-कुछ भोजन मिल जाने की संभावना ज्यादा मानकर, उसके पास कोशिश करने की ज्यादा संभावना होगी। किसी एक तरफ यह थोड़ा अधिक झुकाव उसे कोशिश करने के लिए बढ़ावा देता है, जिससे उसके जीने की संभावना बढ़ जाती है। हालांकि, इसकी भी एक सीमा है कि आप कितने आशावादी होकर इससे फायदा उठा सकते हैं। फायदे के लिए जो तरीका सबसे अच्छा काम करता है वह है एक सामान्य सकारात्मक सोच रखना, जिसे आशावादी स्वभाव कहा जाता है। असल जिंदगी में कुछ बुरा होने पर किसी निराशावादी व्यक्ति की प्रतिक्रिया होगी मैं जानता था, ऐसा ही होगा, जबकि आशावादी लोग कहेंगे कल बेहतर होगा। वर्ष 2007 में नेचर पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार यह लचीलापन आशावादी पूर्वाग्रह ऑप्टिमिज्म बायस से बना रहता है, जो मस्तिष्क में सूचनाओं की प्रोसेसिंग में गैर-बराबरी का परिणाम है मस्तिष्क द्वारा अच्छी बातों को ज्यादा अहमियत दी जाती है और बुरी बातों को कम। मस्तिष्क के अग्र और मध्य भाग का एक क्षेत्र है रोस्ट्रल एंटीरियर सिंगुलेट कॉर्टेक्स ACC जब आशावादी लोग अच्छे और सुखद भविष्य की कल्पना करते हैं तब यह क्षेत्र बहुत सक्रिय होता है। इस हिस्से में अधिक सक्रिय न्यूरॉन अच्छी संभावनाओं की एन्कोडिंग को आसान बनाते हैं। इसके विपरीत, नकारात्मक जानकारियों पर rACC कम प्रतिक्रिया देता है, परिणामस्वरूप असफलताओं का व्यक्ति की भविष्य की उम्मीदों पर कम असर पड़ता है। रिवाइज्ड लाइफ ओरिएंटेशन टेस्ट एक छोटा-सा परीक्षण है जिसका इस्तेमाल यह मापने के लिए किया जाता है कि किसी व्यक्ति में आशावादिता है या नहीं। इसमें स्थिति आधारित 10 वक्तव्य होते हैं जिन्हें आपको 0 से 4 के बीच अंक देने होते हैं पूरी तरह असहमत के लिए 0 से पूरी तरह सहमत के लिए 4 तक। मसलन, ऐसे वक्तव्य होते हैं कठिन परिस्थितियों में, अमूमन मैं अच्छे की उम्मीद रखता हूं और यदि कुछ बुरा होना है, तो होकर रहेगा। जिन लोगों में आशावादिता अधिक होती है, उनका हृदय अधिक स्वस्थ पाया गया है। बुजुर्गों में, आशावादी स्वभाव को न्यूरॉन्स का सुरक्षा कवच माना जाता है, जो मस्तिष्क को बुढ़ापे की मार से बचाता है। वर्ष 2024 में एजिंग एंड डिसीज जर्नल में प्रकाशित नतीजों के अनुसार ब्रेन-डेराइव्ड न्यूरोट्रॉफिक फैक्टर का उच्च स्तर बुढ़ापे में लचीलापन बढ़ाता है। बुढ़ाने के कारण भले ही कुछ न्यूरॉन्स खत्म होते जाते हैं, लेकिन BDNF बचे हुए न्यूरॉन्स को ज्यादा असरदार तरीके से एक-दूसरे से जोड़ने में मदद करता है, जिससे व्यक्ति की इंद्रियां चाक-चौबंद रहती हैं और दिमाग समझदार बना रहता है।

**-स्रोत फीचर्स**
**(डॉ. डी. बालसुब्रमण्यन, सुशील चंदानी)**

# दयालुता मानवता का सबसे बड़ा सौंदर्य, इसे बनाए रखें



आज दुनिया में प्रेम, करुणा, दया एवं उदारता रूपी संवदेनाओं का स्रोत सूखता जा रहा है। इनमें दया एवं दयालुता ही ऐसा मानवीय मूल्य है जिस पर मानव की मुस्कान छिपी है। दयालुता एक ऐसा भाव है जो न केवल दूसरों के प्रति प्रेम जगाता है बल्कि ईश्वर के करीब भी ले जाता है। मानव जीवन के इस सौन्दर्य एवं खूबसूरत भाव को बल देने के लिए प्रतिवर्ष 13 नवम्बर को विश्व दयालुता दिवस के रूप में मनाया जाता है। विश्व दयालुता दिवस सकारात्मक शक्ति और दया की डोर पर आधारित हैं जो समाज में अच्छे कामों को उजागर करने के साथ हमें अच्छे, परोपकारी काम करने को प्रेरित करता है। दया मानव परिस्थितियों का मूलभूत हिस्सा है जो नस्ल, भाषा, धर्म, जाति, रंग, राजनीति और लिंग आदि की भावनाओं एवं अमीर-गरीब के भेद से परे है। ऐसे कई तरीके हैं जिनसे कोई व्यक्ति अपनी दयालुता प्रदर्शित कर सकता है और दूसरों को भी उसका अनुसरण करने के लिए प्रेरित कर सकता है।

यह दिन समाज में अच्छी गतिविधियों, सेवा-परोपकार और दयालुता का भाव रखने वालों का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है। दयालुता एक ऐसा भाव है जो हर मनुष्य के अंदर संवेदनशीलता एवं मानवीयता की अलख जगाते हुए हमेशा दयालु कार्य करने, हमेशा लोगों की मदद करने, हमेशा अच्छा करने का मौका देता है। क्योंकि यह न केवल हमारे अंदर बदलाव लाएगा बल्कि हमारे आसपास की दुनिया को भी बदल कर जीने लायक बना देगा। विश्व दयालुता दिवस की शुरुआत 1998 में वर्ल्ड किंडनेस मूवमेंट संगठन द्वारा की गई थी, जिसकी स्थापना 1997 के टोक्यो सम्मेलन में दुनिया भर के दयालु संगठनों द्वारा की गई थी। साल 2019 में, इस संगठन को स्विस कानून के तहत एक आधिकारिक एनजीओ के रूप में पंजीकृत किया गया था। वर्तमान में वर्ल्ड किंडनेस मूवमेंट में 28 से अधिक राष्ट्र शामिल हैं जिनका किसी भी धर्म या राजनीतिक गतिविधियों से कोई संबद्धता नहीं है। इसे 1998 में विश्व दयालुता आंदोलन, राष्ट्रों की दयालुता वाले गैर सरकारी संगठनों के गठबंधन द्वारा पेश किया गया था। यह कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, नाइजीरिया और संयुक्त अरब अमीरात सहित कई देशों में मनाया जाता है। सिंगापुर ने पहली बार 2009 में यह दिन मनाया। इटली और भारत में भी यह दिन मनाया जाता है। यूके में, इसका नेतृत्व डेविड जेमिली ने किया, जिन्होंने लुईस बर्फिट-डॉन्स के साथ काइंडनेस डे यूके की सह-स्थापना की।

'हम जैसे भी है, अपने आप में बेहतरीन है और हमारी बेहतरी इसी में है कि हम दुनिया को बेहतर बनाए'- यही भावना, आत्मसम्मान और विश्वास जगाएं और अपने गुण-दोषों का आंकलन करें। वास्तव में दया की भावना ही वास्तविक धर्म है। दलाई लामा ने कहा कि हमैं इस आसान धर्म में विश्वास रखता हूं। मन्दिरों की कोई आवश्यकता नहीं, जटिल दर्शनशास्त्र की कोई आवश्यकता नहीं। हमारा मस्तिष्क, हमारा हृदय ही हमारा मन्दिर है, और दयालुता जीवन-दर्शन है।ह्र इस दुनिया में दया से बढ़कर कुछ भी नहीं है। हालांकि यह सच है कि जघन्य अपराधों, आतंकवाद, युद्ध, हिंसा, मिलावट की गतिविधियों के मामले दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं, लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि दयालुता अभी भी मौजूद है और दुनिया पर राज कर रही है। किसी ने एक बार कहा था कि 'दया उन लोगों को आशा दे रही है जो सोचते हैं कि वे इस दुनिया में बिल्कुल अकेले हैं। लेकिन हम दयालुता की बात क्यों कर रहे हैं, क्योंकि दयालुता की भावना ही यह परिभाषित करती है कि व्यक्ति अच्छा है या बुरा। एक व्यक्ति में यह गुण अवश्य होना चाहिए क्योंकि दूसरों के साथ व्यवहार करने का यही एकमात्र सही एवं प्रभावी तरीका है, जो सीधा मनुष्य के दिल को छूता है। यदि आप उन लोगों में से हैं जो दयालुता का कोई भी कार्य करने के बाद अच्छा महसूस करते हैं, तो आप समझते हैं कि वास्तव में दयालुता क्या है। 1990 के दशक के मध्य में, लघु दयालुता आंदोलन ने दुनिया भर से प्रतिभागियों को आमंत्रित करने के लिए एक सम्मेलन आयोजित किया और अपने-अपने देशों में शुरू किए गए दयालुता आंदोलनों के बारे में अपनी कहानियां साझा कीं। सम्मेलन सफल रहा और दूसरा सम्मेलन 1997 में आयोजित किया गया। इन सम्मेलनों ने विश्व दयालुता आंदोलन को बल मिला। विश्व दयालुता दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों, समाज और समुदाय को अच्छे काम करने और सभी के प्रति दयालु होने के लिए प्रोत्साहित करना है।



गुरुग्राम। हरियाणा में राज्य सरकार के खिलाफ अपनी मांगों के समर्थन में आयोजित विरोध रैली के दौरान गुरुग्राम नगर निगम (एमसीजी) के कर्मचारी बर्तन बजाते हुए।

## ईयू जल्द यूक्रेन को 90 अरब यूरो के कर्ज की पहली किस्त जारी करेगा

**ब्रुसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) की कमिश्नर फॉर इनलार्जमेंट मार्टा कोस ने सोमवार को कहा कि अगले सप्ताह संघ यूक्रेन को 90 अरब यूरो (105.7 अरब अमेरिकी डॉलर) के कर्ज पैकेज की पहली किस्त जारी करेगा। सुकोस ने कहा कि हम सही रास्ते पर हैं और मुझे उम्मीद है कि अगले सप्ताह हम पहली किस्त जारी कर पाएंगे। ईयू के सदस्य देशों ने 23 अप्रैल को यूक्रेन के लिए 90 अरब यूरो के कर्ज पैकेज को औपचारिक रूप से मंजूरी दी थी। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा ने पहले कहा था कि यूक्रेन को इस कर्ज को तभी चुकाना होगा, जब उसे रूस से हर्जाने की रकम मिलेगी।

## एमवी होंडियस पर सवार अमेरिकी नागरिकों में से एक हंता वायरस से संक्रमित

**वाशिंगटन।** एमवी होंडियस क्रूज जहाज से स्वदेश लौटे 17 अमेरिकी नागरिकों में से कम से कम एक हंता वायरस से संक्रमित है। अमेरिका के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। अमेरिका के 17 नागरिकों और यहां रहने वाले एक ब्रिटिश नागरिक को हंता वायरस संक्रमण की आशंका के बीच सोमवार तड़के विशेष निगरानी और चिकित्सकीय मूल्यांकन के लिए नेब्रास्का लाया गया। ये सभी यात्री एमवी होंडियस क्रूज जहाज पर सवार थे, जहां एंडीज वैरिएंट हंता वायरस संक्रमण का प्रकोप सामने आया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, सामान्यत: कृन्तकों (रोडेंट्स) से फैलने वाला यह वायरस संभवत: जहाज पर मानव से मानव में भी फैला हो सकता है। अब तक जहाज से जुड़े तीन लोगों की मौत हो चुकी है।

# ईरान के जवाबी प्रस्ताव को ट्रम्प ने पूरी तरह अस्वीकारा

### मैंने अभी-अभी ईरान के तथाकथित 'प्रतिनिधियों' की प्रतिक्रिया पढ़ी: ट्रम्प

**वाशिंगटन/तेहरान।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पश्चिम एशिया में युद्ध को समाप्त करने के उद्देश्य से ईरान के जवाबी प्रस्ताव को सिरे से खारिज कर दिया और उसकी प्रतिक्रिया को 'पूरी तरह अस्वीकार्य' करार दिया है। ट्रम्प ने सोमवार को एक पोस्ट में लिखा कि मैंने अभी-अभी ईरान के तथाकथित 'प्रतिनिधियों' की प्रतिक्रिया पढ़ी है।

मुझे यह पसंद नहीं आई-पूरी तरह अस्वीकार्य! यह फटकार ऐसे समय में आई है जब दोनों पक्ष (जो अप्रैल से बातचीत करने की कोशिश कर रहे हैं) ईरान के परमाणु कार्यक्रम और किसी भी संभावित युद्धविराम समझौते की शर्तों पर

■ राष्ट्रपति ट्रम्प ने स्पष्ट कर दिया है कि ईरान कभी भी परमाणु हथियार नहीं बना पाएगा और वह दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं को बंधक नहीं बना सकता



एक समझौते पर पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। पाकिस्तान के मध्यस्थों के माध्यम से प्रस्तुत ईरान के जवाबी प्रस्ताव में कई व्यापक मांगें शामिल हैं जिनमे अमेरिकी प्रतिबंधों को हटाना, ईरान की जब्त संपत्तियों को मुक्त करना और होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान की संप्रभुता को औपचारिक मान्यता देना शामिल है। तेहरान ने अपने बंदरगाहों की अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी को तत्काल समाप्त करने और ईरानी क्षेत्र पर आगे कोई हमला न करने की गारंटी देने की भी मांग की। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने स्पष्ट कर दिया है कि ईरान कभी भी परमाणु हथियार नहीं बना पाएगा और वह दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं को बंधक नहीं बना सकता। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज ने 'फॉक्स न्यूज संडे' पर बोलते हुए कहा कि वाशिंगटन ने अपने प्रस्ताव में एक 'बहुत स्पष्ट लक्ष्मण रेखा' खींच दी है। ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाएं मुख्य मुद्दा बनी हुई हैं। ट्रम्प ने जोर देकर कहा है कि ईरान को कभी भी परमाणु हथियार विकसित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी, इस रुख का नेतन्याहू ने भी समर्थन करते हुए कहा है कि संघर्ष की समाप्ति की घोषणा से पहले ईरान के समृद्ध यूरेनियम भंडार को 'नष्ट' किया जाना चाहिए।

# ईरान ने अमेरिकी योजना को किया खारिज

### अमेरिकी शांति प्रस्ताव का मतलब अमेरिकी सरकार की अत्यधिक मांगों के आगे झुकना

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका को दिए अपने जवाब में अमेरिकी शांति प्रस्ताव को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि इसका मतलब अमेरिकी सरकार की अत्यधिक मांगों के आगे झुकना होगा। प्रेस टीवी की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। ईरानी समाचार एजेंसी आईएसएनए ने पहले बताया था कि अमेरिकी संदेश पर ईरान की प्रतिक्रिया युद्ध समाप्त करने और फारस की खाड़ी और होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर केंद्रित थी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संघर्ष समाधान के लिए अमेरिकी प्रस्ताव पर ईरान की प्रतिक्रिया को पूरी तरह अस्वीकार्य बताया। प्रेस टीवी के अनुसार, ईरान की प्रतिक्रिया योजना में इस बात पर जोर दिया गया है कि अमेरिका को इस्लामिक गणराज्य को युद्ध क्षतिपूर्ति का भुगतान करना होगा। मई की शुरुआत में ईरानी विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि तेहरान को इस्लामिक गणराज्य के नए 14 सूत्री प्रस्ताव के संबंध में पाकिस्तान के माध्यम से अमेरिका से जवाब मिला है। ईरान की तसनीम समाचार एजेंसी ने रविवार को बताया कि अमेरिका के साथ बातचीत के लिए ईरान के प्रस्तावों का पाठ, जिसे तेहरान ने वाशिंगटन को भेजकर जवाब दिया था, में प्रतिबंध हटाने, होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान का पूर्ण नियंत्रण और विदेशों में ईरानी संपत्तियों को मुक्त



■ पश्चिम एशिया में युद्ध समाप्त करने के लिए ईरान का प्रस्ताव उदार और तार्किक

करने के प्रावधान शामिल हैं। 28 फरवरी को, अमेरिका और इजरायल ने ईरान में लक्ष्यों पर हमले शुरू किए, जिसमें 3000 से अधिक लोग मारे गए। वाशिंगटन और तेहरान ने 8 अप्रैल को दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा की। इस्लामाबाद में बाद की बातचीत बेनतीजा रही, शत्रुता के फिर से शुरू होने की कोई खबर नहीं मिली, लेकिन अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी शुरू कर दी। मध्यस्थ बातचीत के एक नए दौर का आयोजन करने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं ईरान ने यह भी कहा है कि पश्चिम एशिया में युद्ध समाप्त करने के लिए उसका प्रस्ताव 'उदार और तार्किक' था, जबकि अमेरिका अब भी इजरायल की सोच से प्रभावित 'अवास्तविक मांगों' पर अड़ा हुआ है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने सोमवार को अपने साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ईरान की ओर से अमेरिकी प्रस्ताव के जवाब में जो योजना भेजी गई, वह 'हद से ज्यादा' नहीं थी और उसका उद्देश्य पूरे क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता स्थापित करना था। उन्होंने कहा कि हमने किसी प्रकार की रियायत की मांग नहीं की। हमने केवल ईरान के वैध अधिकारों की बात की है। बघाई ने सवाल किया कि क्या क्षेत्र में युद्ध समाप्त करने, ईरानी जहाजों के खिलाफ 'समुद्री डकैती' रोकने तथा वर्षों से अवरुद्ध ईरानी संपत्तियों को मुक्त करने की मांग अनुचित कही जा सकती है। उन्होंने कहा कि क्या होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने का हमारा प्रस्ताव अवास्तविक है? क्या पूरे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा स्थापित करना गैर-जिम्मेदाराना है? इससे पूर्व, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने ईरान के प्रतिनिधियों का जवाब पढ़ा और उसे 'पूरी तरह अस्वीकार्य' पाया। ट्रम्प ने समाचार पोर्टल एक्सियोस को दिए साक्षात्कार में कहा था कि उन्होंने ईरान के जवाब पर बेंजमिन नेतन्याहू से भी चर्चा की है।

## होर्मुज स्ट्रेट की सुरक्षा पर रक्षा मंत्रियों की बैठक की मेजबानी करेंगे ब्रिटेन-फ्रांस

**लंदन।** होर्मुज स्ट्रेट में व्यापार को सुरक्षित रूप से शुरू करने के इरादे से सैन्य नियोजन पर चर्चा करने के लिए ब्रिटेन और फ्रांस मंगलवार से 40 देशों के विदेश मंत्रियों की मेजबानी करेंगे। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, रक्षा सचिव जॉन हीली और फ्रांस की रक्षा मंत्री कैथरीन वॉट्रिन इस बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह इस बहुराष्ट्रीय समुद्री मिशन की पहली रक्षा मंत्री बैठक होगी। इस बीच, ईरान ने सभी देशों को होर्मुज में अपने युद्धपोत उतारने के खिलाफ चेतावनी दी है। ईरान के उप-विरेध मंत्री काजम गरीबाबादी ने ब्रिटेन एवं फ्रांस को चेतावनी दी है कि अगर वे होर्मुज जलडमरूमध्य के पास अपने युद्धपोत तैनात करते हैं तो स्थिति तनावपूर्ण हो सकती है। ब्रिटेन ने पिछले सप्ताह यह ऐलान किया था कि वह पश्चिम एशिया में एचएमएस ड्रैगन को एक 'पूर्णत: रक्षात्मक' मिशन के तहत तैनात करेगा। इस तैनाती का उद्देश्य समुद्री बारूदी सुरंगों को होर्मुज से निकालना और क्षेत्र में व्यवसायिक नौवहन को बहाल करना होगा। इस बीच, फ्रांस ने पुष्टि की कि उसने होर्मुज जलडमरूमध्य में संभावित सुरक्षा अभियान की तैयारी के तहत अपना नौसैनिक बेड़ा लाल सागर में तैनात कर दिया है।

## बिग कैट संरक्षण के लिए कॉर्पोरेट सहयोग जरूरी: भूपेंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोमवार को कहा कि बिग कैट के प्राकृतिक वास के पुनर्स्थापन, प्रौद्योगिकी आधारित निगरानी और सामुदायिक संरक्षण के लिए कॉर्पोरेट वित्तपोषण बेहद आवश्यक है। यादव ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के तत्वाधान में आयोजित 'वैश्विक अर्थव्यवस्था, उद्योग और समाज का भविष्य तथा विजन फॉर इंडिया-100' सम्मेलन को संबोधित करते हुए बताया कि भारत एक और दो जून को पहले अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। उन्होंने कहा है कि बिग कैट के प्राकृतिक वास के पुनर्स्थापन, प्रौद्योगिकी आधारित निगरानी और सामुदायिक संरक्षण के लिए कॉर्पोरेट वित्तपोषण बेहद आवश्यक है। उन्होंने उद्योग जगत से बिग कैट संरक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल है, जिसका उद्देश्य दुनिया की सात बड़ी बिल्ली प्रजातियों बाघ, शेर, चीता, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, जगुआर और प्यूमा का संरक्षण करना है।

## चीनी तियानझोउ-10 कार्गो अंतरिक्ष यान तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन की ओर प्रक्षेपित

**बीजिंग।** चीन ने सोमवार को तियानझोउ-10 कार्गो अंतरिक्ष यान को सफलतापूर्वक तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन की ओर प्रक्षेपित किया। चीन मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी ने इसकी घोषणा की।

एजेंसी के बयान में कहा गया कि चांग झेंग-7 वाई11 प्रक्षेपण यान, जो तियानझोउ-10 कार्गो अंतरिक्ष यान को लेकर था, इसे बीजिंग समयानुसार सुबह 8:14 बजे (भारतीय समयानुसार सुबह 5:44 बजे) वेंचांग सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से प्रक्षेपित किया गया। लगभग 10 मिनट बाद, तियानझोउ-10 ने यान से सफलतापूर्वक पृथक्करण किया और अपने निर्धारित कक्षा में प्रवेश किया। बयान में कहा गया कि यह प्रक्षेपण सफल रहा।

अंतरिक्ष यान में बाहरी अंतरिक्ष गतिविधि के लिए एक स्पेससूट, अंतरिक्ष यात्रियों के रहने के लिए आवश्यक सामग्री, ईंधन और प्रयोगात्मक उपकरण हैं। यह यान बाद में तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन से डॉक करेगा। यह प्रक्षेपण चांग झेंग ('लॉन्ग मार्च') शृंखला के 641वें और तियांगोंग परियोजना के 39वें प्रक्षेपण का

■ लगभग 10 मिनट बाद तियानझोउ-10 ने यान से सफलतापूर्वक पृथक्करण किया और अपने निर्धारित कक्षा में प्रवेश किया
■ स्टेशन के प्राथमिक संयोजन का निर्माण तीन नवम्बर 2022 को पूरा हुआ

प्रतीक है। चीन ने तियांगोंग राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण 29 अप्रैल 2021 को शुरू किया, जब तियान्हे मुख्य मॉड्यूल सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया गया। स्टेशन के प्राथमिक संयोजन का निर्माण तीन नवम्बर 2022 को पूरा हुआ। तियांगोंग स्टेशन की मौजूदा टी-आकार संरचना में तियान्हे मुख्य मॉड्यूल और इसके साथ जुड़े दो प्रयोगशाला मॉड्यूल, वेंतियान और मेंगतियान शामिल हैं। तीनों मॉड्यूल का संयुक्त वजन लगभग 69 टन है। स्टेशन का कुल आवासीय स्थल लगभग 110 घन मीटर है और इसमें एक समय में तीन अंतरिक्ष यात्री समायोजित कर सकता है या क्रू रोटेशन के दौरान छह लोग रह सकते हैं।

## चीनी कंपनियों पर अमेरिका के प्रतिबंध अवैध: चीन

**बीजिंग।** चीन ने ईरान से संबंध होने के कारण चीनी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने के अमेरिका के फैसले का विरोध करते हुए नई नीतियों को 'अवैध' एवं अंतर्राष्ट्रीय कानून का विरोधी करार दिया।

चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुए जियाकुन ने सोमवार को कहा कि चीन अमेरिका द्वारा थोपे गए एकतरफा प्रतिबंधों को नकारता है और ये संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त नहीं है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के वित्त मंत्रालय ने चीन और हांगकांग की कंपनियों एवं लोगों पर ईरान की सेना की सहायता करने का आरोप लगाते हुए उन पर प्रतिबंध लगाए हैं। इस सूची में शामिल 12 लोगों एवं कंपनियों पर आरोप है कि उन्होंने ईरान की सेना के इस्तेमाल के लिए हथियार एवं तकनीक खरीदी हैं। उन्होंने कहा कि

■ जहां तक ईरान की स्थिति का सवाल है, चीन ने बार-बार इस पर अपना दृढ़ रुख स्पष्ट किया है: गुओ

बीजिंग लगातार चीनी कंपनियों से यह अपेक्षा करता है कि वे कानूनों और नियमों के अनुसार ही अपना कारोबार करें, और वह चीनी उद्यमों के वैध अधिकारों और हितों की पूरी मजबूती से रक्षा करने का इरादा रखता है। गुओ ने कहा कि जहां तक ईरान की स्थिति का सवाल है, चीन ने बार-बार इस पर अपना दृढ़ रुख स्पष्ट किया है। इस समय सबसे जरूरी काम यह है कि युद्ध को फिर से शुरू होने से रोकने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएं, न कि इस संघर्ष का दुर्भावनापूर्ण इस्तेमाल करके दूसरे देशों को बदनाम किया जाए।

# ईरान का क्षेत्रीय प्रॉक्सी समूहों को समर्थन जारी: नेतन्याहू

### ईरान के साथ युद्ध तब तक खत्म नहीं होगा, जब तक परमाणु मुद्दों का समाधान नहीं हो जाता

**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दोहराया है कि ईरान के साथ युद्ध तब तक 'खत्म नहीं होगा', जब तक कि प्रमुख रणनीतिक मुद्दों का समाधान नहीं हो जाता जिनमें ईरान के संवर्धित यूरेनियम के भंडार को हटाना, परमाणु केंद्रों को नष्ट करना और ईरान के क्षेत्रीय प्रभाव पर अंकुश लगाना शामिल है।

सीबीएस न्यूज के कार्यक्रम '60 मिनट्स' को दिए साक्षात्कार में नेतन्याहू ने कहा कि यह अभी खत्म नहीं हुआ है, क्योंकि अब भी वहां परमाणु सामग्री और संवर्धित यूरेनियम मौजूद है। इसे ईरान से बाहर निकालना होगा। अब भी वहां संवर्धन केंद्र हैं, जिन्हें नष्ट करना बाकी है। उन्होंने कहा कि ईरान क्षेत्रीय प्रॉक्सी समूहों का समर्थन



■ ईरान क्षेत्रीय प्रॉक्सी समूहों का समर्थन करना जारी रख रहा है और अपनी बैलिस्टिक मिसाइल क्षमताओं को बढ़ा रहा है

करना जारी रख रहा है और अपनी बैलिस्टिक मिसाइल क्षमताओं को बढ़ा रहा है। अमेरिका-इजरायल के ईरान पर किए गए हमलों के बाद हुई प्रगति को स्वीकार करते हुए नेतन्याहू ने इस बात पर जोर दिया कि अब भी बड़ी चुनौतियां बनी हुई हैं, विशेष रूप से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर। उन्होंने सुझाव दिया कि किसी भी व्यावहारिक व्यवस्था के तहत संवर्धित यूरेनियम को वहां से से हटाना होगा। उन्होंने कहा कि अगर आपके पास कोई समझौता है और आप अंदर जाकर उसे बाहर निकाल लेते हैं, तो क्यों नहीं? यही सबसे अच्छा तरीका है। नेतन्याहू इस बात से सहमत हैं कि समझौता होना चाहिए, लेकिन परमाणु मुद्दा समझौता-योग्य नहीं है। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब अमेरिका का रुख है कि किसी भी व्यापक शांति ढांचे के तहत ईरान को यूरेनियम संवर्धन पूरी तरह से रोकना होगा।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हाल ही में शांति प्रस्ताव पर ईरान की नवीनतम प्रतिक्रिया को 'पूरी तरह से अस्वीकार्य' बताया था। वहीं ईरान ने संवर्धन को पूरी तरह से रोकने की मांगों को खारिज कर दिया है। खबरों के अनुसार, ईरानी अधिकारियों ने अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम के भंडार को कम करने और अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था के तहत कुछ सामग्री को किसी तीसरे देश में स्थानांतरित करने का सुझाव दिया है। नेतन्याहू ने एक संभावित दृष्टिकोण की रूपरेखा भी पेश की है। इसमें कूटनीति अगर विफल रहती है तो संवर्धित यूरेनियम को भौतिक रूप से हटाया जा सकता है, लेकिन उन्होंने 'सैन्य विकल्पों' का खुलासा करने से इनकार कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान ने सीमित अवधि के लिए संवर्धन स्थगित करने की इच्छा जताई है, हालांकि यह अमेरिका के प्रस्तावित 20 साल के प्रतिबंध की तुलना में कम अवधि के लिए है। साथ ही ईरान ने अपने परमाणु बुनियादी ढांचे को नष्ट करने की बात को खारिज कर दिया है।

## टर्किश एयरलाइंस के लैंडिंग गियर में लगी आग

**काठमांडू।** टर्किश एयरलाइंस के एक विमान के लैंडिंग गियर में आग लगने की घटना के बाद सोमवार सुबह नेपाल के त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को लगभग 98 मिनट तक के लिए बंद रखा गया, जिससे घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ान सेवाएं प्रभावित हुईं। नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के सहायक प्रवक्ता ज्ञानेंद्र भुल के अनुसार सुबह 6:34 बजे विमान के दाहिने मुख्य लैंडिंग गियर में आग लगने के बाद हवाईअड्डे पर उड़ान संचालन रोक दिया गया था।

## कुब्रा सैत ने फिल्म 'रेडी' से की बड़ी शुरुआत



**मुंबई।** अभिनेत्री कुब्रा सैत आज भले ही 'सैक्रेड गेम्स' में अपने यादगार किरदार 'कुकू' के लिए जानी जाती हों, लेकिन एक समय ऐसा भी था जब वह मुंबई में अपनी पहचान बनाने के लिए संघर्ष कर रही थीं। हाल ही में एक वीडियो में कुब्रा सैत ने अपने करियर के शुरुआती दिनों को याद करते हुए बताया कि उन्हें किस तरह फिल्म 'रेडी' में अपना पहला मौका मिला। इस फिल्म का निर्देशन अनीस बघ्मी ने किया था और इसमें मुख्य भूमिका में थे सलमान खान। कुब्रा ने बताया कि उन्होंने इस रोल के लिए एक छोटी ब्लैक ड्रेस पहनकर ऑडिशन दिया था और बेसब्री से अनीस बज्मी के ऑफिस में उनके अप्रूवल का इंतजार कर रही थीं। शुरुआत में फिल्म में उनके किरदार के लिए कोई डायलॉग नहीं था और उन्हें एक मेड का रोल दिया गया था। लेकिन बाद में सलमान खान ने सुझाव दिया कि उनके किरदार को थोड़ा मजेदार बनाया जाए और वह टूटी-फूटी अंग्रेजी बोले। अनीस बज्मी को सलमान खान यह आइडिया काफी पसंद आया और इसी वजह से कुब्रा के किरदार में डायलॉग्स जोड़े गए।

### सीनी सब के यादें में अहम भूमिका निभाएगी डेलनाज ईरानी

**मुंबई।** अभिनेत्री डेलनाज ईरानी सोनी सब के शो यादें में अहम भूमिका निभाएगी। सोनी सब का शो यादें अपनी भावनात्मक कहानी और गहराई से बुने किरदारों के सफर के साथ दर्शकों को लगातार जोड़े हुए है। चल रही कहानी में एक नया दिलचस्प मोड़ जोड़ते हुए, अनुभवी अभिनेत्री डेलनाज ईरानी शो में खास भूमिका निभाने जा रही हैं। अपनी यादगार परफॉर्मेंस और जीवंत स्क्रीन प्रेजेंस के लिए मशहूर डेलनाज ईरानी का 'चांदनी' के रूप में शो में आना कहानी को एक नया आयाम देने वाला है। कभी लाखों लोगों की चहेती रही चांदनी आज भी अपने ग्लैमर, शोहरत और चाहने वालों की दुनिया में जीती है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से
Since 2010
M.B.B.S. ABROAD
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)